सुनहरा संसार ग्रुप न्यूज़ नेटवर्क



राघवेंद्र सिंह चाहौन
प्रधान संपादक सुनहरा संसार
9412162614

यदि कोई अधिकारी/ सरकारी कर्मचारी आपका संवैधानिक दोहन करता है। या रिश्वत की मांग करता है बार-बार ऑफिस के चक्कर लगवाता है। तो आप सुनहरा संसार को बताएं हम आपकी बात प्रदेश के मुखिया / देश के मुखिया भारत के मुख्य न्यायाधीश महोदय तक पहुंचाएंगे। सुनहरा संसार उस भ्रष्टाचारी के काले कारनामे जनता के सामने उजागर करेंगे न्याय की दहलीज तक पहुंचाएंगे अंतिम छोर तक संघर्ष करेंगे

सुनहरा संसार ग्रुप न्यूज़ नेटवर्क
नई दिल्ली भारत

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

सुनहरा संसार

DAVP No. 0810F21125/005 RNI No. UPHIN/2005/24731 Email. sunahara.sansar@gmail.com

वर्ष 19, अंक-363, सोमवार , 16 नवंबर 2026, पृष्ठ - 12, मूल्य - 5 रुपए, आगरा एवं गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

प्रयागराज, लखनऊ, आगरा, संस्करण उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान में पढ़े जाने वाला समाचार पत्र

सीएम योगी ने अपने कार्यकाल का दिया हिसाब, बोले- साढ़े नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी

लखनऊ

युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 25 लाख टैबलेट वितरण अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लखनऊ मंडल के लखनऊ, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव के 300 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों के 50 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं और प्रशिक्षणार्थियों को टैबलेट वितरित किए। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन टैबलेट में इन्फोसिस के सहयोग से 18 हजार से अधिक पाठ्यक्रमों की निशुल्क अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई है। योग से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डीप टेक जैसे आधुनिक विषयों की पढ़ाई के साथ युवाओं को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश सरकार ने साढ़े नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। आगामी 26 जनवरी तक एक लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र देने की तैयारी है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को टैबलेट का महत्व समझाते हुए कहा कि यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि उनका भविष्य सुरक्षित करने की कुंजी है। इसका इस्तेमाल ज्ञान, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के लिए होना चाहिए। डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़कर देश-दुनिया की जानकारी हासिल करें और अपने कौशल को विकसित करें। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं की जरूरत और मांग के अनुरूप अपनी नीति में बदलाव करते हुए स्मार्टफोन के स्थान पर टैबलेट उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। सीएम योगी ने बताया कि टैबलेट में युवा साथी ऐप के माध्यम से युवाओं को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी मिलेगी। इसमें छात्रवृत्ति,



मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पीएम इंटर्नशिप, सीएम इंटर्नशिप, सीएम युवा और पीएम मुद्रा योजना जैसी योजनाएं उपलब्ध हैं। इन्फोसिस के सहयोग से 18 हजार से अधिक निशुल्क पाठ्यक्रम भी दिए गए हैं। युवा अपनी रुचि के अनुसार योग, गणित, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डीप टेक और अन्य विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रतिवर्ष दो लाख से अधिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) के स्नातक तैयार कर रहा है। इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। टाटा, सैमसंग, हिंदुजा और एचसीएल जैसी वैश्विक कंपनियां प्रदेश के युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षित करने में सहयोग कर रही हैं।

बिरसा मुंडा की जयंती पर युवाओं को याद दिलाई ताकत

मुख्यमंत्री ने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने का औचित्य बताते हुए कहा कि महज 25 वर्ष की उम्र में बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश हुकूमत की चूलें हिला दी थीं और देश की स्वाधीनता का शंखनाद किया था। मातृभूमि, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए उन्होंने संघर्ष किया। आज उसी संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप नए भारत के निर्माण की दिशा में काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत के सबसे बड़े आध्यात्मिक युवा आइकॉन हैं। उनके नाम पर ही युवा सशक्तीकरण अभियान शुरू किया गया। 25 दिसंबर 2021 को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर इस योजना की शुरूआत हुई थी। उस समय कोरोना महामारी के कारण पढ़ाई और परीक्षाएं प्रभावित हो रही थीं। सरकार ने तय किया कि महामारी के बावजूद विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षाओं में व्यवधान नहीं आने दिया जाएगा। इसी उद्देश्य से दो करोड़ युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। पहले चरण में 60 लाख विद्यार्थियों को उपकरण वितरित किए जा चुके हैं। सीएम योगी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र है। देश की करीब 56 प्रतिशत आबादी युवा है, जबकि उत्तर प्रदेश में युवाओं की हिस्सेदारी 56 से 60 प्रतिशत तक है। उन्होंने भगवान राम, भगवान कृष्ण, महात्मा बुद्ध, आदि शंकराचार्य, अभिमन्यु, गुरु गोविंद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद और अन्य क्रांतिकारियों के उदाहरण देकर युवाओं को संकल्प और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया।

'पिछली सरकारों ने न आदिवासियों को समझा और न ही उनकी परवाह की' - पीएम मोदी

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने करीब 3,000 करोड़ रुपये की लागत वाली 246 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य देशभर में आदिवासी समुदायों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार के साधनों और सामुदायिक बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है।

प्रधानमंत्री ने 173 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें आदिवासी छात्रों के लिए 38 एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल (EMRS) और प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत बनाए गए 100 बहुउद्देशीय केंद्र शामिल हैं। ये केंद्र सरकारी सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने और सामुदायिक गतिविधियों के संचालन में मदद करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने पीएम-जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कई अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने न तो आदिवासी समुदायों को समझा और न ही उनकी परवाह की। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देशभर के आदिवासी समुदाय के लोगों से बातचीत करते हुए यह बात कही। यह कार्यक्रम आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के मौके पर आयोजित किया गया। इस दौरान आदिवासी समुदाय के लोगों ने प्रधानमंत्री को बताया कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से उन्हें किस तरह फायदा मिला है। प्रधानमंत्री ने गुजरात के भरूच जिले की नेत्रंग तहसील के हथाकुंडी गांव के वजीर से गुजरात सरकार की 'न्यू गुजरात पैटर्न योजना' को लेकर बातचीत की। उन्होंने वजीर से पूछा कि आदिवासी समुदाय को पहले किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता था और इस योजना से उनकी जिंदगी में क्या



बदलाव आया है। वजीर ने कहा, '2004 में मुझे गुजरात सरकार की न्यू गुजरात पैटर्न योजना के तहत ट्रेनिंग मिली थी। इसमें मुझे बांस से चीजें बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। मुझे पीएम-जनमन के तहत कई अन्य योजनाओं का भी लाभ मिला है। मैं आपका, गुजरात सरकार और आपके नेतृत्व वाली भारत सरकार का दिल से धन्यवाद करता हूं।' इस पर पिछली यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'वजीर जी, आपको पता होगा कि अंग्रेजों ने एक बड़ी चाल चलते हुए बांस को पेड़ की श्रेणी में रख दिया था। इसके कारण जो भी बांस काटता था, उसे जेल में डाल दिया जाता था। आजादी के बाद इस कानून को खत्म कर देना चाहिए था। लेकिन अफसोस की बात है कि पिछली सरकारों में कुछ लोगों ने न तो आदिवासी समुदायों को समझा और न ही उनकी परवाह की।' उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन जब हमारी सरकार सत्ता में आई, तो हमने इस कानून को खत्म कर दिया और यह सुनिश्चित किया कि आदिवासियों को बांस पर पूरा अधिकार मिले।' महाराष्ट्र के यवतमाल के रहने वाले और पीएम-जनमन योजना के लाभार्थी कृष्णा नागोराव टेका ने भी प्रधानमंत्री से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, 'पहले हमें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। बारिश के मौसम में हमारे घर में रहना बहुत मुश्किल हो जाता था। कीड़े-मकोड़ों की वजह से भी परेशानी होती थी। लेकिन अब पीएम-जनमन योजना के तहत हमें पक्का घर, शौचालय और दूसरी सुविधाएं मिली हैं। अब हमें उन परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। इसके लिए हम आपके बहुत आभारी हैं।'

'भ्रष्टाचार उजागर करने वालों को सुरक्षा मिले': संजीव का कोर्ट से आग्रह; क्यों लागू नहीं हुआ 2014 का कानून?

नई दिल्ली



मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के अधिकारी संजीव चतुर्वेदी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने व्हिसलब्लोअर्स यानी भ्रष्टाचार का खुलासा करने वालों की सुरक्षा का आग्रह किया है। उन्होंने इस मामले में उचित दिशा-निर्देश बनाने का भी आग्रह किया है। उनका कहना है कि इसके लिए एक कानूनी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। संजीव चतुर्वेदी ने अपनी याचिका में कहा, 2014 में एक कानून बनाया गया था। लेकिन इसे अब तक लागू नहीं किया गया है। इस वजह से सांविधानिक और कानूनी स्तर पर एक खाली जगह बन गई है। यानी ऐसे लोगों की सुरक्षा के लिए जरूरी व्यवस्था मौजूद नहीं है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से इस कमी को दूर करने के लिए उचित दिशा-निर्देश बनाने का आग्रह किया है। संजीव चतुर्वेदी पहले भी भ्रष्टाचार के कई मामलों का खुलासा कर चुके हैं। इसके बाद उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों ने उनके खिलाफ कई मामले दर्ज कराए। अलग-अलग राज्य सरकारों ने भी उनके खिलाफ कार्रवाई की। उन्होंने लंबित याचिका में अपनी अर्जी दाखिल की है। इसमें उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण उनके खिलाफ लगातार संस्थागत कार्रवाई हो रही है।

'शाम तक खत्म हो जाएगा ड्रामा': एनसीपी के विलय की अटकलों पर संजय राउत ने कसा तंज

मुंबई, महाराष्ट्र

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के विलय को लेकर चल रही अटकलों पर शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने भी सवाल उठाए हैं। एनसीपी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले के विलय की चर्चाओं को खारिज करने के बाद राउत ने भी इसी तरह का रुख अपनाया। उन्होंने दावा किया कि शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी ही असली एनसीपी है, जबकि दूसरा गुट अमित शाह की पार्टी का हिस्सा है। राउत ने कहा कि विलय का यह पूरा ड्रामा शाम तक खत्म हो जाएगा। पत्रकारों से बातचीत में संजय राउत ने कहा, 'दोनों एनसीपी के बीच विलय का खेल चल रहा है। असल में एक ही असली एनसीपी है, जिसका नेतृत्व शरद पवार कर रहे हैं। दूसरा गुट



अमित शाह की पार्टी का है।' उन्होंने कहा कि शरद पवार और सुप्रिया सुले अमित शाह की एनसीपी के साथ नहीं जाएंगे। राउत ने दोनों गुटों की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि एक गुट सत्ता में बने रहने के लिए संघर्ष कर रहा है, जबकि दूसरा सत्ता में आने की कोशिश कर रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के फोन टैपिंग के आरोपों पर राउत ने कहा, 'इस देश में और क्या हो सकता है? सत्ता में एक डरा हुआ तानाशाह बैठा है। जब कोई तानाशाह डरता है, तो वह अपने विरोधियों के फोन टैप करता है, उन पर नजर रखता है और उनका पीछा करने के लिए पुलिस वालों को तैनात कर देता है। राहुल गांधी को तो छोड़िए, पीएम मोदी तो राष्ट्रपति, राजनाथ सिंह, अमित शाह, देवेंद्र फडणवीस, योगी आदित्यनाथ और बाकी सभी के फोन भी टैप करवा रहे होंगे। वे हमारे फोन टैप करते रहेंगे, लेकिन इससे कुछ हासिल नहीं होगा। जिन्हें फोन टैपिंग से डर लगता है, वे फोन पर सरकार को गालियां देते रहें। वे सुनते रहेंगे।' संजय राउत ने दोनों गुटों के नेताओं के बीच बैठक होने की खबरों को भी गलत बताया। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को ऐसी कोई बैठक नहीं हुई थी। सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल की मुलाकात की खबरें भी सही नहीं हैं।

कनाडा में सैन्य अभ्यास के दौरान लगी थी आग: पांचवें सैनिक की भी मौत; पीएम बोले- शांति-कालीन त्रासदी

एडमंटन



कनाडा की सेना को एक बहुत बड़ा झटका लगा है, जहां पिछले महीने मिलिट्री ट्रेनिंग के दौरान घास की आग की चपेट में आने से घायल हुए पांचवें कनाडाई सैनिक ने भी दम तोड़ दिया है। कनाडाई सशस्त्र बलों ने शनिवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि प्राइवेट विलियम डगलस डल बियान्को ने शुक्रवार को ओन्टारियो के एक अस्पताल में इलाज के दौरान आखिरी सांस ली। अल्बर्टा स्थित कनाडाई फोर्सेस बेस वेनराइट में 17 अक्तूबर को यह दर्दनाक हादसा हुआ था, जिसके बाद से लगातार उनका इलाज चल रहा था।

अचानक कैसे भड़की थी आग?

अल्बर्टा के एडमॉन्टन से दक्षिण-पूर्व में स्थित इस सैन्य बेस पर तीसरे बटालियन के करीब 84 सैनिक अपनी अटैक ट्रेनिंग में जुटे हुए थे। इसी दौरान अचानक चली तेज हवाओं ने एक सामान्य सी घास की आग को इतना भड़का दिया कि लपटें तेजी से सीधे सैनिकों की तरफ बढ़ने लगीं। सेना की तरफ से शनिवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, इस भीषण हादसे में घायल हुए 24 सैनिक अभी भी अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं और अपनी जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने दी बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि प्राइवेट डल बियान्को और उनके सभी साथी देश की रक्षा के लिए ट्रेनिंग ले रहे थे। उनके सामने अभी एक शानदार और सुनहरा भविष्य था, लेकिन उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर हमारे भविष्य को सुरक्षित करने का रास्ता चुना। प्रधानमंत्री ने इस दिल दहला देने वाली घटना को कनाडाई सेना के इतिहास में देश की धरती पर हुई सबसे बुरी शांति-कालीन त्रासदियों में से एक करार दिया है। इस भयानक हादसे में जान गंवाने वाले अन्य सैनिकों में प्राइवेट शॉन फैरेल, प्राइवेट एडेन गोल्डिंग, प्राइवेट हेडन लिक्केमार्क और सार्जेंट मॉर्गन वोंग शामिल हैं।

जांच में जुटी मिलिट्री पुलिस और बोर्ड ऑफ इन्क्वायरी

इस पूरी त्रासदी के बाद से सेना के भीतर हड़कंप मचा हुआ है। इसकी तह तक जाने के लिए उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है। मिलिट्री पुलिस इस बात की गहराई से छानबीन कर रही है कि आखिर किन हालात और लापरवाही की वजह से यह घास की आग इतनी खतरनाक रूप ले पाई। इसके साथ ही, एक अलग मिलिट्री बोर्ड ऑफ इन्क्वायरी का भी गठन किया गया है, जो इस पूरी घटना की बारीकी से समीक्षा करेगा और भविष्य में इस तरह के हादसों को रोकने के लिए ठोस उपाय और सिफारिशें सुझाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले रिंकू सिंह: शादी में आने का दिया निमंत्रण, मांगा आशीर्वाद; परिवार भी रहा साथ

नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज के साथ होने वाले अपने विवाह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया है। शादी से पहले रिंकू ने पीएम मोदी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। रिंकू ने अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री से मुलाकात कर व्यक्तिगत रूप से उन्हें निमंत्रण दिया। मुलाकात की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए रिंकू ने अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और इसे अपने परिवार के लिए एक विशेष क्षण बताया। रिंकू ने रविवार को इंस्टाग्राम पर पीएम मोदी के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर उन्हें अपनी शादी में आमंत्रित कर और उनका आशीर्वाद पाकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह हमारे लिए सचमुच एक बहुत ही खास पल है।' शादी की तैयारियां तेज हो चुकी हैं और समारोह से पहले रिंकू तथा उनका परिवार कई प्रमुख हस्तियों तक पहुंच रहा है। इससे पहले, इस क्रिकेटर के परिवार ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी शादी का निमंत्रण दिया था। रिंकू की मां बीना देवी, भाई सोनू सिंह और बहन नेहा सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री के आवास का दौरा किया और उन्हें व्यक्तिगत रूप से शादी का निमंत्रण कार्ड सौंपा था। परिवार ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को चार दिसंबर को लखनऊ में होने वाले इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। रिंकू और प्रिया सरोज की शादी लखनऊ में होगी और दोनों परिवारों ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस शादी में क्रिकेट और राजनीति की दुनिया से कई प्रमुख हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है।

'अजित पवार के नाम पर हो पुणे रिंग रोड': रोहित पवार की अमित शाह से अपील

पुणे

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह किया कि महाराष्ट्र के पूर्व उप मुख्यमंत्री अजित पवार की मौत की सीबीआई जांच की घोषणा की जाए। साथ ही पुणे रिंग रोड का नाम भी अजित पवार के नाम पर रखा जाए। अमित शाह रविवार से दो दिन के पुणे दौरे पर हैं। अजित पवार का इस साल 28 जनवरी को पुणे जिले के बारामती में एक विमान हादसे में निधन हो गया था। रोहित पवार ने एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने बताया कि अमित शाह सोमवार को पुणे जिला परिषद कार्यालय में अजित पवार की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। रोहित पवार ने जिला परिषद के उन नेताओं का धन्यवाद किया, जिन्होंने अजित पवार की प्रतिमा लगाने के फैसले का समर्थन किया था।



लेकिन उन्होंने एक सवाल भी उठाया। उन्होंने पूछा कि राज्य सरकार में मंत्री पद का लाभ उठा रहे नेता पुणे रिंग रोड का नाम अजित पवार के नाम पर रखने की मांग क्यों नहीं कर रहे हैं? इन नेताओं को अजित पवार का समर्थन मिला था। रोहित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के विकास में अजित पवार का योगदान बहुत अहम था। उन्होंने एक दशक से ज्यादा समय तक पुणे जिले के पालक मंत्री के रूप में काम किया था। विपक्षी शरद पवार गुट की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक रोहित पवार ने सवाल उठाया कि क्या कुछ लोग एक बड़ी परियोजना का नाम अजित पवार के नाम पर रखने के खिलाफ हैं? उन्होंने कहा कि सिर्फ प्रतिमा का अनावरण करना अजित पवार के योगदान का सम्मान करने के लिए काफी नहीं होगा। रोहित पवार ने कहा, यह बेहतर होगा कि अमित शाह पुणे रिंग रोड का नाम अजित पवार के नाम पर रखने और उनकी मौत की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का एलान करें। ऐसा नहीं होने पर हम अजित पवार की पुण्यतिथि पर बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। हमारी मांग होगी कि सड़क का नाम उनके नाम पर रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यह पता लगाने की कोशिश जारी रहेगी कि अजित पवार की मौत एक हादसा थी या कोई 'साजिश'।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बोले- भाजपा का मूल संकल्प सबका साथ, सबका विकास; सपा पर साधा निशाना

बरेली



बरेली में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा का मूल संकल्प सबका साथ, सबका विकास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार इसी संकल्प के साथ काम कर रही है। गरीबों के कल्याण, युवाओं के सशक्तीकरण, महिलाओं के सम्मान और देश की सुरक्षा को सरकार ने प्राथमिकता दी है। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में बरेली की सभी नौ और मंडल की सभी 25 सीटों पर भाजपा को जिताने का आह्वान किया। रविवार को एमएलसी बहोरन लाल मौर्य की ओर से एमबी इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में उपमुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। केशव मौर्य ने कहा कि सपा के शासनकाल में प्रदेश में अपराधियों और माफिया का मनोबल बढ़ा हुआ था। पुलिस भी अपराधियों से भयभीत रहती थी। भाजपा सरकार में अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है और अपराधियों को संरक्षण देने के बजाय उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्के मकान दिए जा रहे हैं। किसान सम्मान निधि के माध्यम से करोड़ों किसानों को आर्थिक सहायता मिल रही है। मुफ्त राशन और आयुष्मान भारत योजना से गरीब परिवारों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की पहल से आर्थिक रूप से मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इन योजनाओं से बड़ी संख्या में लोगों के जीवन में बदलाव आया है। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि पहले आतंकवादी हमलों के बाद भारत की प्रतिक्रिया सीमित रहती थी, लेकिन अब सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि भारत अब आर्थिक और सामरिक रूप से मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में तनाव के कारण तेल और गैस की कीमतों पर दबाव है, लेकिन केंद्र सरकार ने देश में आम लोगों को राहत देने के प्रयास किए हैं। भारत की अंतरराष्ट्रीय स्थिति भी मजबूत हुई है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महापुरुषों और आदिवासी समाज के सम्मान के लिए काम कर रही है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं सांसद छत्रपाल गंगवार, नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार और महापौर उमेश गौतम का अभिनंदन किया गया।

सम्पादकीय

लाइब्रेरी की अलमारियों में फर्जी किताबें, तमिलनाडु पुस्तकालय विवाद पर मद्रास हाई कोर्ट सख्त



तमिलनाडु के सरकारी पुस्तकालयों में लेखकों के नाम पर नकली किताबें और खरीद में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। मद्रास हाई कोर्ट ने इसे गंभीर मानकर उच्चअउ जांच के आदेश दिए हैं। पुस्तकालय किसी समाज की बौद्धिक चेतना का आधार होते हैं। वहां रखी किताबें केवल कागज के पन्ने नहीं, बल्कि पीढ़ियों के अनुभव, विचार, शोध और ज्ञान का संचित रूप होती हैं। ऐसे में अगर पुस्तकालय की अलमारियों में ही नकली किताबें पहुंचने लगें, तो पाठकों पर क्या असर पड़ेगा? तमिलनाडु के सरकारी पुस्तकालयों का यह मामला बेहद चिंताजनक है। मद्रास हाई कोर्ट के सामने आया कि मदुरै के कलैगनार सेंटेनरी पुस्तकालय में ह्यडेमोक्रेसी एंड पीपुल्स राइट इन द कंटेम्परारी वर्ल्डह्ल नाम की पुस्तक अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज के नाम से रखी थी, जबकि उन्होंने उसे फर्जी बताया। चर्चित तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्यम भारती, जिन्हें भारथियार भी कहा जाता है, के नाम से भी ऐसी रचनाएं मिलीं, जिनका लेखन उनसे जोड़ना गलत था। अदालत ने इस बात पर वाजिब चिंता जताई है और इसे पाठकों के गुणवत्तापूर्ण जानकारी पाने के अधिकार का उल्लंघन माना है। अदालत ने सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) को प्राथमिकी दर्ज करने, संदिग्ध पुस्तकों को हटाने और जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान करने का निर्देश दिया। दरअसल, यह प्रकरण कुछ नकली किताबों तक सीमित नहीं है। लेखक पेरुमल मुरुगन ने कोयंबटूर के पेरियार अरिवुलागम के लिए पुस्तकों की खरीद में कथित बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की ओर ध्यान खींचा था। जांच में नकली पुस्तकों की खरीद के आरोप भी हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि पुस्तक चयन में गुणवत्ता, प्रामाणिकता और जवाबदेही से समझौता नहीं किया जा सकता। शोधार्थी और जिज्ञासु पाठक पुस्तकालयों में इसलिए जाते हैं कि उन्हें प्रामाणिक सामग्री मिलेगी, अध्ययन को आधार मिलेगा और समझ विकसित होगी। वे हर पुस्तक के लेखक, तथ्य और संदर्भ की अलग से जांच नहीं कर सकते। पुस्तकालय की मुहर उनके लिए भरोसे का संकेत होती है। जरूरी है कि खरीद प्रक्रिया पारदर्शी हो, पुस्तकों और लेखकों का स्वतंत्र सत्यापन किया जाए, चयन समितियों की जवाबदेही तय हो और दोषियों पर कार्रवाई हो। पुस्तकालयों की अलमारियां कागज से भरना उपलब्धि नहीं। वहां सत्य, विचार और प्रामाणिक ज्ञान होना जरूरी है। नकली किताबें पाठकों के साथ धोखा और समाज की ज्ञान-व्यवस्था तथा संस्कृति पर भी चोट हैं। दुनिया भर में इस बात पर सहमति है कि अगर बढ़ते वैश्विक ताप के मसले पर जल्दी ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो व्यापक स्तर पर इसके खमियाजे किसी न किसी रूप में सभी देशों को उठाने पड़ेंगे। जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भागीदारी करने वाले सभी देश इस पर गहरी चिंता जताते हैं। मगर हकीकत यह है कि बीते कई दशकों से लगातार वैश्विक ताप में इजाफे के कारणों और हल के उपायों पर सिर्फ चर्चा ही होती रही है।

आगरा स्वस्थ समाज ही विकसित भारत की नीव - योगेंद्र उपाध्याय

- विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में चिकित्सकों की भूमिका सबसे अहमः योगेंद्र उपाध्याय
- विकसित भारत में चिकित्सकों का योगदान विषय पर विचार-गोष्ठी का आयोजन
- शहर के दिग्गज चिकित्सकों ने साझा किए विचार

सुनहरा संसार आगरा अंजना कुलकर्णी कैलाश वर्मा

आगरा। एक सशक्त और विकसित राष्ट्र के निर्माण में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के उद्देश्य से शनिवार को जयपुर हाउस स्थित जैन स्मृति भवन में ह्यविकसित भारत में चिकित्सकों का योगदानह्ल विषय पर एक भव्य विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय उपस्थित रहे। इस अवसर पर शहर के चिकित्सा जगत की कई नामचीन हस्तियों ने मंच साझा किया और स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक सुलभ बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी संदेश जैन ने किया '

स्वस्थ समाज ही विकसित राष्ट्र की नींवः कैबिनेट मंत्री

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दीप





प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति का सीधा संबंध उसके नागरिकों के स्वास्थ्य से होता है। उन्होंने कहा कि जब देश का हर नागरिक स्वस्थ होगा, तभी भारत विश्व गुरु और विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा। कोरोना काल से लेकर आज तक चिकित्सकों ने जिस समर्पण और सेवा भाव से कार्य किया है, वह समाज के लिए प्रेरणादायक है। सरकार भी चिकित्सा क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और चिकित्सकों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार और सेवा भाव जरूरी: डॉ. सुनील शर्मा

कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुनील शर्मा और डॉ. अनुपमा शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. सुनील शर्मा ने विचार-गोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज भारत चिकित्सा पर्यटन और आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए हमें आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के साथ-साथ ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचानी होंगी। चिकित्सकों का यह नैतिक दायित्व है कि वे सेवा को सर्वोपरि रखते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक उपचार सुनिश्चित करें।

विकसित भारत के स्वप्न को साकार करेगा चिकित्सकों का मिशन डॉ अनुपमा शर्मा

विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करने में चिकित्सकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और अपरिहार्य है। एक स्वस्थ समाज ही समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र की नींव रख सकता है। आज हमारे चिकित्सक न केवल आधुनिक चिकित्सा तकनीक और नवाचारों को अपना रहे हैं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए भी पूरी निष्ठा से समर्पित हैं। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की गरिमामय उपस्थिति ने चिकित्सा जगत के इस सेवा भाव को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान की है। यह विचार-गोष्ठी नीति निमार्ताओं और चिकित्सकों के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बनी है, जो भविष्य की स्वास्थ्य नीतियों को नई दिशा देगी।

चिकित्सकों की एकजुटता से मजबूत होगी स्वास्थ्य व्यवस्थाः डॉ. पंकज नगायच

आईएमए (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) आगरा के अध्यक्ष डॉ. पंकज नगायच ने अपने वक्तव्य में चिकित्सकों की चुनौतियों और उनके समाधान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चिकित्सा पेशा केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है। डॉ. नगायच ने कहा कि यदि सरकार और चिकित्सा जगत मिलकर कार्य करें, तो स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने युवा चिकित्सकों से आह्वान किया कि वे शोध और नवाचार के माध्यम से देश को चिकित्सा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में अपना योगदान दें।

मंच पर इन दिग्गजों की रही उपस्थिति

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुनील शर्मा और डॉ. अनुपमा शर्मा के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस संगोष्ठी में शहर भर के वरिष्ठ चिकित्सकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के मंच पर आईएमए आगरा के अध्यक्ष डॉ. पंकज नगायच, एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निखिल चतुवेर्दी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जे.एन. टंडन, पूर्व स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. रामबाबू हरित,डॉ जेएन टंडन, डा अरुण चतुवेर्दी, डा आशीष गौतम, डॉक्टर पार्थ सारथी शर्मा, डा सुनील सवनानी, डा वी के अग्रवाल, डा ऐ.के. गुप्ता, डा. रतना, डा. कौशल सिह

और योगी जहाजनाथ सहित शहर के प्रमुख चिकित्सक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अनुपमा शर्मा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। विचार गोष्ठी कार्यक्रम का संचालन संदेश जैन ने किया '

सपा-कांग्रेस ने मुसलमानों को वोट बैंक बनाकर सत्ता हासिल की, भाजपा सरकार में सबका सम्मान और सबका विकास सुनिश्चित हुआ -- कुंवर बासित अली

मोदी-योगी सरकार की नीतियों में समाज के प्रत्येक वर्ग की तरक्की और सुरक्षा सर्वोपरि : राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

मुरादनगर। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा पश्चिम क्षेत्र, उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष हाजी जमालुद्दीन अल्वी (मालू) के स्वागत एवं पदभार ग्रहण समारोह का रविवार को ईदगाह रोड,करबला,मुरादनगर में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनस साजिद उस्मानी के प्रथम आगमन पर भी कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर बासित अली तथा विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी रहे। कार्यक्रम में भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल की गरिमामयी उपस्थिति रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने अपने संबोधन में कहा कि सपा और कांग्रेस ने लंबे समय तक मुसलमानों को केवल वोट बैंक समझकर इस्तेमाल करने की राजनीति की। इन दलों ने समाज के वास्तविक विकास,



शिक्षा, रोजगार और आर्थिक सशक्तीकरण के स्थान पर राजनीतिक लाभ को प्राथमिकता दी। इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचा रही हैं। भाजपा का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है। उन्होंने नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि संगठन की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाते हुए पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री अनस साजिद उस्मानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार की योजनाओं का लाभ बिना जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव के पात्र लोगों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने आम नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा का दायित्व है कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करते हुए सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाई जाए। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार केवल घोषणाओं की नहीं, बल्कि धरातल पर विकास करने वाली सरकार है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, आवास और रोजगार के क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सपा और कांग्रेस सरकारों के समय अल्पसंख्यक समाज को राजनीतिक नारों तक सीमित रखा गया, जबकि मोदी और योगी सरकार ने विकास को प्राथमिकता देकर समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। आज योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है और उत्तर प्रदेश विकास तथा कानून व्यवस्था के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। भाजपा प्रदेश मंत्री एवं मीडिया प्रभारी श्री यतेंद्र शर्मा ने कहा कि भाजपा का संगठन राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि और कार्यकर्ता ही संगठन की शक्ति के सिद्धांत पर काम करता है। पार्टी की विचारधारा समाज को जोड़ने और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकताओं को आपसी समन्वय और समर्पण के साथ काम करना चाहिए। मीडिया के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों और संगठन की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाना भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री नवाब सिंह नागर ने कहा कि भाजपा का मजबूत संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पश्चिम क्षेत्र में संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मिलकर कार्य करें। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि गाजियाबाद महानगर में पार्टी का संगठन निरंतर विस्तार कर रहा है। अल्पसंख्यक मोर्चा सहित सभी मोर्चों और प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पश्चिम क्षेत्र में अल्पसंख्यक मोर्चा नई संगठनात्मक ऊंचाइयां प्राप्त करेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मौलाना हमीदुल्लाह राजशाही ने कहा कि समाज में आपसी सद्भाव, भाईचारा और विकास की भावना को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। सभी को मिलकर समाज के उत्थान और राष्ट्र की प्रगति के लिए कार्य करना चाहिए। नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष हाजी जमालुद्दीन अल्वी (मालू) ने सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी,निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। पश्चिम क्षेत्र में अल्पसंख्यक मोर्चे के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना तथा पार्टी की नीतियों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट कदीम आलम ने किया। आयोजन में मुरादनगर शहर मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल एवं उनकी पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद भारतीय, मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल, मंडल अध्यक्ष विपिन चौधरी, मनोज शर्मा, प्रदीप चौधरी पार्षद नगर निगम गाजियाबाद एवं महानगर कार्यसमिति सदस्य भाजपा, आलिया सिद्दीकी, प्रवीण जैन, राकेश जैन, अरुण जैन, ऋषभ जैन सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदीप चौधरी पार्षद ने मीडिया संयोजक के रूप में प्रचार-प्रसार एवं मीडिया समन्वय की जिम्मेदारी निभाई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य के जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन

विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं अनिल आर्य-स्वामी आर्य वेश

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ दिल्ली। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य के जन्मोत्सव पर मुख्यालय आर्य समाज कबीर बस्ती पुरानी सब्जी मंडी दिल्ली में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य नेता ओम सपरा ने की व यज्ञ ब्रह्मा आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया पिंकी आर्य के मधुर भजन हुए।स्वामी आदित्य वेश वीरेन्द्र आहूजा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने कहा कि केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं। कार्यक्रम का संचालन अरुण आर्य ने किया प्रमुख रूप से कुंवर पाल शास्त्री,रामचंद्र सिंह माधव सिंह आर्य, विजय सपरा, नेत्र पाल आर्य, यज्ञ वीर चौहान, वेदप्रकाश आर्य, संजय आर्य, आस्था आर्या, सीमा ढींगरा, गोपाल आर्य, सुदेश भगत, देवेन्द्र गुप्ता, त्रिलोक शास्त्री आदि उपस्थित थे।



श्री हंस इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

मुरादनगर। श्री हंस इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महात्मा सत्य बोधानंद ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, प्रबंधक टी डी शर्मा , सह प्रबंधक आनंदी प्रसाद बाबूजी, व वरिष्ठ सदस्य अमरीश कुमार शर्मा ने सहयोग किया।कार्यक्रम का मंच संचालन एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ने किया। कार्यक्रम में श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर ,माता राजेश्वरी पब्लिक स्कूल ,व हंस प्राथमिक पाठशाला के छात्र छात्राओं ने रंगारंग



सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किये। समिति के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार टीटोरिया, उपाध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह, प्रबंधक त्रिवेणी दत्त शर्मा, सह प्रबंधन आनंदी प्रसाद बाबूजी ने श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, माता राजेश्वरी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती मंजूषा सोहर एवं हंस प्राथमिक पाठशाला के प्रधानाध्यापक रामनाथ को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया। तथा प्रबंध समिति ने सांस्कृतिक प्रोग्राम में अहम भूमिका निभाने वाली अध्यापिकाओं श्रीमती हेमलता शर्मा, श्रीमती नीरा चौधरी, श्रीमती स्वाति बक्शी, रोही तथा मंच संचालन एवं एनसीसी के लिये डॉ अमित कुमार, स्काउट के शिक्षक राजकुमार एवं आजाद कुमार, स्काउट बैंड के प्रभारी अखिलेश कुमार एवं प्रमोद कुमार , कलर पार्टी की संचालिका श्रीमती जयंती मठपाल व वर्षा, हाउस के संचालक रविंद्र कुमार, तथा जलपान संचालन में रामकुमार एवं सुनील कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रबंध समिति ने विद्यालय के लिपिक श्री दिनेश कुमार को भी उनके श्रेष्ठ कार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा हाई स्कूल व इंटर में सत प्रतिशत रिजल्ट से अवगत कराया। अपने संबोधन में कहा कि यह विद्यालय संत श्री हंस महाराज की संस्था है ।जिसमें श्री हंस के आशीर्वाद से विद्यालय का नाम अनुशासन एवं पढ़ाई के लिए मंडल स्तर पर सम्मान के साथ लिया जाता है। तथा अनुशासन में इस विद्यालय की अपनी एक अलग पहचान हैं। तथा बताया कि यह विद्यालय सरकारी फीस पर बच्चों को प्राइवेट स्कूल जैसी सुविधाएं प्रदान कर रहा है। तथा शिक्षा के साथ-साथ छात्र- छात्राओं का सर्वांगीण विकास करने में अग्रसर है। मुख्य अतिथि महात्मा सत्य बोधानंद नंद ने अपने संबोधन में कहा की सभी बच्चों को शिक्षा के साथ- साथ आध्यात्मिक ज्ञान एवं धार्मिक शिक्षा भी लेनी चाहिए ।जिससे कि हम भारत की संस्कृति, इतिहास, एवं सभ्यता को अच्छी प्रकार से जान सकें। तथा आने वाली पीढ़ी को हम उन संस्कारों एवं संस्कृति के गुण दे सकें। जब हम अनुशासित, राष्ट्र प्रेम, ईमानदारी एवं कर्तव्य परायणता के साथ कार्य करेंगे तो निश्चित ही भारत विकसित देशों की श्रेणी में अपना स्थान बनाएगा इस अवसर पर सुनील पोद्दार, कन्हैयालाल, कोमल कमल राजकवर त्यागी, आर सी हरीश, अमरीश कुमार शर्मा, विशन दत्त सोनीपत , रजनीश शर्मा ,धर्मेंद्र तवर, सुनील कुमार, परमानंद गर्ग,घनश्याम बंसल, श्रीपाल शर्मा, संजीव कुमार, घनश्याम मंडल, रामकुमार यादव, गणपत सिंह आदि प्रबंध समिति के गणमान्य लोग क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ मुरादनगर। ग्राम पंचायत अब्बूपुर ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में 14 नवंबर को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की उमंग, उत्साह और खुशियों से सराबोर रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने गीत, नृत्य एवं रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने भी बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष प्रस्तुतियाँ देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन संदीप रुहेला,ऋतु गोयल मैम, शिखा गोयल मैम एवं नैना रस्तोगी मैम ने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।प्रबंधन ने अपने संदेश में कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनकी प्रतिभा को निखारना, उन्हें अच्छी शिक्षा एवं संस्कार देना तथा उनके सपनों को नई उड़ान देना हम सभी की जिम्मेदारी है।विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं समस्त शिक्षकगण ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। सभी ने इस विशेष दिन का भरपूर आनंद लिया। ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल परिवार की ओर से सभी बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।





आर्य समाज संजय नगर का अथर्ववेद महायज्ञ एवं ऋषि कथा हर्षोल्लास से सम्पन्न

पंच महायज्ञ एवं वेद मार्ग पर चलने से ही मानव कल्याण सम्भव-स्वामी आर्यवेश

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। आर्य समाज संजय नगर के 40 वें वार्षिकोत्सव के पंच दिवसीय अथर्ववेद महायज्ञ एवं ऋषि कथा रामलीला मैदान सेक्टर 23 में हर्षोल्लास से संपन्न हुई। यज्ञ के ब्रह्मा डॉ योगेश शास्त्री गुरुकुल कांगड़ी,हरिद्वार एवं गुरुकुल बरनावा के आचार्य जयवीर शास्त्री मुख्य आचार्य रहे।यज्ञ के उपरांत अपने उद्बोधन में डॉ योगेश शास्त्री ने यज्ञमानों को आशीर्वाद एवं प्रभु से उनके सुखद जीवन की प्रार्थना की। उन्होंने ब्रह्मचारी कृष्ण दत्त महाराज के जीवन से परिचय कराते हुए वेदानुकूल जीने का सन्देश दिया।वेद पाठ गुरुकुल बरनावा के योगी सोहित शास्त्री, अमित शास्त्री एवं अंकुर भारद्वाज द्वारा हुआ। पंच यज्ञकुंण्डों पर मुख्य यज्ञमान श्रीमती विनेश-श्रीपाल,नगेश-अरूण, अन्जना-



प्रेमदत,अनीता-अजय बाबा, पूनम-सुनील, शालू व अखिल आर्य आदि रहे। मुख्य वक्ता स्वामी आर्यवेश (प्रधान सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, दिल्ली) ने चारों वेदों में आया बुद्धि की प्रार्थना का गायत्री मंत्र सभी से उच्चारण कराया तथा यज्ञ महिमा एवं वेद महिमा की विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि पंचमहायज्ञ एवं वेद मार्ग पर चलने से ही मानव कल्याण सम्भव है।पंच महायज्ञ गृहस्थों के लिए दैनिक कर्तव्यों का एक समूह है, जिसमें ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञ, अतिथियज्ञ और बलि वैश्वयज्ञदेव ये यज्ञज्ञान, देवताओं, पूर्वजों,जीवों और मनुष्यों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने का एक तरीका है। मेरठ से पधारे सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक कुलदीप आर्य द्वारा ऋषि कथा एवं अमित शास्त्री ने अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

मंच का कुशल संचालन आयोजक सेवा राम त्यागी ने किया,उन्होंने दूर दराज से पधारे आर्य समाजों के अधिकारियों और सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति ने यज्ञकुण्ड में आहुति दे दी मानो पुरे संसार को ऑक्सीजन दे दी।मुख्य आचार्य जयवीर शास्त्री ने कहा कि महर्षि दयानंद ने मानव जीवन से संबंधित जितने भी विषय हैं उन पर सत्यार्थ प्रकाश में विस्तृत चर्चा की है।उस कुशल वैघ ने भारत की बीमारी को पहचाना और उसका इलाज किया शास्त्र, तर्क विज्ञान और फिर सत्य को खोजा।वे धरती पर सत्य का प्रचार चाहते थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री माया प्रकाश त्यागी, महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी, डॉ उदिता त्यागी, आचार्य शिव कुमार शास्त्री, प्रेम पाल शास्त्री, आशीष त्यागी, पार्षद राजेन्द्र त्यागी, कुलदीप त्यागी, हाकम सिंह, सत्य प्रकाश त्यागी, सुभाष शर्मा, नरेश प्रसाद, विवेक त्यागी एवं प्रवीण आर्य आदि उपस्थित रहे। शांति पाठ व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्राथमिक विद्यालय बिनौरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस, बच्चों ने उत्साहपूर्वक लिया विभिन्न गतिविधियों में भाग

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ



चित्रकूट। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस के अवसर पर चित्रकूट जनपद के विकासखंड रामनगर स्थित ग्राम बिनौरा के प्राथमिक विद्यालय में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम AROH,Foundation द्वारा संचालित एवं LIC Housing Finance Ltd. (LICHFL) के सहयोग से क्रियान्वित HRIDA परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के प्रति स्नेह, उनके अधिकारों, शिक्षा के महत्व तथा उनके सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता और उमंग ने पूरे आयोजन को आनंदमय एवं यादगार बना दिया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मकता, प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास के महत्व से जोड़ने का प्रयास किया गया। बाल दिवस ने बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आनंदपूर्वक सीखने का अवसर प्रदान किया AROH Foundation एवं LIC Housing Finance Ltd. का उद्देश्य HRIDA परियोजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामुदायिक विकास को बढ़ावा देना तथा बच्चों के लिए बेहतर एवं सकारात्मक शैक्षिक वातावरण तैयार करना है। बाल दिवस का यह आयोजन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, शिक्षा के प्रति जागरूकता और उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा थाना रसूलपुर व थाना बसई मौहम्मदपुर क्षेत्रान्तर्गत छिनैती/लूट की घटना कारित करने वाला अभियुक्त मोहित पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार

पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से शातिर अभियुक्त मोहित हुआ घायल

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा



फिरोजाबाद दिनांक 07-11-26 को आवेदिका शीबा खान (एडवोकेट) का न्यायालय डबरई ऑटो में अपने साथी अधिवक्ताओं के साथ जाते समय पीछे से आ रही पल्सर ब्लैक बाइक जिस पर दो लड़के सवार थे, के द्वारा आवेदिका का हेन्ड बैग खींच कर भाग जाना तथा उक्त लडकों का पीछा करते समय पीछे बैठे लड़के के द्वारा तमन्चा दिखाकर धमकी देते हुये चले जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 552/26 धारा 309(4) बीएनएस0 थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद पर पंजीकृत कराया गया था ।

दिनांक 08.11.2026 को थाना बसई मौहम्मदपुर पर आवेदक संजय कुमार द्वारा अपनी पत्नी व बच्चों के साथ टूण्डला से ऑटो में बैठकर अपने घर बिलहना आते समय गाजीपुर रोड पर पीछे से मोटर साइकिल सवार दो लडकों के द्वारा वादी की पत्नी का पर्स झपट्टा मारकर छीनकर भाग ले जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 177/26 धारा 304(2) बीएनएस0 थाना बसई मौहम्मदपुर फिरोजाबाद पर पंजीकृत कराया गया था ।

अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना रसूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 552/26 धारा 309(4) बीएनएस0 का सफल अनावरण कर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के उद्देश्य से थाना रसूलपुर की 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था ।

थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा की गयी विवेचना के दौरान 02 अभियुक्तों 01.विकाश पुत्र लालता प्रसाद उर्फ पिण्टू निवासी गली नं0-03 ए0जे0 पब्लिक स्कूल के पास सेक्टर नम्बर 03 सुहागनगर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद व 02.मोहित पुत्र सूरज निवासी नगला पचिया हिमायूंपुर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद का नाम प्रकाश में आया । इसी क्रम में आज दिनांक 14/11/2026 को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना रसूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 552/26, व थाना बसई मौहम्मदपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 177/26 में वांछित विकाश पुत्र लालता प्रसाद उर्फ पिण्टू निवासी गली नं0-03 ए0जे0 पब्लिक स्कूल के पास सेक्टर नम्बर 03 सुहागनगर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को छिनैती/लूटे गये 6,500/- रुपये व अन्य बरामदगी सहित गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी प्रकरण में वांछित 01 अन्य अभियुक्त मोहित की गिरफ्तारी हेतु थाना रसूलपुर टीम द्वारा प्रभावी दबिश दी जा रही थी इसी क्रम में थाना रसूलपुर टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि

घायल अभियुक्त मोहित को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में कराया गया भर्ती

मु0अ0सं0 552/26 धारा 309(4) बीएनएस0 में वांछित अभियुक्त मोहित मोढ़ा जलालपुर से मोतीनगर की तरफ आने वाला है । उक्त सूचना पर थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मोढ़ा जलालपुर से आने वाले रास्ते पर जगदम्बा भट्टा मोतीनगर के पास अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु घेराबंदी कर अभियुक्त को रोकने का प्रयास किया गया । घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम को नजदीक आता देख अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया । पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम मोहित पुत्र सूरज यादव नि0 नगला पचिया हिमायूपुर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद बताया है । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त की पहचान थाना रसूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 552/26 धारा 309(4) बीएनएस0 एवं थाना बसई पर पंजीकृत मु0अ0सं0 304(2) बीएनएस0 में वांछित अभियुक्त के रूप में हुई है । अभियुक्त के कब्जे से, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, 03 खोखा कारतूस 315 बोर छिनैती/लूट किये गये रुपयों में से 6,600/- रुपए बरामद हुए हैं । घायल अभियुक्त मोहित को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

प्र0नि0 प्रदीप कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।
उ0नि0 निशान्त कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।
उ0नि0 जितेन्द्र कुमार गौतम थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद
कां0 610 विवेक यादव थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।
कां0 690 प्रिंसराज कम्बोज थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद
कां0 आकाश थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।
कां0 योगेन्द्र कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।

ससुराल में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, परिजनों ने ससुरालीजनों पर लगाया हत्या का आरोप

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा फिरोजाबाद। थाना टूंडला क्षेत्र के गांव हजरतपुर निवासी अवनीश पुत्र रामखिलाड़ी का शव एटा जनपद के थाना अवागढ़ क्षेत्र के गांव कटेलिया में संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटका मिला। बताया जा रहा है कि अवनीश शुक्रवार शाम अपनी ससुराल गया हुआ था। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने परिजनों को उसके शव पेड़ पर लटके होने की सूचना दी सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। युवक की मौत को लेकर परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया।



शव को हजरतपुर लाए जाने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए दाह संस्कार करने से इनकार कर दिया।

मामले की जानकारी मिलते ही राजा का ताल पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया।

काफी देर तक चली बातचीत के बाद परिजन दाह संस्कार करने के लिए तैयार हो गए।

फिरोजाबाद में मिशन शक्ति फेज-06 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक, सुरक्षा हेल्पलाइन की दी जानकारी

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया



फिरोजाबाद महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद फिरोजाबाद में मिशन शक्ति फेज-06 के तहत जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। रविवार, 15 नवंबर 2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने रैली, संगोष्ठी और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं, शिक्षिकाओं, महिलाओं और आमजन को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों द्वारा स्कूलों, विद्यालयों, गांवों और ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मिशन शक्ति की पुलिस टीमों ने महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा, समानता और अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इसके साथ ही साइबर हिंसा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, नशे के दुष्परिणाम, पारिवारिक विवाद, बाल विवाह और समाज में प्रचलित अन्य कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी समस्या की स्थिति में चुप न रहने और संबंधित हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

महिला सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

जागरूकता कार्यक्रमों मेंमहिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लोगों को अवगत कराया गया।पुलिस का उद्देश्य मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करना, उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना और समाज में सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण तैयार करना है।

गुलदस्ते की कीमत को लेकर बवाल, फूल विक्रेता ने साथियों संग युवक को बेरहमी से पीटा

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया



फिरोजाबाद थाना उत्तर क्षेत्र के गांधी पार्क चौराहे पर गुलदस्ते की कीमत को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि फूल विक्रेता ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक और उसके दोस्त की पिटाई कर दी। मारपीट में लक्ष्य यादव लहूलुहान हो गया और उसके चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।जानकारी के अनुसार, गांधी पार्क चौराहे स्थित बॉबी फ्लावर की दुकान पर लक्ष्य यादव गुलदस्ता खरीदने पहुंचा था। इसी दौरान गुलदस्ते की कीमत को लेकर उसकी फूल विक्रेता से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर फूल विक्रेता ने अपने साथियों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद लक्ष्य यादव और उसके दोस्त के साथ मारपीट शुरू कर दी गई।बताया जा रहा है कि मारपीट के दौरान लक्ष्य यादव के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं और वह खून से लथपथ हो गया। घटना के बाद मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा, जिसके बाद मामला चर्चा में आ गया।

गुलदस्ते की कीमत से शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंचने से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं मामले में पुलिस की कार्रवाई और आरोपियों के खिलाफ उठाए गए कदमों की जानकारी सामने आने का इंतजार है।

जनपद फिरोजाबाद के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन, डॉ. दीपेन्द्र यादव ने दो नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा



उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को उनके निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुलभ, निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 15 नवम्बर 2026, रविवार को जनपद फिरोजाबाद के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर माननीय मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी फिरोजाबाद डॉ. राम बदन राम के निर्देशन में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के अंतर्गत आमजन को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिनमें सामान्य रोगों की जांच एवं उपचार, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की स्क्रीनिंग, संचारी एवं गैर-संचारी रोगों की जांच, परिवार नियोजन संबंधी परामर्श तथा आवश्यक औषधियों का निःशुल्क वितरण सम्मिलित रहा।

इसी क्रम में डॉ. दीपेन्द्र यादव, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM), फिरोजाबाद द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दमामल नगर तथा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कौशल्या नगर का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के संचालन एवं स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान डॉ. दीपेन्द्र यादव द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, मरीजों के पंजीकरण, ओपीडी सेवाओं, आवश्यक औषधियों की उपलब्धता, जांच सुविधाओं, साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा की गई।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, नियमित टीकाकरण, परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आभा आईडी निर्माण एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

डॉ. दीपेन्द्र यादव द्वारा संबंधित चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में आने वाले प्रत्येक मरीज को आवश्यकतानुसार गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा परामर्श, जांच एवं निःशुल्क औषधियां उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही गंभीर रोगियों को आवश्यकतानुसार उच्च चिकित्सा संस्थानों में संदर्भित किया जाए तथा समस्त स्वास्थ्य सेवाओं का निर्धारित अभिलेखों में समुचित अंकन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों को उनके निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना तथा बीमारियों की समय से पहचान कर उचित उपचार सुनिश्चित करना है।उन्होंने जनपद के समस्त चिकित्सा अधीक्षकों, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का नियमित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया जाए।

जमीनी विवाद की रंजिश में युवक की पीट-पीटकर हत्या, गांव में सनसनी



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा फिरोजाबाद के थाना एका क्षेत्र के गांव सिंगपुर उड़ेसर में पुरानी जमीनी रंजिश के चलते 30 वर्षीय प्रदीप की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि प्रदीप पत्नी के इलाज के लिए भगत को घर छोड़कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान गांव के बाहर ट्यूबवेल की कोठरी के पास घात लगाए बैठे हमलावरों ने उसे घेरकर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जिला स्तरीय नवप्रवर्तकों की प्रदर्शनी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, टूण्डला में 16 नवम्बर को होगी आयोजित

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा फिरोजाबाद:- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश सरकार के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वावधान में 16 नवम्बर 2026 को असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों हेतु जनपद स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन जिलाधिकारी फिरोजाबाद,मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद, जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद की सहमति, निर्देशन में एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के सहयोग से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, टूण्डला में प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस नवप्रवर्तन प्रदर्शनी में असंगठित क्षेत्र के किसान, शिल्पकार, कारीगर, मजदूर, मिस्त्री, परम्परागत उपचार करने वाले विद्यार्थी, ऐसे जनसामान्य व्यक्ति जिन्होंने कोई प्रोफेशनल डिग्री प्राप्त नहीं की हो , उन्हें अपने नवप्रवर्तन के क्षेत्र में किए गए कार्य मॉडल को प्रदर्शित करना है। इस नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का क्षेत्र जुगाड़ द्वारा तैयार यन्त्र/ मशीनें, परिवहन के साधन, घरेलू उपयोग के सामान, जैव विविधता के सृजनात्मक उपयोग, पौधों की प्रजातियां, पशुओं एवं मानव के लिए हर्बल औषधि या जड़ी बूटी, ऊर्जा उत्पादन या संरक्षण के लिए उपकरण, गाँव तथा शहर में जीवन संघर्ष के दौरान उपजी तरकीबें, ऐसे सृजनात्मक विचार जिनको व्यवहार में लाना जाना सम्भव हो। उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले नवप्रवर्तक को 08 हजार, द्वितीय स्थान पर 05 हजार, तृतीय स्थान पर 03 हजार एवं पाँच सांत्वना पुरस्कार 02 हजार रुपये जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से प्रदान किए जाएंगे, इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। इनमें से एक नवाचार को विभाग द्वारा 15 हजार रुपये की धनराशि से पेटेंट भी कराया जाएगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रंजना सहाय ने जनपद के सभी नवप्रवर्तकों से जिला स्तरीय प्रतियोगिता में समय से पहुंचकर प्रतिभाग करने की अपील की है।



मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ फिरोजाबाद का द्विवार्षिक चुनाव एवं अधिवेशन सम्पन्न, श्रीमती संगीता यादव बनीं जिलाध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा



जनपद फिरोजाबाद में रविवार को मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक चुनाव एवं अधिवेशन उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फिरोजाबाद के दिशा-निर्देशन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता तथा मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मीरा पासवान की देखरेख में किया गया। अधिवेशन में जनपद के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं क्षेत्रों से महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर संगठन की जिला स्तरीय कार्यकारिणी के गठन हेतु निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई, जिसमें सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन हुआ।श्रीमती संगीता यादव सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष नामित द्विवार्षिक चुनाव के दौरान जिलाध्यक्ष पद हेतु श्रीमती संगीता यादव एवं श्रीमती मंजीता के नाम प्रस्तावित किए गए। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान श्रीमती मंजीता द्वारा अपना नाम वापस लिए जाने के उपरान्त उपस्थित सदस्यों की सर्वसम्मति से श्रीमती संगीता यादव को जिलाध्यक्ष पद हेतु नामित किया गया।

नवगठित जिला कार्यकारिणी की घोषणा अधिवेशन में मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ, जनपद फिरोजाबाद की नवगठित कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया—

1. जिलाध्यक्ष - श्रीमती संगीता यादव।
2. जिला महामंत्री - श्रीमती सविता वर्मा, टूंडला।
3. जिला मंत्री - श्रीमती तनु राजपूत, एका।
4. जिला उपाध्यक्ष - श्रीमती संगीता सिंह, अरांव।
5. जिला कोषाध्यक्ष - श्रीमती रीता, मदनपुर।
6. संचार मंत्री - श्रीमती प्रियंका, उसायनी।
7. प्रचारी मंत्री - श्रीमती अनुपम, कोटला।
8. संयुक्त मंत्री - श्रीमती निर्मला, उसायनी।
9. सचिव - श्रीमती मीरा, खैरगढ़।
10. संप्रेक्षक - श्रीमती अमृता, जसराना।
11. सलाहकार - श्रीमती हेमा, टूंडला।
12. सलाहकार - श्रीमती अनिल, धनपुरा।
13. सलाहकार - श्रीमती शशि प्रभा, मदनपुर।

कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार शर्मा, मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मीरा पासवान, उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि गौर, प्रदेश संगठन मंत्री सचिन कुमार, इटावा की जिलाध्यक्ष श्रीमती अंजली वर्मा तथा बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन फिरोजाबाद के जिलाध्यक्ष दीप कुमार सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक किया प्रतिभाग

द्विवार्षिक अधिवेशन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन आपसी सहमति एवं सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ।नवगठित कार्यकारिणी से महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों के हितों के संरक्षण, उनकी समस्याओं के समाधान, संगठनात्मक एकता को मजबूत बनाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन में सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की गई। मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ, जनपद फिरोजाबाद का द्विवार्षिक चुनाव एवं अधिवेशन शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ तथा सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया

जनपद फिरोजाबाद के 69 प्राथमिक एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का सफल आयोजन

1251 मरीजों ने प्राप्त किया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी एनयूएचएम डॉ. दीपेन्द्र यादव ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाजीपुरा का किया निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति का लिया जायजा

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा

फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत आमजन को उनके निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 15 नवम्बर 2026 को जनपद फिरोजाबाद के कुल 69 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के माध्यम से जनपद में कुल 1251 मरीजों का पंजीकरण किया गया, जिनमें 619 पुरुष, 484 महिलाएं एवं 148 बच्चे सम्मिलित रहे। आरोग्य मेले के सफल संचालन हेतु जनपद में 76 चिकित्सकों एवं 202 पैरामेडिकल कर्मचारियों की सहभागिता रही। स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक जाँच सुविधाओं का लाभ प्रदान किया गया।मुख्यमंत्री आरोग्य मेले की प्रमुख उपलब्धियां

आज आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले की जनपद स्तरीय रिपोर्ट के अनुसार—

- कुल 1251 मरीजों का पंजीकरण किया गया।
- 619 पुरुष, 484 महिलाओं एवं 148 बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला।
- कुल 378 कोविड जाँच की गईं।
- 88 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया।
- 56 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श एवं टेलीमेडिसिन संबंधी सेवाएं प्रदान की गईं।
- 19 बुखार संबंधी मरीजों की जाँच एवं स्वास्थ्य सेवाएं रिपोर्ट की गईं।
- विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से संबंधित मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया।
- स्वास्थ्य केंद्रों पर संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

डॉ. दीपेन्द्र यादव द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाजीपुरा का निरीक्षण आज दिनांक 15 नवम्बर 2026 को डॉ. दीपेन्द्र यादव, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम), फिरोजाबाद द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाजीपुरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सकीय सेवाओं तथा स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। डॉ. दीपेन्द्र यादव द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों के पंजीकरण, चिकित्सकीय परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने, मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने तथा शासन द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया।नगरीय स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों, विशेषकर मलिन बस्तियों एवं वंचित वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के माध्यम से सामान्य बीमारियों के उपचार के साथ-साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, संचारी रोग नियंत्रण, टीकाकरण संबंधी परामर्श एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जनसामान्य को जागरूक किया गया।जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फिरोजाबाद डॉ. राम बदन राम के नेतृत्व में जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के माध्यम से एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होने से आमजन को सुविधा प्राप्त हो रही है। विशेष रूप से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के जरूरतमंद नागरिकों के लिए यह आयोजन स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का अधिकाधिक लाभ उठाएं तथा अपने निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग करें।

भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर छठवां जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया

विकास भवन सभागार में आयोजित हुआ जनपद स्तरीय कार्यक्रम, मुख्य विकास अधिकारी ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के गढ़चिरौली, महाराष्ट्र में वर्चुअल रूप से आयोजित मुख्य समारोह का हुआ सजीव प्रसारण

रामकिशोर अवस्थी









गौतमबुद्धनगर, 15 नवंबर 2026 भगवान बिरसा मुंडा जी की 151वीं जयंती के अवसर पर छठवां जनजातीय गौरव दिवस जनपद में पूरे उत्साह, श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा सहित देश के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के अद्वितीय योगदान, संघर्ष, त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति और गौरवशाली इतिहास से नई पीढ़ी को परिचित कराना रहा।

कार्यक्रम के दौरान गढ़चिरौली, महाराष्ट्र में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की वर्चुअल माध्यम से गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित राष्ट्रीय मुख्य समारोह का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया। विकास भवन सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम को देखा एवं सुना। इस दौरान जनजातीय समाज के उत्थान, उनकी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विषयों को प्रमुखता से देखा एवं सुना गया। विकास भवन सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के अदम्य साहस, अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान तथा जनजातीय समाज के अधिकारों एवं स्वाभिमान की रक्षा के लिए किए गए उनके प्रयासों को याद किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आज हम सभी एक ऐसे महान जननायक और आदिवासी समाज के गौरव को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने अपने जीवन के अल्प समय में ही समाज के अधिकारों, सम्मान और स्वाभिमान के लिए अद्भुत संघर्ष किया। कल्पना कीजिए कि जिस उम्र में युवा अपने भविष्य के सपने देखते हैं, उस उम्र में उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत की जेल में कठोर यातनाएँ सहन कीं और अपने जीवन का बलिदान दे दिया। उनका संघर्ष केवल अपने लिए नहीं था, बल्कि उस आदिवासी समाज के लिए था, जो अपनी जमीन, जंगल, अधिकार और अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहा था। उस दौर में न आज जैसे यातायात के साधन थे और न ही संचार के माध्यम। एक ओर पारंपरिक हथियारों से लड़ने वाला सामान्य समाज था, तो दूसरी ओर आधुनिक बंदूकों और अपार संसाधनों से लैस अंग्रेजी सत्ता थी। ऐसी विषम परिस्थितियों में अंग्रेजों जैसी शक्तिशाली हुकूमत के सामने खड़े होना और समाज को? उसके अधिकारों के प्रति जागरूक करना कितना कठिन रहा होगा, इसकी कल्पना ही हमें उनके साहस का परिचय देती है।

हम सब जानते हैं कि कोई भी समाज जब आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों के कारण पिछड़ जाता है, तो उसे आगे बढ़ने के लिए कितना संघर्ष करना पड़ता है। समय को पहचानकर उसके अनुसार कदम उठाने वाला ही आगे बढ़ता है। उनका संघर्ष, उनका साहस और उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। हमें उनके विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए।

इसी क्रम में अन्य शासकीय कार्यालयों में भी जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में भगवान बिरसा मुंडा एवं अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को नमन किया गया।

कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान से परिचित कराने के साथ ही अपनी सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं एवं सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी निलेश उत्पल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार, उप निदेशक कृषि विवेक दुबे, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर वंदना रानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन में सहभागिता करते हुए भगवान बिरसा मुंडा एवं अन्य जनजातीय महापुरुषों के योगदान को स्मरण किया।

त्यौहार पर घर आये व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

दैनिक सुनहरा संसार व्यूरो हरिमोहन याज्ञिक जालौन

कोंच(जालौन)दिल्ली में रहकर कारीगरी का काम करने बाला व्यक्ति दीपावली का त्यौहार मनाने के लिए अपने घर आया लेकिन संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गयी जिसका पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोष्ट मार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कैलिया के ग्राम सामी निबासी चंद्रपाल अहिरवार पुत्र स्व नन्दलाल उम्र करीब 50 वर्ष दिल्ली में रहकर कारीगरी का काम करके अपना और अपने परिवार मे भरण पोषण करता था और वह दीपावली त्यौहार मनाने के लिए अपने ग्राम सामी आया हुआ था घटना दिनांक 14 नबम्बर 2026 दिन शनिवार की है जब वह देर रात ग्राम से घूमकर वापिस अपने घर लौटा और घर पहुंचकर थोड़े समय बाद ही उसके पेट मे तेज दर्द शुरू हो गया जिससे उसे उल्टियां होने लगीं हालत बिगड़ते देख परिवारीजनों ने एम्बुलेंस को सूचना दी और दिन रबिबार की अलख सुवह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोष्ट मार्टम के लिए भेज दिया वहीं बताया जा रहा है कि मृतक के दो नाबालिग बेटे और 12 वर्षीय नावालिग बेटी है घटित घटना से ग्राम में मातम छाया हुआ है और परिवारीजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



अतिरिक्त दहेज की मांग कर मारपीट करते हुए विवाहिता को घर से निकाला

दैनिक सुनहरा संसार हरिमोहन याज्ञिक जालौन

कोंच(जालौन)कोतवाली के मुहल्ला गोखले नगर निबासिनी अंजली पुत्र रामअवतार पत्नी रमाशंकर ने दिन रबिबार को कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि माह जून 2026 को मेरे पति रमाशंकर पुत्र संतराम निवासी मुहल्ला गोखले नगर मुझे व बच्चियों को बैंगलोर कर्नाटक डोड बल्लभपुर धंधे पर ले गए जहाँ पर माह अगस्त तक सब कुछ ठीक ठाक रहा लेकिन देवर के आ जाने पर हुम लोगों के बीच मे झगड़ा होने लगा जब मैं दीपावली मनाने अपने घर कोंच आये तो दीपावली के बाद दिनांक 11 नबम्बर 2026 को पति ने मुझे मारपीट करते हुए बच्चियों को छीनकर घर से निकाल दिया और पिता से एक लाख रुपये मोटर साइकिल जेबर व पूरा सामान लाने पर रखने की बात कही और अगर वगैर लाये रही तो पेट्रोल या फिर फांसी का फंदा लगाकर जान से मार डालेंगे तब मै अपने पिता के साथ थाने आई अंजली ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पटना में विधि-विधान से की छठी मैया की पूजा-अर्चना, अस्त होते सूर्य को अर्पित किया संध्या अर्घ्य, देशवासियों के सुख-शांति और समृद्धि की कामना की

अनिल कुमार गुप्ता, दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन ने रविवार को बिहार की राजधानी पटना में छठ महापर्व के तीसरे दिन अपने आवास पर विधि-विधान और पूरी श्रद्धा के साथ छठी मैया की पूजा-अर्चना की तथा भगवान भास्कर को



संध्या अर्घ्य अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने छठ व्रतियों और समस्त देशवासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

श्री नितिन नवीन ने कहा कि छठ महापर्व हमारी संस्कृति, परंपरा और लोक आस्था का प्रतीक है। हमारी भारतीय परंपरा की विशेषता है कि हम अस्त होते और उदय होते सूर्य, दोनों को समान श्रद्धा और आस्था के साथ नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि आज भगवान भास्कर को संध्या अर्घ्य अर्पित किया गया है और अगले दिन प्रातःकाल उदय होते सूर्य को दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बिहार की लोक आस्था का यह महापर्व अब केवल बिहार तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों और विदेशों में रहने वाले बिहारवासी भी इसे पूरी श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ मनाते हैं। स्वच्छता, शुद्धता, पवित्रता और अनुशासन के साथ मनाया जाने वाला छठ महापर्व प्रकृति की उपासना तथा उसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की हमारी समृद्ध परंपरा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सामूहिकता और लोक विरासत का प्रतीक है, जो समाज को एक सूत्र में जोड़ता है। अंत में उन्होंने कामना की कि छठी मैया का आशीर्वाद सभी देशवासियों पर बना रहे और यह पावन पर्व प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आए।

जनपदीय युवा जागरण सम्मेलन का हुआ आयोजन

दैनिक सुनहरा संसार हरिमोहन याज्ञिक जालौन







कोंच(जालौन)अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा दिन रबिबार को बंदनीय माताजी की जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप प्राकट्य शताब्दी के उपलक्ष्य में जनपदीय युवा जागरण सम्मेलन का आयोजन गल्ला मंडी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर प्रांगढ़ में किया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और बच्चों में नैतिक मूल्यों संस्कारों तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हुए एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है कार्यक्रम में बक्ताओं द्वारा कहा गया कि देश का भविष्य युवाओं एवं बच्चों के हांथो में है और अगर उन्हें बचपन से संस्कारित बनाया जाए तो वह आगे चलकर समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं जिसमें युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को सकारात्मक बनाते हुए समाज के प्रति जिम्मेदारियों को समझना चाहिए कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा युवाओं को संस्कारवान औ? जिम्मेदार नागरिक बनाने के अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल अनिल वर्मा बिकास पटेल गायत्री परिवार के जोल समन्वयक रमाकांत कौशिक मुख्य प्रबंध ट्रस्टी महेश चंद्र सैनी लक्ष्मण सिंह जादौन सत्यनारायण शर्मा सहित मनोज कुमार कुलदीप शम्भू सोनी राजीव रेजा मयंक मोहन गुप्ता श्रीकांत गुप्ता मंजू अंगूरी राजपूत गायत्री रेखा रजनी सहित गायत्री परिवार मौजूद रहा कार्यक्रम का सफल संचालन राजेन्द्र दुवेदी ने किया।

सीएचसी कोंच का राज्य स्तरीय टीम ने किया निरीक्षण

अस्पताल की व्यवस्थाओं और कमियों को परखा





दैनिक सुनहरा संसार हरिमोहन याज्ञिक जालौन

कोंच(जालौन)उरई रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में दिन रविवार को राज्य स्तरीय एसआरएम टीम के सदस्यों ने पहुंचकर अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया इस दौरान टीम ने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं के साथ-साथ विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कमियों को चिह्नित किया

राज्य स्तरीय टीम के सदस्य डॉ. पीके पांडेय एवं प्रेम पाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे यहां उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान दवा कक्ष लेबर रूम अस्पताल भवन साफ-सफाई की व्यवस्था तथा स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारियों के रिक्त पदों के संबंध में जानकारी ली आधा दर्जन से अधिक कमियां पाई गई जिसकी रिपोर्ट उन्होंने शासन को भेजी है

टीम के सदस्यों ने अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा और जहां भी कमियां मिलीं उन्हें अपने निरीक्षण में दर्ज किया निरीक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का आकलन करना रहा इस दौरान डॉ० अनिल शाक्य गौरव शर्मा आदि मौजूद रहे है।

छठ पूजा के आयोजन में उमड़ा श्रद्धा और आस्था का सैलाब, जिलाधिकारी सहित पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

दैनिक सुनहरा संसार

फिरोजाबाद। थाना बसई मोहम्मदपुर क्षेत्र के अंतर्गत पसीने वाले हनुमान जी मंदिर के समीप यमुना नदी के पावन तट पर जय मां छठ पूजा समिति के तत्वावधान में छठ पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधान एवं पूरे श्रद्धाभाव के साथ छठ मैया की पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम का आयोजन समिति के अध्यक्ष रामेश्वर एडवोकेट, निवासी जैन नगर, के नेतृत्व में किया गया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की और छठ मैया के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी फिरोजाबाद की मौजूदगी रही। वहीं थाना बसई मोहम्मदपुर के थानाध्यक्ष एवं पुलिस टीम ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। पुलिसकर्मी पूरे आयोजन स्थल पर सतर्कता के साथ तैनात रहे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यमुना तट पर भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक सौहार्द का सुंदर नजारा देखने को मिला।

फोटो परिचयः यमुना तट पर छठ पूजा आयोजन के दौरान समिति के पदाधिकारी, श्रद्धालु एवं सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मी।

रिपोर्टः देवेंद्र सिंह, पत्रकार, फिरोजाबाद।

ग्राम पंचायत नाहारावाली से सरपंच पद के प्रत्याशी साहबराम कुकणा को चुनाव चिन्ह 'केतली आवंटित किया गया है

महेन्द्र पाल मेघवाल ग्राम पंचायत नाहारावाली से सरपंच पद के प्रत्याशी साहबराम कुकणा को चुनाव चिन्ह 'केतली आवंटित किया गया है।



चुनाव चिन्ह मिलते ही उनके समर्थकों और कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। पूरे पंचायत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को और तेज कर दिया गया है।

चुनाव चिन्ह केतली को लेकर मतदाताओं में उत्साह

घर-घर पहुंच रहा संदेशः चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही साहबराम कुकणा और उनकी टीम ने पंचायत के प्रत्येक चक, गांव और ढाणी में मतदाताओं तक 'केतली के निशान का संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है। सर्वसमाज का समर्थनः साहबराम कुकणा की मिलनसार छवि, साफ-सुथरे व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें सर्वसमाज के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है।

पंचायत के चौमुखी विकास का संकल्प

सरपंच प्रत्याशी साहबराम कुकणा ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वे चुनावी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में निष्पक्षता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंचायत की देवतुल्य जनता से आगामी मतदान के दिन चुनाव चिन्ह केतली के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।

ग्राम पंचायत नाहारावाली से सरपंच पद के प्रत्याशी दिनेश भाभु को चुनाव चिन्ह काली स्लेट आवंटित किया गया है

महेन्द्र पाल मेघवाल ग्राम पंचायत नाहारावाली से सरपंच पद के प्रत्याशी दिनेश भाभु को चुनाव चिन्ह काली स्लेट आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह मिलते ही उनके समर्थकों और कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। पूरे पंचायत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को और तेज कर दिया गया है।

चुनाव चिन्ह काली स्लेट को लेकर मतदाताओं में उत्साह

• घर-घर पहुंच रहा संदेशः चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही दिनेश भाभु और उनकी टीम ने पंचायत के प्रत्येक चक, गांव और ढाणी में मतदाताओं तक 'काली स्लेट के निशान का संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है।



• सर्वसमाज का समर्थनः दिनेश भाभु की मिलनसार छवि, साफ-सुथरे व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें सर्वसमाज के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है।

पंचायत के चौमुखी विकास का संकल्प

सरपंच प्रत्याशी दिनेश भाभु ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वे चुनावी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में निष्पक्षता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंचायत की देवतुल्य जनता से आगामी मतदान के दिन चुनाव चिन्ह काली स्लेट के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।

ग्राम पंचायत 6 डीडी से सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती संतोष कंवर को चुनाव चिन्ह जुराब आवंटित किया गया है

महेन्द्र पाल मेघवाल ग्राम पंचायत 6 डीडी से सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती संतोष कंवर को चुनाव चिन्ह जुराब आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह मिलते ही उनके समर्थकों और कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है, और पूरे पंचायत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को और तेज कर दिया गया है।

चुनाव चिन्ह 'जुराब को लेकर मतदाताओं में उत्साह



घर-घर पहुंच रहा संदेशः चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही श्रीमती संतोष कंवर और उनकी टीम ने पंचायत के प्रत्येक चक, गांव और ढाणी में मतदाताओं तक 'जुराब के निशान का संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है। सर्वसमाज व मातृशक्ति का समर्थनः श्रीमती संतोष कंवर की मिलनसार छवि, साफ-सुथरे व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें सर्वसमाज के बुजुर्गों, युवाओं और विशेषकर महिलाओं (मातृशक्ति) का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है।

पंचायत के चौमुखी विकास का संकल्प

सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती संतोष कंवर ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वे चुनावी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में निष्पक्षता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंचायत की देवतुल्य जनता से आगामी मतदान के दिन चुनाव चिन्ह जुराब के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है

छोटी खबरें

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर कांग्रेस कार्यकताओं ने दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ मोदीनगर। श्याम मार्केट में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा मनायी गई।



पीसीसी सदस्य उत्तर प्रदेश पंडित सुनील शर्मा ने कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू आज के विकसित भारत की नीव डाली थी पंडित जवाहरलाल नेहरू ने एम्स इसरो लअछ इलअछ आदि अनेक सरकारी कंपनियों की स्थापना की शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सैन ने कहा की पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से विशेष लगाव रखते थे इसीलिए नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में हर साल मनाया जाता है और पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत में संविधान की स्थापना कर लोगों को समानता का अधिकार प्रदान किया और प्रत्येक नागरिक को वोट का अधिकार देकर सरकार बनाने में हिस्सेदारी का एहसास प्रदान किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मोदीनगर चांद वीर चौधरी, अभिनव शर्मा, भिखारी लाल कश्यप, प्रदीप गॉड, विशाल कौशिक, कल्पना सिंह,पंडित सुरेश दोसा,अमजद इद्रेशी, सुधीर त्यागी, सुनील कटारिया,धर्मेंद्र त्यागी और मुकुल शर्मा अजीत सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

दीपावली की रोशनी में दिखी नई पहल, अनुभव के साथ रफ्तार पकड़ेगा कस्बे का विकास

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी कामवन - कस्बे की गली-गली में विद्युत पोलों पर दीपावली के अवसर पर पहली बार हुई आकर्षक लाइटिंग ने आमजन के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। कहीं इस पहल की खुलकर सराहना हुई, तो कहीं लोगों की अपेक्षाएं अभी बाकी हैं। राजनीति से दूर रहकर पहली बार पालिका अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने वाले सत्यदेव शर्मा के लिए यह सफर सीखने और व्यवस्थाओं को समझने का भी है। शुरूआत हुई है, अब अनुभव के साथ विकास को भी नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है।



हर नई जिम्मेदारी को समझने में वक्त लगता है, लेकिन किसी को काम करने का अवसर देने से पहले ही आरोपों के तराजू पर तौलना भी उचित नहीं। जमीन से जुड़े व्यक्ति की मंशा पर सवाल उठाने से बेहतर है कि उसके काम और परिणामों को देखा जाए।

एक शेर अर्ज है -

अभी तो शुरूआत है, सफर को मुकाम तक पहुंचने दीजिए,कमियों को सुधारने का थोड़ा वक्त भी दीजिए।

कस्बे को राजनीति नहीं, विकास चाहिए और विकास के लिए आलोचना के साथ सहयोग भी जरूरी है। उम्मीद है कि दीपावली की यह रोशनी आने वाले दिनों में विकास की नई रोशनी बनकर पूरे कस्बे में चमकेगी।

डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए उमड़ा आस्था का जनसैलाब

पौराणिक शिव मंदिर के तीर्थ सरोवर पर श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व

सुनहरा संसार, उमेश कुमार अवस्थी गोला गोकर्णनाथ खीरी।पौराणिक शिव मंदिर स्थित तीर्थ सरोवर पर लोक आस्था के महापर्व छठ का आयोजन अत्यंत भक्तिभाव और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। चार दिवसीय इस पवित्र अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने नहाय-खाय, खरना, अस्ताचलगामी (डूबते) सूर्य को अर्घ्य देने की परंपराओं को पूरे विधि-





विधान व श्रद्धा के साथ निभाया।

भव्य सजावट और भक्तिमय माहौल

पर्व के अवसर पर तीर्थ सरोवर परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और दीपों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सरोवर के तट पर सूर्य देव की उपासना के लिए बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु एकत्रित हुए। इस दौरान महिलाओं और पुरुषों द्वारा सामूहिक रूप से गाए गए छठ के पारंपरिक लोकगीतों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। ?सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। अराजक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहने के कारण भक्तों को पूजा-अर्चना में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। ?सामाजिक एकता का दिखा संगम इस महापर्व पर सामाजिक एकता और भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली, जिसमें समाज के हर वर्ग ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धालुओं ने छठ पर्व को आस्था, संस्कृति और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक बताया। पर्व के समापन पर सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और अगले वर्ष भी इसे इसी उल्लास के साथ मनाने का संकल्प लिया।

कामवन में बलराम गिरी महाराज के ब्रह्मलीन होने पर दो दिवसीय कार्यक्रम, 21 को भजन-कीर्तन और 22 को विशाल भंडारा

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी कामवन, जिला डीग - चकलेश्वर महादेव मंदिर, किशोरी पायसा मौहल्ला, कामवन में बलराम गिरी महाराज ब्रह्मलीन हो गए हैं। बलराम गिरी महाराज दिगम्बर गंगा गिरी के पौत्र शिष्य एवं जयगिरी महाराज के शिष्य थे। उनकी स्मृति में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



कार्यक्रम विवरण

21 नवंबर 2026, शनिवार

- भजन-कीर्तन एवं सत्संग

22 नवंबर 2026, रविवार

- विशाल भंडारा एवं प्रसाद वितरण

निवेदक

मदनगिरी - महन्त, नागा बाबा

समस्त शिष्य एवं सेवकगण

आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं, शिष्यों और सेवकों से कार्यक्रम में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

कोषाध्यक्ष व पुत्र पर दर्ज मुकदमों से उद्यमियों में रोष, निष्पक्ष जांच की मांग

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ



मोदीनगर। लघु उद्योग भारती के कोषाध्यक्ष यशवीर यादव और उनके पुत्र वैभव यादव के विरुद्ध गंभीर धाराओं में दर्ज हुए आपराधिक मामलों को लेकर स्थानीय उद्यमियों में भारी रोष है। इस प्रकरण को लेकर शनिवार को होटल डी मेरिडियन में लघु उद्योग भारती की मोदीनगर इकाई द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें लघु उद्योग भारती, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (IIA), व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों ने हिस्सा लिया। बैठक में दीपावली पर पटाखे चलाने को लेकर पड़ोस में हुए विवाद के बाद दर्ज किए गए मुकदमों पर गहरी चिंता जताई गई। जानकारी के अनुसार, इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 333, 352, 351(3), 109(1), 309(4), 324(2), एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(va) और धारा 27 के तहत फायरिंग व 7,000 रुपये की लूट जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यशवीर यादव व उनके परिजनों ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए इसे एक सुनियोजित साजिश करार दिया है। उनका कहना है कि न तो कोई मारपीट या जातिसूचक टिप्पणी की गई और न ही परिवार का कोई सदस्य देवपाल हरित के घर में घुस-ा।परिजनों ने दावा किया कि उनके पास इस घटना से संबंधित वीडियो फुटेज भी मौजूद हैं। लघु उद्योग भारती, मोदीनगर इकाई के अध्यक्ष एस.के. गौतम ने कहा कि संगठन जातिगत भेदभाव का पूर्ण विरोध करता है, लेकिन किसी भी कानून का दुरुपयोग निर्दोष नागरिकों के उत्पीड़न के लिए नहीं होना चाहिए। संगठन ने केंद्र सरकार से एससी/एसटी एक्ट को समाप्त करने पर गंभीरता से विचार करने तथा सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने वाली न्यायसंगत व्यवस्था बनाने की मांग की।

उद्यमियों ने पुलिस प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर निष्पक्ष व पारदर्शी जांच कर सच्चाई सामने लाने की अपील की है। इस अवसर पर महामंत्री प्रवीण चौधरी, क्क्ष मोदीनगर चैप्टर से राज ढींगरा, मुकेश गर्ग, बृजमोहन कपूर, संजीव माहेश्वरी, प्रदीप बांस, व्यापार मंडल से मेहराम चंदेला और समाजसेवी चंदवीर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

वार्ड नंबर 3 में अवरुद्ध नाले से परेशान हुए लोग, पार्षद ने की सफाई की मांग

देशी-विदेशी दर्शनार्थ भक्तजन भारी परेशान, कई वार्डों को जाने वाला मुख्य मार्ग बना गंदे पानी का तालाब

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी


वार्ड नं. 3 कामां - अवरुद्ध नाले से सड़क पर गंदा पानी, पार्षद ने की सफाई की मांग

कामां -वार्ड नंबर 3 में अवरुद्ध नाले की समस्या ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। गंदा पानी सड़क पर बहने से आमजन के साथ-साथ मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु भी भारी परेशानी झेल रहे हैं।

वार्ड की पार्षद मंजू शर्मा व पार्षद प्रतिनिधि रामगोपाल शर्मा ने अपनी वार्ड की प्रमुख समस्या बताते हुए नगरपालिका प्रशासन से शीघ्र ध्यान देने की मांग की है।

आस्था को भी ठेस, गंदे पानी से होकर गुजर रहे श्रद्धालु

पार्षद ने बताया कि अवरुद्ध नाले के कारण गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे देशी-विदेशी पर्यटक, गोपीनाथ मंदिर आने वाले भक्तजन व दर्शक भारी परेशान हैं।

मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे उनकी आस्था को भी ठेस पहुंच रही है।

वर्षों से परेशान हैं ब्रजवासी

उन्होंने कहा कि भुमिया बुर्ज चौराहे से पहाड़ी रोड, मंसा देवी मंदिर, चरण पहाड़ी, देहरे वाली चामुंड मंदिर व अन्य जगहों पर जाने वाले ब्रजवासी वर्षों से इस समस्या से परेशान हैं।

सड़क पर पानी बहने से आवागमन में दिक्कत हो रही है, साथ ही दुर्गंध और मच्छरों के कारण बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। यह मार्ग कई वार्डों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, इसलिए समस्या और भी गंभीर हो जाती है।

स्थाई समाधान की मांग

पार्षद व पार्षद प्रतिनिधि ने मांग की है कि -

- नाले की शीघ्र सफाई कराई जाए
- सड़क पर बहते पानी को रोकने के लिए गहरी नाली बनाई जाए
- ताकि समस्या का स्थाई समाधान हो सके

वार्डवासियों ने भी नगरपालिका प्रशासन से अपील की है कि इस समस्या को गंभीरता से लेकर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए।

खुले ट्रांसफार्मर से मंडरा रहा हादसे का खतरा, वार्ड 3 की पार्षद मंजू शर्मा ने की पक्की बैरिकेडिंग की मांग

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

कामां -कामां कस्बा की वार्ड नंबर 3 में भुमिया बुर्ज चौराहे पर सड़क किनारे खुले पड़े ट्रांसफार्मर ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

इसी को लेकर वार्ड की नगरपालिका पार्षद मंजू शर्मा और पार्षद प्रतिनिधि रामगोपाल शर्मा ने खुले ट्रांसफार्मर की बढ़िया और पक्की बैरिकेडिंग कराने की मांग उठाई है।

मुख्य मार्ग पर मौत का खुला खतरा

वार्ड 3 का यह ट्रांसफार्मर मुख्य मार्ग पर लगा है। इसी रास्ते से रोजाना सैकड़ों लोग, स्कूली बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग, गोपीनाथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालु और देशी-विदेशी पर्यटक गुजरते हैं।

ट्रांसफार्मर के चारों तरफ न तो मजबूत जाली है, न दीवार है और न ही कोई बैरिकेडिंग। बच्चे खेलते-खेलते और जानवर अक्सर इसके पास पहुंच जाते हैं।

गंदा पानी + खुला ट्रांसफार्मर = डबल खतरा

पार्षद ने बताया कि वार्ड में अवरुद्ध नाले का गंदा पानी भी इसी ट्रांसफार्मर के पास से बहता है। गीली जमीन पर करंट फैलने का खतरा और भी ज्यादा बढ़ जाता है। बारिश के दिनों में तो यह खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलते भी देखी गई है, जिससे लोग दहशत में हैं।

पार्षद की मांग - हादसे से पहले हो कार्रवाई

पार्षद मंजू शर्मा ने नगरपालिका प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि - ट्रांसफार्मर के चारों तरफ मजबूत लोहे की जाली / पक्की बैरिकेडिंग लगाई जाए.वहां खतरे का बोर्ड लगाया जाए.ट्रांसफार्मर को सुरक्षित ऊंचाई पर किया जाए.आसपास फैले गंदे पानी की तुरंत निकासी की जाए

पार्षद ने कहा - "हादसा होने के बाद कार्रवाई का कोई मतलब नहीं, प्रशासन हादसे से पहले ही सुरक्षा व्यवस्था करे।"वार्डवासियों ने भी प्रशासन से अपील की है कि इस मांग को गंभीरता से लेकर जल्द से जल्द बैरिकेडिंग का काम शुरू कराया जाए।

गाजियाबाद में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 10 दारोगा समेत 14 पुलिस कर्मियों का तबादला; देखें पूरी लिस्ट

- ट्रांस हिंडन में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने में नाकाम रहने पर चौकी प्रभारी और दो कांस्टेबल के निलंबन के बाद, 10 दारोगा सहित 14 पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है
- बढ़ते अपराध रोकने में नाकाम रहने पर पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई
- एक चौकी प्रभारी और दो कांस्टेबल के निलंबन के बाद तबादले
- डीसीपी ट्रांस हिंडन ने 10 दारोगा सहित 14 कर्मियों को बदला



गाजियाबाद आशीष गौतम

साहिबाबाद (गाजियाबाद)। ट्रांस हिंडन में बढ़ते अपराध को रोकने में नाकाम चौकी प्रभारी और दो कांस्टेबल के निलंबन के बाद 10 दारोगा समेत 14 पुलिस कर्मियों के ट्रांसफर किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने लापरवाह पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

डीसीपी ट्रांस हिंडन रिजुल ने बताया कि साहिबाबाद थाने में तैनात दिनेश मलिक को कौशांबी थाने की वैशाली पुलिस चौकी, खोड़ा चौकी प्रभारी उदयवीर को टीला मोड़ थाने की फर्रुखनगर पुलिस चौकी, फर्रुखनगर पुलिस चौकी पर तैनात सत्यजीत सिंह को सिकंदरपुर पुलिस चौकी, सिकंदरपुर पुलिस चौकी पर तैनात अरुण कुमार को साहिबाबाद पाइप मार्केट पुलिस चौकी, क्यूआरटी पर तैनात सुशील राजपूत को शालीमार गार्डन थाने की करन गेट पुलिस चौकी, करन गेट पुलिस चौकी पर तैनात अनुज कुमार को खोड़ा चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

सिंकदरपुर पुलिस चौकी प्रभारी ललित कुमार को कौशांबी थाने व दारोगा दीपक भारद्वाज को टीला मोड़ थाने से लिंक रोड थाने भेजा गया है। साहिबाबाद थाना से दारोगा विकास कुमार को डीसीपी ट्रांस हिंडन पीआरओ बनाया गया है। पूर्व में पीआरओ की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रिंस चौधरी को इंदिरापुरम थाने भेजा है।

मुख्य आरक्षी विकास कुमार को डीसीपी कार्यालय से साहिबाबाद थाने, सतीश कुमार को एसीपी इंदिरापुरम कार्यालय और एसीपी शालीमार गार्डन कार्यालय से राजेश कुमार को पुलिस लाइन भेजा है। वहीं मीडिया सेल में तैनात कांस्टेबल अमित शर्मा को सर्विलांस सेल भेजा गया है।

कोरी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 29 नवंबर को

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा कोरी समाज सेवा समिति की मासिक बैठक रविवार को कबीर सभा भवन, कबीर नगर बांदा में संपन्न हुई। बैठक में समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले कोरी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह को इस वर्ष भी आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समारोह आगामी 29 नवंबर 2026, दिन रविवार को आयोजित किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सम्मान समारोह में उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने वर्ष 2026 में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक अथवा किसी अन्य स्नातक डिग्री की परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है।



समिति ने समस्त स्वजातीय बंधुओं, छात्र- छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने परिवार एवं समाज के ऐसे होनहार बच्चों का आवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर अवश्य जमा कराएं। आवेदन के साथ छात्र-छात्रा का अंकपत्र, आधार कार्ड की प्रति एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करना अनिवार्य होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र समिति कार्यालय, कबीर भवन, कबीर नगर बांदा अथवा समिति के किसी पदाधिकारी के पास 25 नवंबर 2026 तक जमा कर सकते हैं।

बैठक में समिति अध्यक्ष कालूराम वर्मा, उपाध्यक्ष हृदयेश कुमार वर्मा, मंत्री एडवोकेट शिवकुमार बुलेट, उपमंत्री कमलेश कुमार वर्मा, ऑडिटर पुष्पेश कुमार वर्मा, कार्यकारी सदस्य सचिन प्रताप सिंह तथा संरक्षक सदस्य चुनवाद कबीर एवं चंद्रपाल कोरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों में उत्साह और जागरूकता बढ़ाना है।

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की मासिक बैठक संपन्न, सदस्यता अभियान को गति देने पर जोर

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि०) की बांदा इकाई की मासिक बैठक रविवार, 15 नवंबर 2026 को ग्राम गुरेह स्थित अमर सिंह के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के जिलाध्यक्ष नीरज निगम एवं महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष रूपा गोयल ने संयुक्त रूप से की। बैठक में परिषद को अधिक सशक्त एवं मजबूत बनाने के साथ ही संगठन के विस्तार और सदस्यता अभियान को गति देने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष नीरज निगम ने कहा कि परिषद को बेहतर और मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। साथ ही परिषद के नियमों का पालन करते हुए संगठन के हितों को सर्वोपरि रखना आवश्यक है।



वहीं, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रूपा गोयल ने कहा कि परिषद की मजबूती के लिए अधिक से अधिक पत्रकार साथियों को संगठन से जोड़ना जरूरी है। इसके लिए सभी पदाधिकारी सदस्यता अभियान को गंभीरता से लेते हुए पत्रकारों को परिषद की सदस्यता दिलाने का प्रयास करें। इस दौरान रूपा गोयल ने मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी पत्र पर कड़ा विरोध जताते हुए इसे पत्रकारों के अधिकारों का हनन बताया। उन्होंने कहा कि पत्रकार स्वतंत्र रूप से पत्रकारिता करने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्हें स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता करने से रोकना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का अपमान है। उन्होंने कहा कि यदि किसी पत्रकार के विरुद्ध जबरन मुकदमा दर्ज कराया जाता है तो राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की बांदा इकाई संबंधित पत्रकार के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। उन्होंने जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा इस प्रकार का पत्र जारी किए जाने को निंदनीय बताया।

बैठक में उपस्थित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी अपने विचार रखे, जिन पर विस्तार से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सदस्यता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक पत्रकारों को परिषद से जोड़ना तथा संगठन को मजबूत बनाना रहा। साथ ही सभी सदस्यों को समान महत्व देते हुए आपसी एकजुटता के साथ परिषद की उन्नति एवं मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर नीरज निगम, रूपा गोयल, मितेश कुमार, संध्या धुरिया, प्रीति साहू, पूरन राय, अमर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जीवेश प्रकाश, आसिफ अली, सत्यनारायण निषाद, ललित कुमार, सुरेंद्र धुरिया, पुष्पेंद्र कुमार, मुलायम वर्मा सहित परिषद के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत 17 एमडी से सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती वीरपाल कौर को चुनाव चिन्ह केतली आवंटित किया गया है

महेन्द्र पाल मेघवाल ग्राम पंचायत 17 एमडी से सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती वीरपाल कौर को चुनाव चिन्ह केतली आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह मिलते ही उनके समर्थकों और कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है, और पूरे पंचायत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को और तेज कर दिया गया है।



चुनाव चिन्ह 'केतली को लेकर मतदाताओं में उत्साह

घर-घर पहुंच रहा संदेशः चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही श्रीमती वीरपाल कौर और उनकी टीम ने पंचायत के प्रत्येक चक, गांव और ढाणी में मतदाताओं तक 'केतली के निशान का संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है।

सर्वसमाज व मातृशक्ति का समर्थनः श्रीमती वीरपाल कौर की मिलनसार छवि, साफ-सुथरे व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें सर्वसमाज के बुजुर्गों, युवाओं और विशेषकर महिलाओं (मातृशक्ति) का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है।

पंचायत के चौमुखी विकास का संकल्प

सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती वीरपाल कौर ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वे चुनावी मैदान में उतरी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में निष्पक्षता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंचायत की देवतुल्य जनता से आगामी मतदान के दिन चुनाव चिन्ह केतली के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है

चुनाव चिन्ह 'केतली को लेकर मतदाताओं में उत्साह

महेन्द्र पाल मेघवाल ग्राम पंचायत 22एमडी से सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती राधा धर्म पत्नी लालचंद को चुनाव चिन्ह केतली आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह मिलते ही उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है, और पूरे पंचायत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को और तेज कर दिया गया है।

चुनाव चिन्ह 'केतली को लेकर मतदाताओं में उत्साह



घर-घर पहुंच रहा संदेशः चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही श्रीमती राधा धर्म पत्नी लालचंद और उनकी टीम ने पंचायत के प्रत्येक चक, गांव और ढाणी में मतदाताओं तक 'केतली के निशान का संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है।

सर्वसमाज व मातृशक्ति का समर्थनः श्रीमती राधा धर्म पत्नी लालचंद की मिलनसार छवि, साफ-सुथरे व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें सर्वसमाज के बुजुर्गों, युवाओं और विशेषकर महिलाओं (मातृशक्ति) का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है।

पंचायत के चौमुखी विकास का संकल्प

सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती राधा धर्म पत्नी लालचंद ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वे चुनावी मैदान में उतरी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में निष्पक्षता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंचायत की देवतुल्य जनता से आगामी मतदान के दिन चुनाव चिन्ह केतली के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है

चुनाव चिन्ह प्रेस को लेकर मतदाताओं में उत्साह

महेन्द्र पाल मेघवाल ग्राम पंचायत 2 जीडी से सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती अतवीर कौर गिल धर्म पत्नी संदीप सिंह गिल को चुनाव चिन्ह प्रेस आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह मिलते ही उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है, और पूरे पंचायत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को और तेज कर दिया गया है।

चुनाव चिन्ह प्रेस को लेकर मतदाताओं में उत्साह

घर-घर पहुंच रहा संदेशः चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही श्रीमती अतवीर कौर गिल धर्म पत्नी संदीप सिंह गिल और उनकी टीम ने पंचायत के प्रत्येक चक, गांव और ढाणी में मतदाताओं तक प्रेस के निशान का संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है।



सर्वसमाज व मातृशक्ति का समर्थनः श्रीमती अतवीर कौर गिल धर्म पत्नी संदीप सिंह गिल की मिलनसार छवि, साफ-सुथरे व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें सर्वसमाज के बुजुर्गों, युवाओं और विशेषकर महिलाओं (मातृशक्ति) का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है।

पंचायत के चौमुखी विकास का संकल्प

सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती अतवीर कौर गिल धर्म पत्नी संदीप सिंह गिल ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वे चुनावी मैदान में उतरी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में निष्पक्षता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंचायत की देवतुल्य जनता से आगामी मतदान के दिन चुनाव चिन्ह प्रेस के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है

अमित शाह ने राहुल गांधी पर साधा निशाना, बोले- अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को बदनाम करने से सत्ता नहीं मिलेगी, गांवों में उतरकर जनता के बीच काम करना पड़ता है

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली महाराष्ट्र के पुणे में रविवार, 15 नवंबर 2026 को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एनएचईसी मल्टी स्टेट सहकारी संस्था के भूमि पूजन एवं भारत टैक्सी के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने



हैदराबाद में आयोजित भारत समिट 2026 का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनावों में लगातार मिल रही हार की हताशा में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत, भारतीय लोकतंत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने भारत समिट का नाम तो भारत के नाम पर रखा, लेकिन वहां भारत विरोधी विचार व्यक्त कर पूरी दुनिया के सामने देश की छवि खराब करने का काम किया। उन्होंने कहा कि विदेशी दौरों और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भारत के खिलाफ बयान देने से सत्ता हासिल नहीं होती, बल्कि इसके लिए गांवों में जाकर जमीन पर उतरना और जनता के बीच काम करना पड़ता है।

एमसीडी पूर्वी क्षेत्र ने यमुना घाटों पर स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण अनुकूल छठ पूजा के लिए की व्यापक तैयारियां

पूजा सामग्री एवं अन्य कचरे के पृथक संग्रहण के लिए ट्विन-बिन ई-रिक्शा तैनात; तीन शिफ्टों में सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली छठ पूजा के दौरान यमुना घाटों पर स्वच्छता, साफ-सफाई एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिल्ली नगर निगम के पूर्वी क्षेत्र द्वारा व्यापक स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन व्यवस्था की गई है। इसके तहत यमुना घाटों के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर ट्विन-बिन सुविधा से युक्त ई-रिक्शा तैनात किए गए हैं। इनमें पूजा सामग्री एवं अन्य कचरे के पृथक संग्रहण के लिए अलग-अलग डस्टबिन उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने के साथ घाटों पर गंदगी फैलने से रोकी जा सके। स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारियों की तैनाती औपचारिक ड्यूटी आदेशों के माध्यम से तीन शिफ्टों में की गई है। ये कर्मचारी छठ पूजा से पूर्व, पूजा के दौरान तथा आयोजन के पश्चात घाटों की निरंतर साफ-सफाई सुनिश्चित करेंगे।



इसके अतिरिक्त, जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सूचना, शिक्षा एवं संचार (क्एउ) गतिविधियों पर विशेष जोर दिया गया है। इसके अंतर्गत नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से श्रद्धालुओं को पूजा सामग्री एवं अन्य कचरे के उचित निस्तारण तथा पर्यावरण अनुकूल तरीके से पर्व मनाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही, स्वच्छ एवं हरित छठ पूजा का संदेश देने वाले बैनर और पोस्टर भी प्रमुख स्थानों पर लगाए गए हैं।

वहीं, घाटों पर धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से पानी के छिड़काव के लिए वाटर स्प्रिंकलर एवं पानी के टैंकर भी तैनात किए गए हैं। इनके माध्यम से सभी घाटों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाएगा। एमसीडी पूर्वी क्षेत्र ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में निगम का सहयोग करें, पूजा सामग्री एवं अन्य कचरे को निर्धारित डस्टबिन में ही डालें तथा यमुना घाटों पर गंदगी न फैलाएं।

निगम का उद्देश्य है कि छठ महापर्व की आस्था एवं पवित्रता के साथ-साथ स्वच्छता, जनस्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के मूल्यों को भी प्राथमिकता दी जाए। सभी के सामूहिक सहयोग से इस छठ पूजा को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सकता है।

कार्तिक मास के तहत कामवन के विमल कुंड पर उमड़ा आस्था का सैलाब, भजन-कीर्तन पर झूमे श्रद्धालु

दैनिक सुनहरा संसार
ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

कामवन (डीग) - ब्रज की पावन धरती कामवन में स्थित प्रसिद्ध विमल कुंड पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा। दूर-दूर से आए महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने विमल कुंड में स्नान कर दर्शन किए और अपनी यात्रा को यादगार बनाया।

सुबह से ही विमल कुंड के घाटों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में, सिर पर चुनरी ओढ़े, भजन गाती हुई कुंड की परिक्रमा करती नजर आईं।









बुजुर्ग श्रद्धालु भी इस यात्रा में पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए।

कुंड के किनारे बैठकर श्रद्धालुओं ने कुछ पल शांति से बिताए और कुंड की सुंदरता को निहारा। कई श्रद्धालुओं ने वहां बैठकर सामूहिक फोटो भी खिंचवाई।

शाम को मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाएं हाथ उठाकर, ताली बजाकर भजनों पर झूमती नजर आईं।

पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने कहा कि कामवन की यात्रा में विमल कुंड के दर्शन के बिना यात्रा अधूरी है।

कामां में जलदाय विभाग की बड़ी लापरवाही, रोजाना हजारों लीटर पानी हो रहा बर्बाद, विभाग नहीं दे रहा ध्यान

दैनिक सुनहरा संसार
ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

कामां (डीग) - एक तरफ सरकार पानी बचाने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है, वहीं दूसरी तरफ कामां में जलदाय विभाग की लापरवाही के चलते रोजाना हजारों लीटर शुद्ध पानी सड़कों पर बहकर बर्बाद हो रहा है। बार-बार शिकायत के बावजूद विभाग ने अभी तक लीकेज ठीक नहीं किया है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है।

न्यू बस स्टैंड चुंगी पर सड़क बनी तालाब



न्यू बस स्टैंड चुंगी के पास मुख्य रास्ते पर पाइपलाइन से लगातार पानी बह रहा है। पानी बहने से सड़क पर जलभराव हो गया है। राहगीरों, वाहन चालकों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ और फिसलन के कारण हादसे का खतरा भी बना हुआ है।

यह समस्या एक-दो दिन की नहीं - गोविन्द कनवाड़ा

स्थानीय निवासी गोविन्द कनवाड़ा ने बताया कि यह समस्या एक-दो दिन की नहीं, बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद लीकेज ठीक नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि विभाग की अनदेखी से ही पानी की बबार्दी हो रही है।

विमल कुंड पर भी दो जगह लीकेज

इसी तरह श्री तीर्थराज विमल कुंड पर भी दो स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से लगातार पानी बह रहा है। यहां दोनों तरफ से पानी व्यर्थ बह रहा है।

तीर्थ नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को भी इससे परेशानी हो रही है।

लोगों का कहना है कि एक ओर पानी की बचत को लेकर जागरूकता की बात की जाती है, वहीं दूसरी ओर विभागीय लापरवाही से हजारों लीटर पानी रोजाना बर्बाद हो रहा है।

लोगों की मांग - तुरंत ठीक हो लीकेज

स्थानीय लोगों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि न्यू बस स्टैंड चुंगी और श्री तीर्थराज विमल कुंड पर पाइपलाइन लीकेज को तत्काल दुरुस्त करवाया जाए, ताकि पानी की बबार्दी रोकी जा सके और आमजन को राहत मिले।

पेंशनर समाज उपशाखा कामां की बैठक में बड़े फैसले, सम्मान की आयु 80 से घटाकर 75 वर्ष की

लाइव सर्टिफिकेट 30 नवंबर तक जमा कराने की अपील, आगामी अधिवेशन में होगा दाल-बाटी-चूरमा

दैनिक सुनहरा संसार
ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

कामां -आज दिनांक 15/11/2026 को पेंशनर समाज उपशाखा कामां की बैठक अध्यक्ष भगवत प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनरों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से कई बड़े निर्णय लिए गए।

लाइव सर्टिफिकेट 30-11-26 तक अनिवार्य

सर्वप्रथम देवेन्द्र जैन ने सभी पेंशनर / फैमिली पेंशनर को याद



दिलाते हुए बताया कि सभी पेंशनर 30-11-2026 तक अपना लाइव सर्टिफिकेट अवश्य जमा करा दें।उन्होंने बताया कि इसे अपने फोन से ही किसी भी राजकीय कर्मी की ररड क्ळ से ऑनलाइन कराया जा सकता है। इसलिए अंतिम तिथि का इंतजार न करें, समय पर प्रमाण-पत्र जमा कराएं, ताकि पेंशन में कोई रुकावट न आए।

सम्मान की आयु में बड़ी राहत

अध्यक्ष भगवत प्रसाद शर्मा ने प्रस्तावित किया कि 1945 तक के



जन्मे पेंशनर / फैमिली पेंशनर का विगत 2026 के अधिवेशन में सम्मानित किया जाना चाहिए।इस पर देवेन्द्र जैन ने प्रस्ताव रखा कि सम्मान हेतु आयु 80 वर्ष के स्थान पर 70 वर्ष की जाए।लंबी चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि -सम्मान करने की आयु 80 वर्ष से घटाकर 75 वर्ष कर दी गई

- 90 वर्ष के स्थान पर अब 85 वर्ष पर सम्मानित किया जाएगा

इस निर्णय से अब ज्यादा संख्या में बुजुर्ग पेंशनरों को सम्मान का लाभ मिलेगा। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने इस फैसले का स्वागत किया।

आगामी अधिवेशन में दाल-बाटी-चूरमा

आगामी अधिवेशन हेतु सर्वसम्मति से दाल-बाटी-चूरमा डाइट रखने का निर्णय हुआ। साथ ही नाश्ते की भी व्यवस्था की जाएगी।

पेंशनर भवन के लिए जिला कलेक्टर से मिलेंगे

पेंशनर भवन हेतु खाली पड़े भवन को आवंटित कराने के लिए जिला कलेक्टर महोदय से मिलने का निर्णय लिया गया।इसके लिए सर्वसम्मति से एक कमेटी बनाई गई, जिसमें -अध्यक्ष भगवत प्रसाद शर्मा,श्याम गौतम, सुभाष चन्द्र खण्डेलवाल,देवेन्द्र जैन

शामिल रहेंगे। यह कमेटी जल्द ही कलेक्टर से मिलकर पेंशनर भवन की मांग रखेगी।

दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि

अंत में दिवंगत आत्मा गोपाल चौधरी, चन्द्रवीर,भगवान चन्द्र सहित अन्य दिवंगत पेंशनरों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक में सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत करने और पेंशनरों की समस्याओं को एकजुट होकर उठाने का संकल्प लिया।

पुलिस अधिकारी एवं पत्रकार की ऑडियो,सीएम के गृह क्षेत्र भरतपुर में खाकी हुई शर्मसार, घमंडी सीओ की दबंगई का ऑडियो वायरल

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

भरतपुर - सीएम भजनलाल शर्मा के गृह क्षेत्र भरतपुर में चल रहे पंचायत समिति चुनाव के चौथे चरण के मतदान के बीच पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है।

आमजन ने ग्रामीण वृत्ताधिकारी (सीओ) पर हठधर्मी, घमंडी और तुगलकी कार्यशैली अपनाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि पुलिस अधिकारी हाथ में लाठी लेकर खुद को जिला एसपी समझते



हुए महिला एवं पुरुष मतदाताओं से दबंगई और गुंडई युक्त व्यवहार कर रहा था।

सच्चाई जानने के लिए किया फोन, तो पत्रकार से भी की बदतमीजी

उक्त मामले की सच्चाई जानने के लिए जब पत्रकार ने पुलिस अधिकारी को फोन कॉल किया, तो अधिकारी ने खाकी की धज्जियां उड़ाते हुए पत्रकारों से भी बदतमीजी से बात की।

ऑडियो में अधिकारी अपने घमंड रूपी व्यवहार से खाकी को कलंकित करता नजर आ रहा है और पुलिस विभाग की छवि को मिट्टी में मिला रहा है।

पत्रकार द्वारा फोन कॉल पर पूछे गए सवालों से बौखलाए अधिकारी ने सवालों का सम्मानजनक जवाब देने की जगह अभद्रतापूर्ण जवाब देकर फोन कॉल काट दिया। कॉल कटने के बाद पत्रकार द्वारा अधिकारी को उसकी ही भाषा में जवाब देने के लिए फिर से किए गए फोन कॉल, अधिकारी द्वारा उठाए नहीं गए।

14 नवंबर को था चौथे चरण का मतदान

गौरतलब है कि गत 14 नवंबर 2026 को भरतपुर जिले की 3 पंचायत समितियों रूपवास, खानुआ और चिकोरा में चौथे चरण का मतदान चल रहा था। बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे थे और इसी दौरान घमंडी अधिकारी द्वारा वर्दी के घमंड में खाकी की कार्यशैली को तार-तार कर दिया गया।

सीएम के गृह क्षेत्र में पुलिस अधिकारी की दबंगई एवं गुंडई ने खाकी पर सवालिया निशान लगा दिया है। साथ ही पुलिस अधिकारी एवं पत्रकार के बीच हुई बातचीत का ऑडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

लोगों की मांग - निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारी पर हो सख्त कार्रवाई

भरतपुर के लोगों ने दोषी सीओ पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है.

मानव सेवा ही सर्वोपरि : कोकिलावन स्थित अपना घर आश्रम में प्रभुजी की सेवा हेतु भिजवाई 39वीं सब्जी सेवा

दैनिक सुनहरा संसार
ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

कामवन (डीग) - निराश्रित एवं दीन-दुखियों की सेवा में "मानव सेवा ही सर्वोपरि" के लक्ष्य को साकार करते हुए अपना घर सेवा समिति कामां ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की।

समिति द्वारा कोकिलावन स्थित अपना घर आश्रम में आवासित प्रभु जी के लिए प्रति पखवाड़े सब्जी की सेवा पहुंचाई जाती है। इसी क्रम में आज दिनांक 15 नवम्बर 2026, रविवार को माह के तृतीय रविवार को कामां इकाई द्वारा सब्जी



की 39वीं (उनतालीसवीं) सेवा कामवन इकाई के सचिव सुरेश सोनी के नेतृत्व में कोकिलावन आश्रम के वाहन द्वारा भिजवाई गई।

एक वर्ष से अधिक समय से अनवरत जारी है सेवा

अपना घर इकाई कामवन के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी ने बताया कि इकाई द्वारा हर माह के प्रथम एवं तृतीय रविवार को प्रभुजी की सेवा के लिए सब्जी की सेवा प्रदान करने का प्रकल्प प्रारम्भ किया हुआ है, जो समिति एवं भामाशाहों के सहयोग से पिछले एक वर्ष से अधिक समय से अनवरत रूप से जारी है। इस बार की इस सेवा में जीव सेवा समिति के अध्यक्ष भागचंद जैन का विशेष सहयोग रहा।

सब्जी के साथ फिनायल, शैम्पू व अन्य सामग्री भी भिजवाई

समिति के कोषाध्यक्ष मनोज गोयल गंगोरा वाले ने बताया कि प्रभुजी की चिट्ठी के आधार पर आश्रम की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 10 लीटर फिनायल, 100 पीस शैम्पू, 10 पीस सेविंग क्रीम व 5 पीस वाईपर भी आश्रम को भिजवाए गए।

ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में कामां इकाई के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी, मनोज गोयल गंगोरा वाले, सुरेश सोनी, जायंट्स ग्रुप ऑफ कामवन अध्यक्ष खेमराज खंडेलवाल, नेमी चन्द खंडेलवाल, सुदर्शन अग्रवाल, मोहन जी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

इसके साथ ही सब्जी मण्डी से हरिओम खंडेलवाल, सतीश सोंखिया, पंकज सोंखिया, अशोक सैनी पूर्व पार्षद, महेश सैनी आढ़ती, मौनी खंडेलवाल, निरोत्तम आढ़ती, पप्पू सैनी, श्याम सैनी एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

जनपद फिरोजाबाद के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी एनयूएचएम डॉ. दीपेन्द्र यादव ने तीन नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा

फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को उनके निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुलभ, निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 15 नवम्बर 2026, रविवार को जनपद फिरोजाबाद के समस्त ग्रामीण एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर माननीय मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी फिरोजाबाद डॉ. राम बदन राम के निर्देशन में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के माध्यम से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के नागरिकों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। मेले में सामान्य रोगों की जांच एवं उपचार, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की स्क्रीनिंग, संचारी एवं गैर-संचारी रोगों की जांच, परिवार नियोजन संबंधी परामर्श तथा आवश्यक औषधियों के निःशुल्क वितरण सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गईं।

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपेन्द्र यादव द्वारा तीन नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण इसी क्रम में डॉ. दीपेन्द्र यादव, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (ठवल्ट), फिरोजाबाद द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दमामल नगर, कौशल्या नगर एवं हाजीपुरा का निरीक्षण किया



गया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. दीपेन्द्र यादव द्वारा तीनों स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों, मरीजों को प्रदान की जा रही चिकित्सा सेवाओं तथा उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इस दौरान स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, मरीजों के पंजीकरण, ओपीडी सेवाओं, आवश्यक औषधियों की उपलब्धता, जांच सुविधाओं, साफ-सफाई, मरीजों के बैठने एवं पेयजल की व्यवस्था तथा स्वास्थ्य संबंधी अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा की गई।

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दमामल नगर का निरीक्षण

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दमामल नगर के निरीक्षण के दौरान डॉ. दीपेन्द्र यादव द्वारा मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई।

उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र पर आने वाले मरीजों को आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय परामर्श, जांच एवं निःशुल्क औषधियां उपलब्ध कराने तथा मरीजों के पंजीकरण एवं उपचार संबंधी अभिलेखों का समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कौशल्या नगर का निरीक्षणनगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कौशल्या नगर के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के संचालन, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं लाभार्थियों को प्रदान की जा रही चिकित्सा सुविधाओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, नियमित टीकाकरण, परिवार नियोजन कार्यक्रम, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग तथा अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य केन्द्र पर आने वाले प्रत्येक मरीज को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हाजीपुरा का निरीक्षण

इसी क्रम में डॉ. दीपेन्द्र यादव द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हाजीपुरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों एवं आमजन को प्रदान की जा रही सेवाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया तथा स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केन्द्र पर संचालित गतिविधियों, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

डॉ. दीपेन्द्र यादव द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र पर कार्यरत चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में आने वाले प्रत्येक लाभार्थी को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की भी समीक्षा की गई, जिनमें प्रमुख रूप से निम्नलिखित कार्यक्रम सम्मिलित रहे–

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (ठल्ट) एवं राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (ठवल्ट)।
2. मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम।
3. नियमित टीकाकरण एवं मिशन इन्द्रधनुष।
4. प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (ढटरटअ)।
5. जननी सुरक्षा योजना (खर) एवं जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (खररड)।
6. राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (ठळएढ)।
7. राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम (ठछएढ)।
8. राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम।
9. राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम (ठढ-ठउऊ)।
10. मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की स्क्रीनिंग।
11. परिवार नियोजन एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम।
12. आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना।
13. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आभा आईडी निर्माण।
14. ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवाएं।
15. राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (फ्हरड)।
16. राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (फ्ठरड)।
17. संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान से संबंधित गतिविधियां।
18. स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक औषधियों एवं जांच सुविधाओं की उपलब्धता।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

डॉ. दीपेन्द्र यादव द्वारा संबंधित चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के अंतर्गत आने वाले सभी मरीजों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श, जांच एवं औषधियां उपलब्ध कराई जाएं।

साथ ही गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। गंभीर रोगियों को आवश्यकतानुसार उच्च चिकित्सा संस्थानों में संदर्भित किया जाए।

उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ-सफाई, संक्रमण नियंत्रण, आवश्यक औषधियों की उपलब्धता, जांच सुविधाओं, मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार तथा समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में प्रदान की गई स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों की संख्या, जांच एवं उपचार संबंधी विवरण तथा अन्य आवश्यक सूचनाओं का निर्धारित पोर्टल एवं अभिलेखों में समयबद्ध अंकन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना झ मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी फिरोजाबाद डॉ. राम बदन राम ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों को उनके निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुलभ, निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के माध्यम से विभिन्न बीमारियों की प्रारम्भिक अवस्था में पहचान कर समय से उपचार सुनिश्चित करने तथा आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त चिकित्सा अधीक्षकों, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का प्रत्येक रविवार को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में उपलब्ध निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

शिकोहाबाद के सबसे प्राचीन मंदिर सैकड़ो वर्ष पुराने तुइया वाले मंदिर को जाने वाली सड़क का निर्माण शुरू

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा नगर शिकोहाबाद के सबसे प्राचीन सैकड़ो वर्ष पुराने तुइया वाले मंदिर को जाने वाली सडक का निर्माण कार्य नगर पालिका के द्वारा जोरों से समय-समय पर नगर पालिका प्रतिनिधि राजीव गुप्ता एवं अधिकारी गणों द्वारा सही मानक एवं गुणवत्ता को मध्य नजर रखते हुए मौके पर उपस्थित होकर प्रमाण कार्य जारी, वहीं नगर पालिका प्रतिनिधि राजीव गुप्ता ने बताया विगत कई महीनो से



पूजा अर्चना को जाने वाले श्रद्धालुओं को इस सड़क से काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था, बारिश के दिनों में भी सड़क पर कीचड़ का सामना करना पड़ता था, यहां के ग्राम वासियों को भी सड़क संबंध काफी समस्या थी उसी को नजर में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रानी गुप्ता निदेर्शानुसार सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, वहीं उपस्थित ग्राम वासियों का कहना है इतनी अच्छी एवं ऐसी गुणवत्ता वाली सड़क जो इस मार्ग पर बनाई जा रही है वाकई नगर पालिका द्वारा कराएगी इस कर की सराहना हो रही है

मिशन शक्ति फेज-06 के तहत फिरोजाबाद पुलिस की सराहनीय पहल, 22 पारिवारिक विवादों में कराया गया समझौता

मिशन शक्ति अभियान फेज-06 के अंतर्गत जनपद फिरोजाबाद में पुलिस द्वारा पारिवारिक विवादों के निस्तारण की दिशा में सराहनीय पहल की जा रही है

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा जनपद फिरोजाबाद के विभिन्न थानों पर संचालित महिला हेल्प डेस्क एवं परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से पारिवारिक विवादों से



संबंधित मामलों में दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर आपसी संवाद एवं समझाइश के जरिए कुल 22 पारिवारिक विवादों में सफलतापूर्वक समझौता कराया गया।पुलिस की इस पहल से आपसी मतभेद दूर कर परिवारों को पुनः एकजुट करने में मदद मिली है। फिरोजाबाद पुलिस द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ पारिवारिक विवादों का संवेदनशीलता एवं पारस्परिक सहमति के आधार पर निस्तारण कराया जा रहा है।

फिरोजाबाद पुलिस झ महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध

"भाजपा सरकार जनता के द्वार"

दैनिक सुनहरा संसार विधायक सदर श्री मनीष असीजा की ओर से "सेवा संकल्प अभियान" के तहत दिनांक 16 नवंबर 2026 से उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा तथा जनसमस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किये जाने का प्रयास होगा।



शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, आधार कार्ड (1 से 5 वर्ष तक), आयुष्मान कार्ड (70 वर्ष), जिला उद्योग केंद्र आवेदन, नए लेबर कार्ड एवं संबंधित कार्य, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, दिव्यांग पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, सुकन्या सुमंगला योजना, दिव्यांग प्रमाण पत्र, राशन कार्ड न्यू एवं यूनिट ऐड आवेदन, स्वनिधि योजना, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाणपत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य जांच, विद्युत विभाग, जलकल विभाग एवं बैंक संबंधित समस्याओ का समाधान का प्रयास किया जाएगा।

कल का शिविर आशीर्वाद पैलेस पीडी जैन स्कूल के सामने कोटला रोड पर प्रात 9:00 बजे से लगाया जाएगा

लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर खीरी में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ भव्य वार्षिकोत्सव स्पार्क 2026

शीरी जैदी सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। लखनऊ पब्लिक स्कूल की लखीमपुर खीरी शाखा में वार्षिकोत्सव स्पार्क 2026 बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विजय सचदेवा ने सभी अतिथियों का स्वागत पौधे (सैपलिंग) भेंट कर किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ सीनियर विंग के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक माँ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं शानदार मंचीय प्रदर्शन से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में अनेक आकर्षक प्रस्तुतियाँ देखने को मिलीं। इनमें महान धावक मिल्खा सिंह के प्रेरणादायक जीवन पर आधारित ह्यद फ्लाइंग मिल्खा, नन्हे-मुन्ने बच्चों की कल्पनाओं एवं सपनों को साकार करता ह्यवेलकम टू द वर्ल्ड ऑफ ड्रीम्स,



पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता स्पीड ऑफ जंगल, लय एवं ताल का अद्भुत संगम ड्रिल स्पेक्टेकल्स, भारत-रूस की मित्रता एवं सांस्कृतिक विरासत को दशार्ता ह्यटू नेशन विजन, कल्कि अवतार एवं बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता कलयुग, मधुर गीतों से सजी सिंगिंग स्पेक्ट्रम, मानवीय भावनाओं एवं विविध रंगों को प्रस्तुत करता शेड्स ऑफ ह्यूमैनिटी तथा विभिन्न नृत्य शैलियों का अनूठा संगम स्विच डाइमेंशन विशेष आकर्षण रहे। सभी प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा।

समारोह के दौरान आई.सी.एस.ई. परीक्षा 2026 में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 41 मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं सैपलिंग भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही, उनके अभिभावकों को शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह में विशेष अतिथि के रूप में श्री वी. विक्रमन, डी.आई.जी., सशस्त्र सीमा बल एवं श्री उत्कर्ष वर्मा, सांसद, खीरी उपस्थित रहे। अन्य गणमान्य अतिथियों में श्रीमती कांति सिंह, वर्तमान एम.एल.सी., लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस के फाउंडर चेयरमैन एवं सांसद डॉ. एस.पी. सिंह पटेल; समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष श्री अनुराग पटेल एवं कार्यकर्ता श्री हिमांशु पटेल, जूलियन डे स्कूल की एम.डी. श्रीमती प्रेरणा वर्मा पितारिया, एल.पी.एस.,हरदोई प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता वर्मा, विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राएं क्रमशः आई.ए.एस. अधिकारी श्री सचिन वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी निधि वर्मा तथा ब्रांच मैनेजर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया श्री आदर्श मोहन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने अपनी प्रतिभा एवं उत्कृष्ट मंचीय प्रदर्शन से समारोह को यादगार बनाने वाले सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा सम्मानित मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस के फाउंडर चेयरमैन एवं सांसद डॉ. एस.पी. सिंह पटेल ने विद्यालय संस्था की निरंतर प्रगति, शैक्षिक विस्तार एवं दूरदर्शी सोच की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में आयोजित शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से भी किया गया, जिससे सभी दर्शकों को भी इस भव्य आयोजन से जुड़ने और देखने का अवसर मिला।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विजय सचदेवा ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बनाने में विद्यालय परिवार के समस्त कर्मचारियों, शिक्षकों एवं इंचार्जों द्वारा किए गए अथक परिश्रम एवं समर्पण की सराहना करते हुए सभी को धन्यवाद दिया।

यातायात पुलिस फिरोजाबाद की यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध व्यापक कार्यवाही, कार्यवाही के दौरान कुल 741 वाहनों का चालान कर जुमार्ना अधिरोपित किया गया

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा





वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल नेतृत्व में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में आज दिनांक 15-11-2026 को यातायात पुलिस फिरोजाबाद द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो, ई-रिक्शा एवं अन्य वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए ओवरस्पीड, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, वाहनों में साउंड स्पीकर लगाकर संचालित करने तथा स्टंट एवं तेज गति से बाइक चलाने वालों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई । साथ ही वाहन चालकों को सदैव यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया गया ।

अभियान के दौरान की गई कार्यवाही का विवरण निम्नवत है

1. ऑटो/ई-रिक्शा के विरुद्ध कुल 42 चालान किए गए ।
2. क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर संचालित किए जा रहे ऑटो के विरुद्ध 38 चालान किए गए ।
3. साउंड स्पीकर लगाकर संचालित किए जा रहे ई-रिक्शा के विरुद्ध 55 चालान किए गए ।
4. ओवरस्पीड वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 53 चालान किए गए ।
5. स्टंट एवं तेज गति से बाइक चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 04 चालान किए गए ।
6. अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 549 चालान किए गए ।

इस प्रकार अभियान के दौरान कुल 741 चालान किए गए।

फिरोजाबाद पुलिस द्वारा वाहन चालकों से अपील की जाती है कि निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। ऑटो एवं ई-रिक्शा में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही सवारियां बैठाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें। यातायात नियमों का पालन स्वयं की एवं दूसरों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में फिरोजाबाद पुलिस का सहयोग करें ।

गौड़-सनाढ्य ब्राह्मण समाज कामवन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, निर्वाचित सदस्यों को मिले प्रमाण-पत्र

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामवन - गौड़-सनाढ्य ब्राह्मण समाज, कामवन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आज दिनांक 15 नवंबर 2026 को समाज अध्यक्ष राजूलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन कमेटी द्वारा समाज के सभी निर्वाचित सदस्यों को उनके निर्वाचन से संबंधित प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने वाली निर्वाचन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया. बैठक में अध्यक्ष राजूलाल शर्मा,उपाध्यक्ष चेतन कटारा,उमाशंकर दफ्तरी,अनिल अवस्थी,राधेश्याम दीक्षित संगठन मंत्री अशोक पुजारी,कोषाध्यक्ष राधारमण तिवारी,सांस्कृतिक मंत्री अनिल पाठक,शिक्षा एवं संस्कार मंत्री देवेश पाराशर, प्रचार मंत्री सुरेंद्र उर्फ सुरीला सहित कार्यकारिणी सदस्य लालाराम पाराशर,हरिराम शर्मा,आशीष कौशिक,कुमार गौरव शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे.

निर्वाचन समिति का हुआ सम्मान

बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े मुख्य निर्वाचन अधिकारी भगवत प्रसाद शर्मा,सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र शर्मा टाटा,चुनाव कमेटी अध्यक्ष - रमाकांत शर्मा, सदस्य टिंक्वल शर्मा भी उपस्थित रहे। पूर्व अध्यक्ष व अन्य गणमान्य भी रहे मौजूद बैठक में समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉ.तथा समाज के महामंत्री श्याम शर्मा सहित समाज के अन्य सदस्य योगेश पुजारी भी मौजूद रहे। बैठक में समाज के विकास, एकता, संस्कार और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने मिलकर समाज हित में काम करने का संकल्प लिया।

कार्तिक मास की कथा - सातवां कोठा

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी





एक नगर में एक ब्राह्मण और ब्राह्मणी रहते थे। दोनों रोज सुबह 7 कोस दूर गंगा और यमुना नदी में स्नान करने जाते थे।

इतनी दूर आने-जाने से ब्राह्मणी बहुत थक जाती थी। एक दिन उसने अपने पति से कहा - "हमारा एक पुत्र होता तो कितना अच्छा रहता। पुत्र की बहू आती तो घर वापस आने पर खाना बना हुआ मिलता और बहू घर का सारा काम भी कर देती।"

ब्राह्मण बहू लाने निकला

पत्नी की बात सुनकर ब्राह्मण बोला - "तूने बात तो सही कही, चल मैं तेरे लिए बहू ही ले आता हूँ।"

उसने पत्नी से कहा - एक पोटली में आटा डालकर कुछ मोहरें रख दे। पत्नी ने पोटली बांधकर दे दी, और पोटली लेकर ब्राह्मण चल दिया।

यमुना किनारे लड़की मिली

सफर में यमुना के किनारे उसे बहुत सुंदर लड़कियां दिखीं। वे रेत में घर बनाकर खेल रही थीं। उनमें से एक लड़की बोली - "मैं अपना घर नहीं बिगाड़ूंगी, मुझे तो रहने के लिए यही घर चाहिए।"

उस लड़की की बात सुनकर ब्राह्मण मन ही मन सोचने लगा - बहू बनाने के लिए यही लड़की उचित है।

जब वह लड़की जाने लगी तो ब्राह्मण भी उसके पीछे-पीछे उसके घर तक चला गया। वहां जाकर ब्राह्मण ने उस लड़की से कहा - "बेटी, कार्तिक मास चल रहा है इसलिए मैं किसी के घर खाना नहीं खाता। मैं अपने साथ आटा लेकर आया हूँ। तुम अपनी माता से पूछो कि क्या वह मेरे लिए आटा छानकर चार रोटी बना देगी? यदि वह मेरा आटा छानकर रोटी बनाएगी तो ही मैं रोटी खाऊंगा।"

लड़की की मां ने आटा छाना

लड़की ने जाकर अपनी मां को सारी बात बताई। मां ने कहा - उचित है, ब्राह्मणदेव से कह दो वह अपना आटा दे दे, मैं रोटी बना दूंगी।

जब वह आटा छानने लगी तो आटे में से मोहरें निकलीं। वह सोचने लगी - जिसके आटे में इतनी मोहरें हैं, उसके घर में कितनी मोहरें होंगी।

खांड-कटोरे से विवाह

जब ब्राह्मण खाना खाने बैठा तो लड़की की मां ने पूछा - क्या आपका कोई लड़का है और क्या आप उस लड़के की सगाई करने जा रहे हो?

ब्राह्मण ने कहा - मेरा लड़का तो काशी में पढ़ने गया हुआ है, लेकिन यदि तुम कहो तो खांड-कटोरे से विवाह करके तेरी बेटी को अपने साथ ले जाऊं।

लड़की की मां ने कहा - ठीक है ब्राह्मणदेव। इस पर उसने लड़की की खांड-कटोरे से शादी करके ब्राह्मण के साथ भेज दिया।

बहू घर आई

ब्राह्मण ने घर आकर कहा - रामू की मां, दरवाजा खोलकर देख, मैं तेरे लिए बहू लेकर आया हूँ।

ब्राह्मणी भीतर से ही बोली - हमारे तो कोई बेटा-बेटी नहीं है तो बहू कहां से आए। दुनिया ताने मारती थी, अब आप भी मारने लगे।

ब्राह्मण ने कहा - तू दरवाजा खोलकर तो देख। जब ब्राह्मणी ने दरवाजा खोला तो सामने बहू को खड़ी देखा। उसने बहू का स्वागत किया और आदर-सत्कार से अंदर ले गई।

बहू की सेवा

अब जब ब्राह्मण अपनी पत्नी के साथ नदी स्नान करने जाता तो पीछे से बहू घर का सारा काम करके और खाना बनाकर रखती थी। वह उनके कपड़े धोती और रात को हाथ-पैर भी दबाती थी।

इस तरह बहुत दिन बीत गए। ब्राह्मणी ने अपनी बहू से कहा कि - बहू कभी भी चूल्हे की आग मत बुझने देना और मटके का पानी खत्म मत होने देना।

परंतु एक दिन चूल्हे की आग बुझ गई।

पड़ोसन ने कान भर दिए

यह देखकर बहू घबरा गई और भागी-भागी अपनी पड़ोसन के पास गई और कहा - मेरे चूल्हे की आग बुझ गई है, मुझे थोड़ी आग चाहिए। मेरे सास-ससुर सुबह 5 बजे से गए हुए हैं। वह थके हुए घर आएंगे इसलिए मुझे उनके लिए खाना बनाना है।

यह सुनकर पड़ोसन ने कहा - तू तो बावली है, तुझे यह दोनों मिलकर पागल बना रहे हैं। इनके कोई पुत्र नहीं है। यह निःसंतान हैं।

बहू ने कहा - नहीं, ऐसा मत बोलो, इनका बेटा तो काशी में पढ़ने गया हुआ है।

इस पर पड़ोसन ने कहा - यह तुझे झूठ बोलकर लाए हैं। मेरी बात सच मान, इनके कोई बेटा नहीं है।

अब बहू पड़ोसन की बातों में आ गई और कहने लगी - अब आप ही बताओ मैं क्या करूं।

पड़ोसन की बुरी सलाह

पड़ोसन ने कहा - करना क्या है, जब तुम्हारे सास-ससुर आएं तो जली हुई रोटियां बनाकर देना और बिना नमक की दाल बनाकर देना। खीर की कड़छी दाल में और दाल की कड़छी खीर में डाल देना।

पड़ोसन ने उसे अच्छे से सिखा पढ़ा दिया। फिर जब सास-ससुर घर आए तो उसने न तो उनका आदर-सत्कार किया न ही उनके कपड़े धोए। जब उसने सास-ससुर को खाना दिया तो सास बोली - बहू आज यह रोटियां जली हुई क्यों हैं और दाल भी अलूनी है।

तब बहू ने पलटकर कहा - एक दिन ऐसा खाना खा लोगे तो कुछ बिगड़ नहीं जाएगा तुम्हारा।

सातों कोठों की चाबी

सास-ससुर को खरी-खोटी सुनाकर वह फिर से पड़ोसन के पास गई और बोली - अब आगे क्या करना है।

पड़ोसन ने कहा - अब तुम सातों कोठों की चाबी मांग लेना।

अगले दिन जब भी स्नान करने के लिए जाने लगे तो बहू अड़ गई कि मुझे तो सातों कोठों की चाबी चाहिए।

तब ससुर ने कहा - इसे चाबी दे दो। तब सास ने बहू को चाबी दे दी।

सातवां कोठा खुला

सास-ससुर के जाने के बाद जब बहू ने दरवाजे खोले तो देखा कि किसी में अन्न भरा है, किसी में धन भरा है और किसी कोठे में बर्तन पड़े हैं। जब उसने सबसे ऊपर का सातवां कोठा खोला तो देखा कि शिवजी, पार्वती माता, गणेशजी, लक्ष्मी माताजी, पीपल पथवारी, कार्तिक के ठाकुर, राई दामोदर, तुलसीजी का बिड़वा, गंगा-यमुना और 33 कोटि देवी देवता विराजम

हजरतगंज में कंपनी के छह कंप्यूटर सिस्टम चोरी, सफाई कर्मचारी पर लगा आरोप

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह
जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी के हजरतगंज स्थित अशोक मार्ग पर एक निजी कंपनी के कार्यालय से छह कंप्यूटर सिस्टम और छह यूपीएस चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी प्रबंधन ने अपने ही सफाई कर्मचारी पर चोरी का आरोप लगाते हुए हजरतगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। कंपनी का दावा है कि कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग में कर्मचारी चोरी की घटना को अंजाम देते हुए दिखाई दे रहा है। हालांकि, पूछताछ किए जाने पर उसने चोरी करने से इनकार कर दिया। पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, गोल्डरश सेल्स एंड सर्विसेज लिमिटेड का कार्यालय 19, अशोक मार्ग पर स्थित है। कंपनी में पिछले करीब 20 वर्षों से एकाउंट हेड के पद पर कार्यरत अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2026 के बीच कार्यालय में रखे छह सीपीयू और छह यूपीएस गायब हो गए। कंपनी प्रबंधन के अनुसार, चोरी की घटना सुबह करीब सात से आठ बजे के बीच हुई। कंपनी की ओर से जब सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो उसमें कंपनी का सफाई कर्मचारी कृष्णा कथित तौर पर कंप्यूटर सिस्टम चोरी करते हुए दिखाई दिया। इसके बाद अंकुर श्रीवास्तव ने कर्मचारी से इस संबंध में पूछताछ की, लेकिन उसने चोरी में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि घटना से संबंधित सीसीटीवी रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित है। इस चोरी से कंपनी को केवल कंप्यूटर उपकरणों का ही नुकसान नहीं हुआ, बल्कि उसका वर्षों पुराना महत्वपूर्ण व्यावसायिक रिकॉर्ड भी प्रभावित हो गया है। शिकायत के मुताबिक, चोरी हुए सीपीयू में पिछले दस वर्षों से अधिक का लेखा-जोखा, बिक्री रसीदों का विवरण, ग्राहकों का डाटा, बैलेंस शीट, आयकर रिटर्न और ऑडिट से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज डिजिटल रूप में सुरक्षित थे। कंपनी का कहना है कि इन रिकॉर्डों के अभाव में अब नियमित व्यावसायिक कार्यों के साथ वित्तीय विवरण तैयार करने और आयकर रिटर्न दाखिल करने में भी गंभीर परेशानी आ रही है।कंपनी के एकाउंट हेड ने 14 नवंबर 2026 को थाना हजरतगंज में लिखित शिकायत देकर आरोपी कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। शिकायत पर प्रभारी निरीक्षक की ओर से मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में पुलिस की जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई महत्वपूर्ण होगी।

थाना बरुआसागर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने वाले 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



ब्यूरो एच सिद्दीकी

झासी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी विकास कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी टहरौली रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष थाना बरुआसागर के नेतृत्व में आज दिनांक 14.11.2026 को थाना बरुआसागर पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त 1. त्रिलोक यादव पुत्र महेन्द्र यादव उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम कोलवा थाना बरुआसागर झाँसी 2. ज्ञान सिंह पुत्र महादेव प्रसाद यादव उम्र करीब 33 वर्ष निवासी ग्राम कोलवा थाना बरुआसागर झाँसी को शराब पीकर गाली गलौज करने की बात को लेकर आमदा फसाद करने में शान्ति भंग में अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया है। अभि० के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

महिला की आवाज में बनाई फर्जी ऑडियो क्लिप रिश्तेदारों को भेजी, सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने का आरोप

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह
जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी में एक महिला की आवाज की कथित अनधिकृत रिकॉर्डिंग बनाकर उसे व्हाट्सएप के माध्यम से रिश्तेदारों तक प्रसारित करने का मामला सामने आया है। पीड़िता आसिया रजा ने आरोप लगाया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी आवाज में तैयार की गई ऑडियो क्लिप उनके ससुराली परिवार के सदस्यों को भेजी, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। मामले में पीड़िता ने हजरतगंज पुलिस से शिकायत कर मोबाइल नंबर के धारक की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के मुताबिक, 29 अक्टूबर 2026 को शाम करीब 6:31 बजे पीड़िता के देवर शारुख रजा के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से आसिया रजा की आवाज में रिकॉर्ड की गई ऑडियो क्लिप प्राप्त हुई। देवर ने उन्हें जानकारी दी कि इसी तरह की रिकॉर्डिंग परिवार के अन्य ससुराली रिश्तेदारों के व्हाट्सएप नंबरों पर भी भेजी गई है। पीड़िता को अपनी ननद शबाना रजा और भांजे निहाल आलम से भी इस तरह की ऑडियो क्लिप मिलने की जानकारी हुई। आसिया रजा का आरोप है कि इन रिकॉर्डिंग को रिश्तेदारों के बीच प्रसारित किए जाने से उन्हें और उनके परिवार को सामाजिक स्तर पर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। उनके देवर ने व्हाट्सएप संदेशों और स्क्रीनशॉट के माध्यम से उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जब रिश्तेदारों ने संबंधित मोबाइल नंबर पर कॉल करने और संदेश भेजने का प्रयास किया तो संपर्क नहीं हो सका। पीड़िता के अनुसार, इस घटना के बाद से पूरा परिवार मानसिक तनाव और उत्पीड़न की स्थिति से गुजर रहा है। उन्होंने आशंका जताई है कि उनकी आवाज की रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल दुर्भावनापूर्ण तरीके से उनकी छवि खराब करने के लिए किया जा रहा है। शिकायत के साथ व्हाट्सएप पर प्राप्त ऑडियो फाइलों, संदेशों और समय के स्क्रीनशॉट तथा संदिग्ध प्रोफाइल से संबंधित स्क्रीनशॉट भी उपलब्ध कराए जाने का उल्लेख किया गया है। आसिया रजा ने 4 नवंबर 2026 को दी गई शिकायत में संबंधित मोबाइल नंबर के उपयोगकर्ता की पहचान कर मामले की जांच कराने और दोषी के खिलाफ सुसंगत कानूनी धाराओं में कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत पर प्रभारी निरीक्षक की ओर से मुकदमा दर्ज करने के निर्देश अंकित किए गए हैं। मामले में ऑडियो क्लिप की वास्तविकता, उसके स्रोत और प्रसार में शामिल व्यक्ति की पहचान पुलिस जांच का विषय है।

अभिन्दन ग्रन्थ समिति झाँसी उ.प्र. द्वारा दीप यज्ञ एवं बाल गोष्ठी सम्पन्न



एएच सिद्दीकी

झासी विचार क्रांति अभियान द्वारा "दीप यज्ञ" देर रात्रि सम्पन्न हुआ तत्पश्चात 'बाल गीत" एवं गोष्ठी श्रीमती नीलम पाण्डेय द्वारा कराया गया और बच्चों को प्रेरणा दायी गीत ममता गुप्ता द्वारा सुनाये गये उक्त गोष्ठी की अध्यक्षता शिवांगी मुद्गिल ने की एवं अनेक बाल उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया व भविष्य में और प्रगति करने हेतु अनेक संकल्प कराये कुछ महान पुरुषों एवं अनिल हीरवानी ने "निर्धन के भगवान मिशन के अन्तर्गत अनेक उपहार दिये। कुछ महानुभावों ने प्रसाद रूपी जलपान, मिष्ठान, नमकीन व वस्त्र दान दिये। एल०वी०ए० की महान अध्यापिका सोनिया नायक जी ने बच्चों के अनेक खेल करायें श्रीमती कृष्णा पत्नी रमेश यादव पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ ने कन्याओं को भोजन प्रसादी दक्षिणा देकर पूजन किया। अंत में श्रीमती पुष्पा मिश्रा ने सभी महान पुरुषों का आभार व्यक्त किया।

साइबर सेल, गुरसराय पुलिस द्वारा साइबर ठगी के ?1,03,000/ की रकम पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराई

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झासी साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं की रोकथाम एवं उनसे बचाव हेतु पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम, उत्तर प्रदेश, लखनऊ विनोद के. सिंह के निदेर्शानुसार तथा पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी आकाश कुलहरि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी विकास कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में नोडल अधिकारी साइबर क्राइम जनपद झाँसी सुश्री असमा वकार के निकट पर्यवेक्षण में साइबर अपराधों के पीड़ितों की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है। साइबर सेल थाना गुरसराय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाई करते हुए 1. आयुष जैन के परिवारीजन के साथ हुए यूपीआई साइबर फ्रॉड की कुल धनराशि 1,03,000/- की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करायी गयी।

कुल वापस कराई गई धनराशि 1,03,000/-
बरामद कराने वाली टीम
1-30नि0 मयंक मिश्रा थाना गुरसराय जिला झाँसी।
2- सूरज चौरसिया थाना गुरसराय जिला झाँसी।
3-म0का0 मानसी राजपूत थाना गुरसराय जिला झाँसी।
फ्रॉड होने पर तुरंत कार्रवाई करें।

सहेर ने भारत सरकार के स्वयं - एनपीटीईएल प्रोग्राम में 100% अंक प्राप्त कर देश में टॉपर बनने का गौरव हासिल किया

एएच सिद्दीकी

झासी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आई आई टी), कानपुर द्वारा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित कौशल भारत प्रोग्राम के स्वयं पोर्टल पर एनपीटीईएल का 12 सप्ताह का ऑनलाइन कोर्स "मेंटल हेल्थ एंड वेलबीइंग" जुलाई - अक्टूबर 2026 सत्र में संचालित किया गया था। जिसमें देशभर से हजारों प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था।इस कोर्स में कुल 10379 अभ्यर्थियों ने देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा दी। परीक्षा का परिणाम अब घोषित हो गया है। सहेर ने न सिर्फ इस कोर्स को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर पूर्ण किया, अपितु उन्होंने इसमें 100% स्कोर प्राप्त कर टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। उन्हें भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा एलीट गोल्ड प्रशस्ति पत्र दिया गया।सहेर, बीआईईटी झाँसी के इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर की निदेशक प्रो. डॉ. शहनाज अयूब तथा बिपिन बिहारी कॉलेज झाँसी में रसायन विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद अयूब अंसारी की पुत्री हैं।

बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों की चोरी, सीसीटीवी कैमरों के तार काट डीवीआर भी ले उड़े चोर

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार
अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो
लखनऊ



लखनऊ। गुडंबा थाना क्षेत्र के आदिल नगर स्थित वसुंधरा विहार कॉलोनी में बंद मकान को निशाना बनाकर चोरों ने सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। परिवार के शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर जाने का फायदा उठाकर बदमाश घर में घुसे और अलमारियों के लॉकर तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात, नकदी समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। वारदात के दौरान चोरों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों के तार भी काट दिए और रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने वाले डीवीआर को भी अपने साथ ले गए। हालांकि, पड़ोसियों के मकान में लगे कैमरों में संदिग्धों की गतिविधियां कैद हो गईं। पीड़ित इम्तियाज अहमद सिद्दीकी के मुताबिक, वह तीन नवंबर 2026 को परिवार के साथ अंबेडकरनगर जिले की टांडा तहसील में अपनी साली की बेटी की शादी में शामिल होने गए थे। छह नवंबर की रात धनतेरस के दिन शादी समारोह आयोजित था। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सात नवंबर को जब परिवार लखनऊ स्थित अपने आवास पहुंचा तो घर के अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। मकान के कमरों के ताले टूटे हुए थे और सभी अलमारियों का सामान फर्श पर बिखरा पड़ा था। पीड़ित का आरोप है कि दो अज्ञात चोर बिजली के खंभे का सहारा लेकर मकान में दाखिल हुए थे। घर में घुसते ही उन्होंने सबसे पहले चार सीसीटीवी कैमरों के तार नोचकर उन्हें डीवीआर से अलग कर दिया। इसके बाद कमरों में रखी अलमारियों के लॉकर तोड़कर कीमती सामान समेट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर सेट भी उठा ले गए, ताकि घर के अंदर की रिकॉर्डिंग किसी के हाथ न लग सके। चोर चार कमरों के टूटे हुए ताले भी अपने साथ ले गए। पीड़ित के अनुसार, चोर घर से सोने के दो कान के टॉप्स, चांदी की एक जोड़ी पायल, दस हजार रुपये नकद और करीब पांच हजार रुपये कीमत की आर्टिफिशियल ज्वेलरी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो पड़ोसियों के कैमरों में वारदात से जुड़ी गतिविधियां दिखाई दीं। उन्होंने फुटेज की पेन ड्राइव भी पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न की है। इम्तियाज अहमद सिद्दीकी ने 14 नवंबर को गुडंबा थाने में लिखित शिकायत देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। उनका कहना है कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाए। मामले में पुलिस की जांच और आधिकारिक कार्रवाई की स्थिति की पुष्टि की जानी बाकी है।

पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश, दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा, 27 नवंबर झांसी में करेगी प्रवेश

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झाँसी/ मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा की झाँसी जिले मे प्रवेश को लेकर यात्रा की तैयारियौ को लेकर पूर्व सांसद डाक्टर चन्द्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता मे मध्य शासन के साथ पूर्व ग्रह मंत्री गोविंद सिंह के मुख्य आतिथ्य मे एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के विशिष्ट आतिथ्य मे हुई बैठक मे दतिया के विधायक धनश्याम सिंह,पूर्व प्रवक्ता बुंदेलखंड क्षेत्र कांगेस पार्टी राजेन्द्र शर्मा एडवोकेट,निवर्तमान प्रदेश महासचिव राहुल रिछारिया,पूर्व पार्षद मुकेश अग्रवाल,पूर्व जिला पंचायत सदस्य बलवान सिंह यादब,पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी योगेंद्र सिंह पारीछा,पूर्व पार्षद अखलाक मकरानी,

समाजवादी पार्टी के बरिष्ठ नेता चन्द्र प्रकाश मिश्रा,जिला पंचायत सदस्य नरेश यादव बब्बा,मोहित सिंह,पुष्पेन्द् यादव,लाली यादव,अवरूद्ध नायक सहित उक्त यात्रा की तैयारियौ मे शामिल कांग्रेस पार्टी एवं समाजवादी पार्टी के नेताऔ ने यात्रा की तैयारियौ के सन्दर्भ मे अपने विचार व्यक्त किये इस मोके पर मध्य प्रदेश शासन के पूर्व गृह मंत्री गोविंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्ताइस नम्बर को औरछा के श्री रामराजा सरकार के मन्दिर के पास से सुबह के समय उक्त यात्रा प्रारम्भ होकर उत्तर प्रदेश के गांव दिगारा मे प्रवेश करके उक्त यात्रा का रात्रि विश्राम गांव गोरा मछिया मे होना है,उक्त यात्रा छह दिन झाँसी जिले मे भ्रमण करेगी,उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सांसद डाक्टर चन्द्रपाल सिंह यादव ने कहा कि उक्त यात्रा की तैयारिया पूरी कर ली गई है,उक्त यात्रा दो दिसंबर को झांसी जिले मे छह दिन भ्रमण करने के उपरान्त दो दिसंबर को गांव पूछ होती हुई जालौन जिले मे प्रवेश करेगी,विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने यात्रा के 27 नम्बर को उत्तर प्रदेश की सीमा झांसी जनपद मे प्रवेश से लेकर झांसी जनपद के पूछ तक यात्रा की स्वागत की जिम्मेदारी का दायित्व कांग्रेस पार्टी के साथियौ के साथ मिलकर करने के बारे मे बताते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह जी की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा बीस अक्टूबर को मध्य प्रदेश के उज्जैन के शिवधाम से प्रारम्भ हुई है जो उत्तर प्रदेश के रामधाम अयोध्या मे समाप्त होगी,उक्त कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रवक्ता बुंदेलखंड क्षेत्र कांग्रेस पार्टी राजेन्द्र शर्मा एडवोकेट ने किया।

जमीन विवाद में महिला से मारपीट और बेटी से अश्लील हरकत का आरोप, छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार
अमर नाथ सिंह जिला ब्यूरो
लखनऊ



लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के नूरपुर बेहटा गांव में जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर एक महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट तथा अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता माया देवी ने आरोप लगाया है कि विरोध करने पर विपक्षियों ने उसके घर में घुसकर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला किया। हमले में महिला के सिर, आंख और नाक पर गंभीर चोटें आईं। पीड़िता का दावा है कि दाहिनी आंख में चोट लगने के बाद उसकी रोशनी भी कम हो गई। पीड़िता की ओर से एसीजेएम तृतीय न्यायालय, लखनऊ में दाखिल प्रार्थना पत्र के मुताबिक घटना 11 अक्टूबर 2020 की सुबह करीब 10:30 बजे की है। माया देवी का मकान गाटा संख्या 570 में बना हुआ है, जहां उनके जानवर भी रहते हैं। आरोप है कि जमीन में सहखातेदारी होने के बावजूद विपक्षी पक्ष के लोग घर के सामने खाली पड़ी जमीन पर कब्जा करने के इरादे से पिलर उखाड़ने लगे। माया देवी ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी कथित तौर पर उन्हें मारने के लिए घर में घुस गए। उस समय महिला अपनी बेटी पूजा के साथ घर में अकेली थी। आरोप है कि घर में घुसे लोगों ने मां-बेटी को अकेला पाकर माया देवी को लाठी-डंडों और लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। इस दौरान बेटी के साथ भी अश्लील हरकतें किए जाने का आरोप लगाया गया है। महिला के बेटे जब घर पहुंचे तो उनके पति और बेटों के साथ भी मारपीट की गई, जिसमें उन्हें मामूली चोटें आईं। प्रार्थना पत्र के अनुसार, घटना के दिन ही पीड़िता के बेटे दीपक ने अपनी घायल मां को गोसाईगंज थाने पहुंचाया और पुलिस को लिखित शिकायत दी। पुलिस ने उसी दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज में उनका चिकित्सीय परीक्षण भी कराया। इसके बाद 19 अक्टूबर 2020 को पुलिस आयुक्त को भी शिकायत भेजी गई, लेकिन पीड़िता का आरोप है कि उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। महिला ने बताया कि घटना के करीब दस दिन बाद जब उसने एफआईआर की प्रति मांगी तो पुलिसकर्मियों ने कोविड संक्रमण का हवाला देते हुए बताया कि दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आगे न्यायालय से सम्मन आएगा। बाद में पीड़िता को विपक्षी पक्ष की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में सम्मन मिला। यह मुकदमा संख्या 508/2020 व मुकदमा से जुड़ी विभिन्न धाराओ आईपीसी के तहत दर्ज बताया गया है। इसके बाद महिला को जानकारी हुई कि उसकी ओर से दी गई शिकायत पर कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी।पीड़िता के बेटे दीपक ने 10 दिसंबर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अपनी मां के मेडिकल अभिलेखों की प्रति प्राप्त की। मेडिकल रिपोर्ट में सिर, दाहिनी आंख और नाक पर चोटों का उल्लेख होने की बात कही गई है। महिला ने अदालत को बताया कि आंख में चोट लगने के कारण उसकी दृष्टि प्रभावित हुई है। माया देवी ने न्यायालय में नीरज श्रीपाल यादव, पंकज, सचिन, संगीता, राम मिलन और राम महेश समेत छह लोगों को नामजद करते हुए आरोप लगाया है कि विपक्षी दबंग प्रवृत्ति के हैं

और परिवार को लगातार खतरा बना हुआ है। पीड़िता ने मामले को क्रॉस केस से जुड़ा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ संज्ञेय अपराध का मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। न्यायालय में 26 मार्च 2026 को दाखिल प्रार्थना पत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173(4) के तहत थाना प्रभारी गोसाईगंज को एफआईआर दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई। प्रकरण में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और पुलिस का आधिकारिक पक्ष सामने आना शेष है।

डॉ.संगीता राय ने मनाया नेहरू जी का जन्मदिवस



ब्यूरो एएच सिद्दीकी

झासी वीर भूमि महिला एवं बाल कल्याण सेवा समिति ने सेवा बस्ती के बच्चों के साथ आदर्श विद्यालय शिवाजी नगर एवं आदर्श विद्यालय सागर गेट पर वस्त्र, स्टेशनरी व मिठाई वितरित करके बाल दिवस मनाया।कार्यक्रम में डॉ.रागिनी,प्राची,राधा,हेमंत,इशू, आस्था,अंशु राय,रंजना,शबाना, मधु,शिवानी,नंदिनी, प्रियंका,खुशी उपस्थित रहे अतः में डॉ. संगीता राय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

विधायक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 16 एवं 17 नवम्बर को



ब्यूरो एएच सिद्दीकी

झांसी: जिला युवा कल्याण एवं प्रा०वि०द० अधिकारी, शिवराम सिंह ने अवगत कराया है कि महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल, उ०प्र०, लखनऊ के निदेर्शानुसार 08 खेल विधाओं यथा- एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल, फुटबॉल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिन्टन (एथलेटिक्स एवं खिलाडियों की उपलब्धता के अनुसार 04 अन्य विधाएं, कुल 05 विधाएं अनिवार्य रूप से) में सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में महिला/बालिका एवं पुरुष/बालक श्रेणी में मा० विधायक खेल स्पर्धा (वित्तीय वर्ष 2026-27) के आयोजन हेतु जनपद झांसी की समस्त विधानसभाओं में मा० विधायक खेल स्पधाओं का आयोजन किया जाना है। उन्होंने बताया कि मा० विधायक खेल स्पधाओं का शुभारम्भ झांसी सदर विधानसभा क्षेत्र से दिनांक 16 नवम्बर एवं 17 नवम्बर 2026 को झांसी स्मार्ट सिटी स्टेडियम / राजकीय इण्टर कॉलेज, झांसी में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में झांसी सदर विधान सभा क्षेत्र के समस्त खिलाडी प्रतिभाग कर सकते हैं, स्पर्धा में सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग में कबड्?डी, बॉलीवॉल एथलेटिक्स, बैडमिन्टन एवं कुश्ती विधा में बालक एवं बालिका वर्ग में प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण पत्र, शील्ड एवं पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे तथा आगे मा० सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करने का अवसर भी मिलेगा। इच्छुक खिलाडी दिनांक 16 नवम्बर 2026 को प्रतियोगिता स्थल पर प्रातः 09:00 बजे उपस्थित होकर पंजीकरण कराते हुये प्रतिभाग कर सकते हैं। पंजीकरण हेतु आधार कार्ड आवश्यक होगा। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि मा० विधायक रवि शर्मा द्वारा प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में खिलाडियों को प्रतिभाग करने हेतु उत्साह वर्धन किया गया है। प्रतियोगिता सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए विशाल कुशवाहा, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा०वि०द० अधिकारी के मो० नं0 7398634985 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

रजि. नंबर RNI N0. UPHIN/2005/24731, प्रकाशक उमा सिंह व प्रधान संपादक राघवेन्द्र सिंह जादौन, उमा प्रिंटिंग प्रेस पंजीकृत कार्यालय इंदिरा नगर टूंडला चौराहा टूंडला फिरोजाबाद से प्रकाशित।
प्रधान कार्यालय एसबी/64 सेक्टर 70 नोयडा उत्तर प्रदेश- 9412162614। Email- sunharasansar@gmail.com, सभीवाद -विवादों का निपटारा आगरा न्यायालय में होगा।

बलिनी मिल्क दूध उत्पादन से बुंदेलखंड की महिलाओं ने रचा नया इतिहास



एच सिद्दीकी

झांसी। बुंदेलखंड की महिला दुग्ध उत्पादक किसानों ने आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महिला किसानों के स्वामित्व वाली बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने रविवार को अपने पैकेज्ड मिल्क ब्रांड बलिनी मिल्क का भव्य शुभारंभ किया। झांसी स्थित कंपनी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. ओ.पी. सिंह और महिला दुग्ध उत्पादक किसानों ने संयुक्त रूप से पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के बाद नए उत्पादों को बाजार में उतारा। बलिनी की इस नई पहल के तहत उपभोक्ताओं को तीन श्रेणियों में दूध उपलब्ध होगा। इनमें फुल क्रीम मिल्क (बलिनी गोल्ड), टोंड मिल्क और डबल टोंड मिल्क शामिल हैं। शुरूआत में ये उत्पाद झांसी नगर में उपलब्ध होंगे, जिसके बाद ललितपुर, दतिया और ग्वालियर तक इनका विस्तार किया जाएगा। कंपनी का घी और पनीर पहले से ही बाजार में उपलब्ध है। गौरतलब है कि 7 दिसंबर 2019 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी का शुभारंभ किया था। इसका उद्देश्य बुंदेलखंड की महिला दुग्ध उत्पादकों को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और डेयरी व्यवसाय में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। इस अवसर पर डॉ. ओ.पी. सिंह ने कहा कि पैकेज्ड मिल्क की शुरूआत बलिनी की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। कंपनी का लक्ष्य उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ और शुद्ध दूध उपलब्ध कराने के साथ महिला किसानों को बेहतर बाजार और आर्थिक अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण महिला दुग्ध उत्पादकों द्वारा स्वयं अपने उत्पाद का शुभारंभ करना रहा। यह पहल इस बात का प्रमाण बनी कि बुंदेलखंड की महिलाएं अब केवल दूध उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि ब्रांड निर्माण और बाजार विस्तार में भी अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं।

लंबित विवेचनाओं पर एएसपी सख्त, 60 और 90 दिन से अधिक पुराने मामलों में लापरवाही बरतने वाले विवेचकों की खुली प्रारंभिक जांच

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। पुलिस लाइन स्थित सभागार में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्वेताभ पाण्डेय ने जनपद के समस्त थानों का अर्दली रूम आयोजित कर पुलिस कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान लंबित विवेचनाओं, जनशिकायतों, अपराध नियंत्रण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी तथा महिला सुरक्षा सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संबंधित विवेचकों एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।अर्दली रूम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने लंबित विवेचनाओं एवं प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) की तामील, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, महिला संबंधी अपराधों, टॉप-10 अपराधियों की समीक्षा, हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी, ई-समन, निरोधात्मक कार्रवाई, यक्ष ऐप सत्यापन, साइबर अपराध, मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली, माल निस्तारण तथा पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी की स्थिति की गहन समीक्षा की।समीक्षा के दौरान 60 एवं 90 दिनों से अधिक समय से अनावश्यक रूप से लंबित विवेचनाओं तथा समय से पर्चा अंकित नहीं करने वाले विवेचकों के प्रति कड़ा रुख अपनाया गया। ऐसे विवेचकों के विरुद्ध प्रारंभिक जांच खोलने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि विवेचनाओं को अनावश्यक रूप से लंबित रखना स्वीकार्य नहीं होगा। सभी विवेचक लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि पीड़ितों को समय से न्याय मिल सके।उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता बरती जाए। आमजन के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार किया जाए तथा महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, जवाबदेह एवं प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।अपर पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण के लिए वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी, हिस्ट्रीशीटरों की नियमित निगरानी तथा साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर कीर्तिका सिंह सहित जनपद के विभिन्न थानों के विवेचक एवं संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

बेकाबू ट्रैक्टर का कहर: पहले इनोवा क्रिस्टा को मारी टक्कर, फिर बाइक सवार को सामने से रौंदा; युवक गंभीर

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



अलीगंज/एटा। अलीगंज कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जमकर कहर बरपाया। कायमगंज की ओर से आ रहे ट्रैक्टर ने पहले पांचाली ढाबा के पास इनोवा क्रिस्टा कार में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बावजूद ट्रैक्टर चालक ने वाहन नहीं रोका और आगे बढ़ते हुए कोल्ड तिराहा पर सामने से आ रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है।घायल की पहचान अजय कुशवाह पुत्र चंद्रपाल (32) निवासी बल्लीपुर गढ़ी, थाना कंपिल, जनपद फरुर्खाबाद के रूप में हुई है। बताया गया कि अजय मोटरसाइकिल से गंजडुंडवारा की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान कायमगंज की तरफ से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने अलीगंज के कोल्ड तिराहा पर उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे की सूचना मिलते ही अलीगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।इनोवा क्रिस्टा सवार हिमांशु गंगवार ने बताया कि वह अपने मित्र सोनू के साथ कायमगंज से मैनपुरी जा रहे थे। इसी दौरान कायमगंज की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर ने पांचाली ढाबा के पास उनकी कार में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से इनोवा का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद भी ट्रैक्टर चालक नहीं रुका और वाहन को तेजी से आगे बढ़ाता रहा। कुछ दूरी पर कोल्ड तिराहा के पास उसने सामने से आ रहे बाइक सवार को भी जोरदार टक्कर मार दी।हिमांशु के मुताबिक, ट्रैक्टर पर दो लोग सवार थे। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे व्यक्ति को अलीगंज कोतवाली पुलिस अपने साथ ले गई।लगातार दो वाहनों को टक्कर मारने की घटना के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है। ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस दूसरे ट्रैक्टर सवार को कोतवाली ले जाकर मामले के संबंध में पूछताछ कर रही है। एक ही ट्रैक्टर से दो अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों ने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।प्रभारी थानाध्यक्ष जयवीर सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया था। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज पहुंचाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। ट्रैक्टर चालक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।वहीं, ट्रैक्टर पर सवार देव सिंह ने बताया कि वे कायमगंज से अंगरइया जा रहे थे। ट्रैक्टर को कायमगंज क्षेत्र के गंडुआ गांव निवासी सुरजीत चला रहे थे। देव सिंह के अनुसार, उन्होंने चालक को कई बार ट्रैक्टर धीरे चलाने के लिए कहा था। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

26 जनवरी तक एक लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 25 लाख टैबलेट वितरण अभियान के दूसरे चरण का होगा शुभारंभ

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार
अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो
लखनऊ



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के युवाओं को डिजिटल शिक्षा और रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 25 लाख टैबलेट वितरण अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लखनऊ मंडल के लखनऊ, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव के 300 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों के 50 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं एवं प्रशिक्षणार्थियों को टैबलेट वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि टैबलेट केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की राह खोलने वाली महत्वपूर्ण कुंजी है। इसका इस्तेमाल ज्ञान अर्जित करने, नई तकनीक सीखने और नवाचार को बढ़ावा देने में किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने युवाओं के लिए रोजगार को लेकर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि आगामी 26 जनवरी तक प्रदेश के एक लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र देने की तैयारी है। उन्होंने दावा किया कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश सरकार साढ़े नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करा चुकी है। शिक्षा, पुलिस, राजस्व, पंचायती राज और अन्य विभागों में भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, 42 हजार होमगार्ड को भी अगले दस दिनों में नियुक्ति पत्र देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा लगभग आठ हजार लेखपालों और 32 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी होने की जानकारी भी उन्होंने दी। टैबलेट की उपयोगिता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने युवाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्मार्टफोन के स्थान पर टैबलेट उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इन उपकरणों में इन्फोसिस के सहयोग से 18 हजार से अधिक निशुल्क ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं। युवा योग, गणित, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डीप टेक सहित आधुनिक तकनीकी विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। टैबलेट में उपलब्ध युवा साथी ऐप के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी हासिल की जा सकेगी। इसमें छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पीएम इंटर्नशिप, सीएम इंटर्नशिप, सीएम युवा और पीएम मुद्रा योजना जैसी योजनाओं का विवरण शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा, तकनीक और कौशल विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश प्रतिवर्ष दो लाख से अधिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के स्नातक तैयार कर रहा है। इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश की भागीदारी बढ़ रही है। टाटा, सैमसंग, हिंदुजा और एचसीएल जैसी कंपनियां युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षित करने में सहयोग कर रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से डिजिटल लाइब्रेरी का अधिकतम लाभ उठाने और तकनीकी ज्ञान के माध्यम से अपनी क्षमता विकसित करने की अपील की। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मात्र 25 वर्ष की उम्र में ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष कर देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जीवन मातृभूमि, सम्मान और स्वाभिमान के लिए समर्पण की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को भी इसी भावना के साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को देश का प्रमुख आध्यात्मिक युवा प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनके नाम पर युवा सशक्तीकरण योजना शुरू की गई। इसकी शुरूआत 25 दिसंबर 2021 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हुई थी। कोरोना महामारी के दौरान विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसी उद्देश्य से दो करोड़ युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। पहले चरण में 60 लाख विद्यार्थियों को डिजिटल उपकरण वितरित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में सरकारी भर्तियों के दौरान पारदर्शिता का अभाव था और नौकरियों में सिफारिश तथा लेनदेन की शिकायतें सामने आती थीं। उन्होंने कहा कि उस समय भर्ती निकलते ही चाचा-भतीजे की जोड़ी वसूली के लिए निकल पड़ती थी और बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी मिलना मुश्किल था। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि वर्तमान सरकार में भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है और युवाओं को योग्यता के आधार पर अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले परीक्षा कोई देता था और नियुक्ति पत्र किसी दूसरे को मिल जाता था, लेकिन अब ऐसी व्यवस्था पर रोक लगाई गई है। कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, 'नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में है सब चंगा।' उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में पहले सक्रिय रहे माफिया और दंगाई अब कानून के शिकंजे में हैं। उनके अनुसार, बेहतर कानून-व्यवस्था के कारण प्रदेश में निवेश, उद्योग और रोजगार के अवसरों का विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की बड़ी युवा आबादी को सरकार ने बोझ के बजाय विकास की ताकत के रूप में देखा है। युवाओं को रोजगार देने वाला बनने का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हर जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल इकोनॉमिक एंड इंडस्ट्रियल जोन स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है।

विवेक निरंजन स्मृति महोत्सव प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झांसी। विवेक निरंजन मेमोरियल फाउंडेशन के तत्वाधान में विवेक निरंजन स्मृति महोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह पं दीनदयाल सभागार में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि जगदीश भाई पटेल उत्तर प्रदेश सह प्रभारी भाजपा, विशिष्ट अतिथि नगर विधायक रवि शर्मा,जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल,पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव श्रृंगीऋषि , समाजसेवी, मैथिली शरण मुदगिल ,क्षेत्रीय मंत्री भाजपा मनीष तिवारी,वरिष्ठ भाजपा नेता,अनूप शिवहरे देहाती,एवं अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा रामकिशोर साहू ने की । स्मृति महोत्सव में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, निबंध,चित्रकला, मेहंदी,रंगोली,विज्ञान प्रश्न मंच, फैंसी ड्रेस,महिला वॉलीबॉल टूनार्मेंट एवं इंटर स्कूल वॉलीबॉल लीग आदि प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में मुस्कान पाल,वर्षा अहिरवार विनय राठौर क्रमशः प्रथम,द्वितीय तृतीय,निबंध प्रतियोगिता में कशिष शर्मा,खुशबू राजपूत ,खुशी रायकबार क्रमशः प्रथम,द्वितीय तृतीय ,चित्रकला जूनियर में उन्नति, चंचल राजपूत ,फैजान खान क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय, चित्रकला सीनियर में बिहान रायकवार, जिंसी,फरहान खान क्रमशः प्रथम ,द्वितीय, तृतीय , मेहंदी प्रतियोगिता में हर्षिता वर्मा ,काव्या कुशवाहा,सुयार्शी क्रमशः प्रथम,द्वितीय,तृतीय रंगोली प्रतियोगिता में प्राची परिहार,प्राची कुशवाहा,नव्या कुशवाहा क्रमशः प्रथम,द्वितीय तृतीय रहे। विज्ञान प्रश्न मंच में शिवाजी वंशकार ,आयुष रायक्वार अग्रसेन विद्या मंदिर ,हर्षा प्रजापति,नैना प्रजापति आर्य कन्या इंटर कॉलेज ,कल्पना खटीक,आफरीन लोकमान्य तिलक कन्या इंटर कॉलेज क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय रहे,फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता राधिका,पायल, चांदनी क्रमशः प्रथम,द्वितीय, तृतीय रहे। विवेक निरंजन महिला वॉलीबॉल टूनार्मेंट में विवेक निरंजन खेल अकादमी टीम विजेता,बड़ागांव इंटर कॉलेज टीम उप विजेता रही इंटर- स्कूल वालीबॉल (व्याज) लीग में बड़ागांव इंटर कॉलेज विजेता,हंसराज पब्लिक स्कूल टीम उप विजेता रही । स्मृति महोत्सव में 980छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग लिया प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को ट्रॉफी एवं समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र औ मेडल प्रदान किये।

फसल रोगों की पहचान एवं प्रबंधन का प्रशिक्षण देगा कृषि विश्वविद्यालय, 20 नवंबर से शुरू होगा तीन माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

एच सिद्दीकी



झाँसी। रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी के कृषि महाविद्यालय के पादप रोग विभाग द्वारा फसल सुरक्षा और पौध स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर तीन माह अवधि का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशान्त जाम्भूलकर ने बताया कि इस पाठ्यक्रम का शुभारंभ 20 नवंबर 2026 से होगा। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है तथा इच्छुक अभ्यर्थी आज से ही आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन फॉर्म एवं पाठ्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 200 रुपये तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 100 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं, संपूर्ण पाठ्यक्रम का शुल्क 5,000 रुपये है। आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। डॉ. जाम्भूलकर ने बताया कि इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को फसलों में होने वाले विभिन्न रोगों की पहचान, उनके प्रभावी प्रबंधन एवं रोकथाम के उपायों की व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान जैविक, रासायनिक एवं शस्य विधियों से रोग प्रबंधन, बीज उपचार, भूमि उपचार तथा पौधों को रोगों से सुरक्षित रखने की नवीनतम उन्नत तकनीकों की जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही सभी प्रशिक्षणार्थियों को फसल रोगों की पहचान के लिए विशेष मार्गदर्शिका भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि यह पाठ्यक्रम किसानों, कृषि क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं एवं अन्य इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए पौध स्वास्थ्य एवं फसल सुरक्षा से संबंधित ज्ञान और कौशल विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए ई-मेल पर संपर्क कर सकते हैं।

महिला को बंधक बनाकर पीटने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार
लखनऊ अमर नाथ सिंह जिला
ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। इंदिरानगर क्षेत्र में महिला को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट करने के वायरल वीडियो के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नदीम सिद्दीकी (35) को खुर्रमनगर स्थित झुग्गी-झोपड़ी के पास से दबोच लिया। इस मामले में पुलिस अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है। पुलिस की कार्रवाई के बाद भी मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। दरअसल, 10 नवंबर को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें कुछ लोग एक महिला को बांधकर उसके साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद इंदिरानगर पुलिस ने तत्काल मामले का संज्ञान लिया और घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। जांच में पता चला कि पीड़ित महिला मूल रूप से बाराबंकी की रहने वाली है। महिला के पति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी किसी बच्चे को चोरी करने का प्रयास नहीं कर रही थी। इसके बाद पीड़िता के पति की तहरीर पर पुलिस ने सनीउदल, सरीफुल, जमालुद्दीन समेत पांच-छह अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त पूर्वी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में पुलिस ने 10 नवंबर को मो. आयनुद्दीन, जमालुद्दीन, सरीफुल इस्लाम और सनीदुल को गिरफ्तार किया। इसके बाद 12 नवंबर को इमरान हुसैन और रजीबुल तथा 14 नवंबर को कमालुद्दीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। रविवार को उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह की टीम ने आठवें आरोपी नदीम पुत्र वसीम सिद्दीकी निवासी चांदन, खुर्रमनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार नदीम का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ गाजीपुर, अलीगंज और इंदिरानगर थानों में चोरी, मारपीट, धमकी, गैंगस्टर एक्ट, एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में पहले से मुकदमे दर्ज हैं।

द्रोणाचार्य पुरस्कार ग्रहण करना वर्षों की तपस्या और समर्पण का सुखद प्रतिफल : धर्मेंद्र सिंह यादव

एच सिद्दीकी



नई दिल्ली। देश के प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ बॉक्सिंग कोच धर्मेंद्र सिंह यादव ने खेल विश्लेषक बृजेंद्र यादव से विशेष बातचीत में अपने अनुभव, भावनाएं और इस उपलब्धि तक पहुंचने के सफर को साझा किया। उन्होंने कहा कि जीवन का यह ऐसा पल है, जिसके लिए वर्षों की तपस्या, पसीना और अटूट समर्पण लगा होता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कर-कमलों से यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त करना उनके और उनके पूरे परिवार के लिए अत्यंत गर्व और सौभाग्य का क्षण है। धर्मेंद्र सिंह यादव ने कहा कि एक कोच का सफर केवल रिंग के अंदर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसका सबसे बड़ा सपना अपने खिलाड़ियों को इस काबिल बनाना होता है कि वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का तिरंगा ऊंचा लहरा सकें। उन्होंने अपने प्रशिक्षण में तैयार हुए खिलाड़ियों का उल्लेख करते हुए कहा कि विकास कृष्ण, कविंदर सिंह बिष्ट, मनीष कौशिक, मनोज कुमार, अखिल कुमार, एस. सुरेश और गौरव सोलंकी सहित अनेक मुक्केबाजों ने देश का गौरव बढ़ाया है। वर्ष 2002 से लेकर अब तक उनके मार्गदर्शन में कई प्रतिभाशाली मुक्केबाज सामने आए, जिनमें अनेक खिलाड़ी अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित हुए हैं। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि वह अपने इस प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार को अपनी माता जी को समर्पित करना चाहते हैं। उन्हीं की प्रेरणा और आशीर्वाद के कारण वह बॉक्सिंग से जुड़ सके और इस मुकाम तक पहुंचे। उनके बड़े भाइयों ने भी हर कदम पर उनका पूरा सहयोग और समर्थन किया। धर्मेंद्र सिंह यादव ने अपने शुरूआती बॉक्सिंग कोच सरदार एस.आर. सिंह के योगदान को भी याद करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन ने खेल जीवन की मजबूत नींव तैयार की। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, बल्कि उन सभी खिलाड़ियों, शिष्यों, परिवारजनों और सहयोगियों की मेहनत और विश्वास का प्रतिफल है, जिन्होंने उनके सफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी के सहयोग और आशीर्वाद से ही उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने बॉक्सिंग फेडरेशन का भी विशेष आभार व्यक्त किया, जिसने उन्हें प्रोत्साहित किया, सम्मान दिया और उनके कार्यों में निरंतर सहयोग प्रदान किया।

देवी जागरण में भजनों की धुन पर झूमे श्रद्धालु, मनमोहक झांकियों ने मोहा मन

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



अलीगंज/एटा। नगर के मोहल्ला सुदर्शन दास में आयोजित भव्य देवी जागरण में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। माता रानी के भजनों और धार्मिक प्रस्तुतियों ने ऐसा भक्तिमय वातावरण बनाया कि श्रद्धालु देर रात तक भक्ति के रंग में सराबोर होकर झूमते रहे। जागरण में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवाओं ने पहुंचकर माता रानी के दरबार में मत्था टेका और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।देवी जागरण का शुभारंभ विधि-विधान के साथ माता रानी की पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके उपरांत भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। जैसे ही प्रसिद्ध भजन 'चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है' और 'अंबे तू है जगदंबे काली' की स्वर लहरियां पंडाल में गूंजने लगीं, पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। भजनों की मधुर धुन पर श्रद्धालु तालियां बजाते हुए झूमने लगे और जय माता दी के जयकारों से पूरा मोहल्ला गुंजायमान हो गया।जागरण का विशेष आकर्षण अलीगढ़ से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई आकर्षक धार्मिक झांकियां रहीं। कलाकारों ने देवी-देवताओं के विभिन्न स्वरूपों को सजीव रूप में प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। आकर्षक वेशभूषा, मनमोहक साज-सज्जा और शानदार मंचीय प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। झांकियों के दर्शन के दौरान श्रद्धालु भावविभोर नजर आए और माता रानी के जयकारों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया।कार्यक्रम के दौरान भजन गायकों ने अपनी सुरीली आवाज और शानदार प्रस्तुतियों से देर रात तक श्रद्धालुओं को बांधे रखा। भक्ति गीतों की स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालु माता रानी की आराधना में लीन दिखाई दिए। आयोजन स्थल पर महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की अच्छी-खासी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने माता रानी के चरणों में शीश नवाकर परिवार, समाज और क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की।धार्मिक आयोजन के समापन के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। लोगों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे आयोजन के दौरान मोहल्ले में उत्सव और उल्लास का वातावरण बना रहा।इस अवसर पर आयोजक राजीव गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, विधायक पुत्र सूरज राठौर, चेयरमैन प्रतिनिधि सुजीत गुप्ता, बॉबी, प्रदीप गुप्ता, मनी, सूर्यकांत गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में जलेसर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 24 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। जनपद में महिला एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए एटा पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में थाना जलेसर पुलिस ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त को घटना के महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में कानून का भय स्थापित करने के प्रयासों को बल मिला है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 14 नवंबर 2026 को पीड़िता के पिता ने थाना जलेसर पहुंचकर लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि एक युवक ने उनकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष

खुले में घूम रहे निराश्रित गोवंश को अभियान चलाकर गो-आश्रय स्थलों में किया जाए संरक्षित:- मुख्य सचिव

एएच सिद्दीकी



झासी ` मुख्य सचिव एस.पी.गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर धान खरीद, मोटे अनाजों की खरीद, पराली प्रबंधन, उर्वरकों की उपलब्धता, गन्ना क्रय, जल जीवन मिशन और गो आश्रय स्थलों की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धान खरीद की व्यवस्थाओं को पूरी तरह पारदर्शी, सुचारू एवं प्रभावी बनाया जाए। साथ ही, पराली जलाने की घटनाओं पर पूर्ण नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी एवं व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जाए। पराली प्रबंधन की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश में पराली जलाने की कोई घटना न होने पाए। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष पराली जलाने की घटनाओं में प्रभावी कमी लाते हुए उन पर पूर्ण नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर उन्हें फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनके उचित प्रबंधन के लिए जागरूक एवं प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए ग्राम स्तर तक जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के साथ ही प्रशासनिक एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को पराली प्रबंधन के व्यावहारिक विकल्पों की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कृषि भूमि की उर्वरता भी बनी रहे। उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि मौसमी आवश्यकताओं एवं किसानों की मांग के अनुरूप उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आपूर्ति श्रृंखला को सुचारू बनाए रखते हुए सभी उर्वरक विक्रय केन्द्रों पर पर्याप्त स्टॉक रखा जाए तथा किसी भी केन्द्र पर शून्य स्टॉक की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने सभी जनपदों में अक्रियाशील पीओएस (ढडर) मशीनों को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को उर्वरक प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। धान एवं मोटे अनाजों की खरीद की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत धान एवं मोटे अनाजों (मक्का, बाजरा एवं ज्वार) के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तथा किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान की व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसान पंजीकरण एवं सत्यापन की सरलीकृत व्यवस्था के संबंध में किसानों को अधिकाधिक जागरूक किया जाए। फार्मर आईडी में कृषकों की भूमि के समस्त गाटे दर्ज न होने तथा क्रॉप सर्वे पूर्ण न होने के कारण किसान पंजीकरण की संख्या गत वर्ष की तुलना में कम होने के दृष्टिगत दिनांक 04.11.2026 के आदेश द्वारा पंजीकरण व्यवस्था का सरलीकरण किया गया है। इस व्यवस्था का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराया जाए। मुख्य सचिव ने क्रय केन्द्रों को पूरी तरह क्रियाशील बनाए रखने तथा उनका नियमित निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी क्रय केन्द्रों पर केन्द्र प्रभारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा किसानों के लिए पेयजल, बैठने एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था रहे। मण्डियों में नियमित रूप से नीलामी कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि मानक के अनुरूप धान एवं मोटे अनाजों का विक्रय किसानों द्वारा निर्धारित एमएसपी से कम मूल्य पर न हो। किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा खरीद से संबंधित प्राप्त शिकायतों का तत्काल एवं प्रभावी निस्तारण किया जाए। उन्होंने मण्डियों के मुख्य द्वारों पर खरीद संबंधी बैनर प्रदर्शित कराने तथा गेट पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से एमएसपी, पंजीकरण एवं भुगतान संबंधी जानकारी प्रमुखता से प्रदर्शित कराने के भी निर्देश दिए।

धान खरीद एवं पराली प्रबंधन से संबंधित समीक्षा के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने चीनी मिलों के संचालन की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की सभी चीनी मिलों का संचालन नवम्बर माह के अंत तक प्रारंभ कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। किसानों को गन्ना मूल्य का समयबद्ध भुगतान कराया जाए तथा गन्ना आपूर्ति एवं पेराई से संबंधित व्यवस्थाएं सुचारु रखी जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों को गन्ना बिक्री एवं भुगतान के संबंध में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

घड़साना ग्राम पंचायत 2 एमजीएम (B) से सरपंच प्रत्याशी अब्दुल गनी को मिला चुनाव चिन्ह 'स्लेट' (सलेडी), जनसंपर्क अभियान हुआ तेज



महेन्द्र पाल मेघवाल

पंचायती राज चुनाव की सरगर्मियों के बीच ग्राम पंचायत 2 एमजीएम (B) से सरपंच पद के प्रत्याशी अब्दुल गनी को चुनाव चिन्ह 'स्लेट' (सलेडी) आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह मिलते ही उनके समर्थकों और कार्यकताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है, और पूरे पंचायत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को और तेज कर दिया गया है। घर-घर पहुंच रहा संदेश: चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही अब्दुल गनी और उनकी टीम ने पंचायत के प्रत्येक चक और ढाणी में मतदाताओं तक 'स्लेट' के निशान का संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है। सर्वसमाज का समर्थन: अब्दुल गनी की मिलनसार छवि, साफ-सुथरे व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें सर्वसमाज के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। सरपंच प्रत्याशी अब्दुल गनी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वे चुनावी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में निष्पक्षता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंचायत की देवतुल्य जनता से आगामी मतदान के दिन चुनाव चिन्ह 'स्लेट' (सलेडी) के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।

ग्राम पंचायत 2 एमजीएम (B) से सरपंच प्रत्याशी विजेंद्र भांभू को मिला चुनाव चिन्ह 'सोफा सेट', जनसंपर्क अभियान हुआ तेज



घड़साना महेन्द्र पाल मेघवाल

पंचायती राज चुनाव की सरगर्मियों के बीच ग्राम पंचायत 2 एमजीएम (B) (रोजड़ी क्षेत्र) से सरपंच पद के प्रबल प्रत्याशी विजेंद्र भांभू को चुनाव चिन्ह 'सोफा सेट' आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह मिलते ही उनके समर्थकों और कार्यकताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। पूरे पंचायत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को और तेज कर दिया गया है। घर-घर पहुंच रहा संदेश: चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही विजेंद्र भांभू और उनकी टीम ने पंचायत के प्रत्येक चक, गांव और ढाणी में मतदाताओं तक 'सोफा सेट' के निशान का संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है। सर्वसमाज का समर्थन: विजेंद्र भांभू की मिलनसार छवि, साफ-सुथरे व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें सर्वसमाज के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। सरपंच प्रत्याशी विजेंद्र भांभू ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वे चुनावी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में निष्पक्षता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंचायत की देवतुल्य जनता से आगामी मतदान के दिन चुनाव चिन्ह 'सोफा सेट' के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।

घड़साना ग्राम पंचायत 3-4 देशली से सरपंच प्रत्याशी सतरो देवी (धर्मपत्नी ताराचंद मेघवाल) को चुनाव चिन्ह 'सोफा' आवंटित किया गया है



महेन्द्र पाल मेघवाल

चुनाव चिन्ह मिलते ही उनके समर्थकों और कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है, और पूरे पंचायत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को और तेज कर दिया गया है। घर-घर पहुंच रहा संदेश: चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही सतरो देवी व ताराचंद मेघवाल की टीम ने पंचायत के प्रत्येक चक, गांव और ढाणी में मतदाताओं तक 'सोफा' के निशान का संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है। सर्वसमाज व मातृशक्ति का समर्थन: मेघवाल परिवार की मिलनसार छवि, साफ-सुथरे व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें सर्वसमाज के बुजुर्गों, युवाओं और विशेषकर महिलाओं (मातृशक्ति) का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। सरपंच पद की प्रत्याशी सतरो देवी मेघवाल ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वे चुनावी मैदान में उतरी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में निष्पक्षता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंचायत की देवतुल्य जनता से आगामी मतदान के दिन चुनाव चिन्ह 'सोफा' के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।

राधा कृष्ण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बरवर रोड, मोहम्मदी (खीरी) में बाल दिवस के अवसर पर भव्य बाल मेले का आयोजन किया



बरवर रोड, मोहम्मदी (खीरी)। बबली सुनहरा संसार मोहम्मदी संवाददाता

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक बाबा श्री रामभजनदास जी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के आकर्षक स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं उद्यमशीलता का परिचय दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रामकुमार यादव जी सहित समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएँ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके प्रयासों की सराहना की। बाल मेले में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह एवं आनंद का वातावरण बना रहा।

जरूरतमंदों को मिलेगी बड़ी राहत, 'दावा चैरिटेबल ब्लड सेंटर' का हुआ भव्य शुभारंभ



सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी

लखीमपुर खीरी। शहरवासियों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद मरीजों को समय पर और सुलभ रक्त सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'दावा चैरिटेबल ब्लड सेंटर' की शुरुआत रविवार को हो गई। आवेग फाउंडेशन द्वारा संचालित इस अत्याधुनिक ब्लड सेंटर का भव्य उद्घाटन समारोह 15 नवंबर 2026 को सुबह 10 बजे मुख्य अतिथि अनाया वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया।यह उद्घाटन कार्यक्रम गोला रोड पर स्थित पंडित दीन दयाल इंटर कॉलेज के ठीक सामने 'दावा चैरिटेबल ब्लड सेंटर' परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक मंडल के सदस्य अनुज पटेल, राकेश कुमार वर्मा, धीरज वर्मा, बलवंत वर्मा और विमलेंद्र वर्मा ने क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और आमजन का स्वागत किया। आयोजकों ने बताया कि जनपद में इस ब्लड सेंटर के शुरू होने से गंभीर बीमारियों, दुर्घटनाओं और आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को रक्त के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही सुरक्षित और सुलभ रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होने से कई कीमती जानें बचाई जा सकेंगी।सेंटर में संपूर्ण रक्त (होल ब्लड), संकुलित लाल रक्त कोशिकाएं (पी.आर.बी.सी.), ताजा जमा हुआ प्लाज्मा (एफ.एफ.पी.) और प्लेटलेट सांद्रण (आर.डी.पी.) सहित कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उद्घाटन के इस मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे और आयोजकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

आस्था के सागर में डूबा आशियाना, छठी मइया के जयकारों से गूंज उठा गुलाचीन पार्क का छठ घाट

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार
अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो
लखनऊ



लखनऊ। राजधानी के आशियाना स्थित एलडीए कॉलोनी के सेक्टर-एच में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का भव्य शुभारंभ पूरे हर्षोल्लास, श्रद्धा और धार्मिक उत्साह के साथ हुआ। गुलाचीन पार्क स्थित पवित्र-पावन छठ घाट पर छठी मइया की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ धार्मिक आयोजन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और छठी मइया के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली, आरोग्य और संतान की मंगलकामना की। पूरा क्षेत्र छठी मइया के जयकारों और भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। इस भव्य आयोजन का संचालन क्षेत्रीय पार्षद कमलेश सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष केके तिवारी और सचिव आरके सिंह के प्रयासों से किया गया। इनके नेतृत्व में गुलाचीन पार्क, सेक्टर-एच स्थित छठ घाट पर श्रद्धालुओं के लिए महापर्व के आयोजन की व्यवस्था की गई। पूजा-अर्चना के शुभारंभ के साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों और छठ व्रतियों की सहभागिता देखने को मिली। महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर लोक आस्था की इस महान परंपरा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। छठ घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने आयोजन की भव्यता को विशेष बना दिया। छठी मइया के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे लोगों के चेहरों पर अटूट विश्वास और भक्ति का भाव नजर आया। पूरे आयोजन स्थल पर धार्मिक उल्लास के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे की भी सुंदर तस्वीर दिखाई दी। विभिन्न क्षेत्रों और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ इस महापर्व में शामिल हुए और एक-दूसरे को छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं।छठ महापर्व भारतीय संस्कृति का ऐसा अनुपम पर्व है, जिसमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, परिवार की खुशहाली और सामाजिक समरसता का संदेश समाहित है। भगवान सूर्य और छठी मइया की उपासना को समर्पित इस पर्व में व्रती महिलाएं और पुरुष कठिन नियमों, संयम और पूर्ण निष्ठा के साथ व्रत रखते हैं। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में नहाय-खाय, खरना, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा विशेष महत्व रखती है। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि छठी मइया की आराधना से परिवार में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहती है। गुलाचीन पार्क का पवित्र छठ घाट इस अवसर पर आस्था और भक्ति का प्रमुख केंद्र बना रहा। आयोजन में क्षेत्रीय लोगों की व्यापक सहभागिता ने यह संदेश दिया कि आधुनिक महानगरीय जीवन में भी भारतीय धार्मिक परंपराएं और सांस्कृतिक विरासत पूरी मजबूती से जीवंत हैं। पार्षद कमलेश सिंह, अध्यक्ष केके तिवारी और सचिव आरके सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम ने क्षेत्र के लोगों को एक मंच पर लाने का कार्य किया।

ग्राम पंचायत 2 आरकेएम (कुंडल) से सरपंच पद के प्रत्याशी जाफर अली डूडी को चुनाव चिन्ह 'कटहल' आवंटित किया गया

महेन्द्र पाल मेघवाल



ग्राम पंचायत 2 आर के एम (कुंडल) से सरपंच पद के प्रत्याशी जाफर अली डूडी को चुनाव चिन्ह 'कटहल' आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह मिलते ही उनके समर्थकों और कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। पूरे पंचायत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को और तेज कर दिया गया है।

चुनाव चिन्ह 'कटहल' को लेकर मतदाताओं में उत्साह

घर-घर पहुंच रहा संदेशः चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही जाफर अली डूडी और उनकी टीम ने पंचायत के प्रत्येक चक, गांव और ढाणी में मतदाताओं तक 'कटहल' के निशान का संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है। सर्वसमाज का समर्थनः जाफर अली डूडी की मिलनसार छवि, साफ-सुथरे व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें सर्वसमाज के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है।

पंचायत के चौमुखी विकास का संकल्प

सरपंच प्रत्याशी जाफर अली डूडी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वे चुनावी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में निष्पक्षता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंचायत की देवतुल्य जनता से आगामी मतदान के दिन चुनाव चिन्ह 'कटहल' के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।

दशकों बाद बन रही सड़क,40 मीटर हिस्सा छूटने की चर्चा से लोगों में रोष पूरी सड़क बनवाने की मांग

मोहम्मद सईद तहसील प्रभारी गोला
सुनहरा संसार दैनिक समाचार पत्र



गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी नगर के मोहल्ला अर्जुन नगर में दशकों के इंतजार के बाद पीपल वाली गली की मुख्य सड़क का निर्माण शुरू होने से स्थानीय लोगों को राहत की उम्मीद जगी थी। हालांकि, सड़क का करीब 50 मीटर हिस्सा छोड़े जाने की चर्चा ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि सड़क का निर्माण बीच में ही रोक दिया गया तो भविष्य में जलभराव, गंदगी और आवागमन की समस्या गंभीर रूप ले सकती है। बताया जा रहा है कि अर्जुन नगर की पीपल वाली गली की मुख्य सड़क लंबे समय से खराब हालत में थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क निर्माण शुरू होने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि पूरी सड़क का कायाकल्प होगा, लेकिन आगे लगभग 40 मीटर हिस्से में निर्माण न होने की बात सामने आने से लोगों में रोष है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जिस स्थान पर सड़क छोड़े जाने की बात कही जा रही है, वहीं एक शिक्षण संस्थान भी स्थित है। ऐसे में बरसात के दौरान यदि उक्त हिस्से में जलभराव हुआ तो विद्यालय आने-जाने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही मोहल्ले के लोगों के आवागमन पर भी इसका सीधा असर पड़ने की आशंका है। लोगों का कहना है कि अधूरी सड़क के कारण बारिश का पानी जमा होने से कीचड़ और गंदगी की समस्या पैदा हो सकती है। लंबे समय तक जलभराव रहने पर मच्छरों के पनपने और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। ऐसे में दशकों बाद शुरू हुए सड़क निर्माण को अधूरा छोड़ना समस्या का स्थायी समाधान नहीं माना जा सकता। स्थानीय निवासियों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य की मौके पर जांच कराई जाए और यदि 40 मीटर हिस्सा निर्माण से छूट रहा है तो उसे भी योजना में शामिल कराकर सड़क का निर्माण पूरा कराया जाए। लोगों का कहना है कि पूरी सड़क बनने से ही मोहल्लेवासियों को सुचारु आवागमन और जलभराव की समस्या से वास्तविक राहत मिल सकेगी।

ग्राम पंचायत 12 केडी (नई गुजरी) से सरपंच पद के प्रत्याशी सुभाष चन्द्र को चुनाव चिन्ह 'कटहल' (कटल) आवंटित किया गया है चुनाव चिन्ह मिलते ही उनके समर्थकों और कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है, और पूरे पंचायत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को और तेज कर दिया गया है

महेन्द्र पाल मेघवाल



चुनाव चिन्ह 'कटहल' को लेकर मतदाताओं में उत्साह घर-घर पहुंच रहा संदेशः चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही सुभाष चन्द्र और उनकी टीम ने पंचायत के प्रत्येक चक, गांव और ढाणी में मतदाताओं तक 'कटहल' के निशान का संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है। सर्वसमाज का समर्थनः सुभाष चन्द्र की मिलनसार छवि, साफ-सुथरे व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें सर्वसमाज के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। सरपंच पद के प्रत्याशी सुभाष चन्द्र ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वे चुनावी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में निष्पक्षता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंचायत की देवतुल्य जनता से आगामी मतदान के दिन चुनाव चिन्ह 'कटहल' (कटल) के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।

तीन दिवसीय मजलिस व मातम का सिलसिला संपन्न



सुनहरा संसार अशफी खान

खीरी टाउन खीरी)। कस्बा खीरी स्थित शिया वक्फ इमामबाड़ा में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की बेटी जनाबे फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत की याद में आयोजित तीन दिवसीय मजलिस व मातम का सिलसिला संपन्न हो गया।शुरूआती दो दिनः गुरुवार और शुक्रवार को इमामबाड़े में 'हदीस-ए-किसा' की तिलावत के साथ मजलिस की शुरूआत हुई। दोनों दिन मौलाना जमाल असगर ने मजलिस को खिताब करते हुए जनाबे फातिमा के किरदार और इस्लाम में महिलाओं की अहमियत पर विस्तार से रोशनी डाली।तीसरा दिन और समापनः शनिवार देर रात आयोजित मजलिस को आली जनाब मौलाना सय्यद सलमान अब्बास आलमपुरी ने खिताब किया। उन्होंने जनाबे फातिमा जहरा की जिंदगी पर चर्चा करते हुए कहा कि अगर दुनिया को जन्नत बनाना है, तो हमें उनकी सीरत (आदर्शों) पर अमल करना होगा।महिलाओं के सम्मान का संदेशः मौलाना आलमपुरी ने बताया कि हजरत मोहम्मद साहब खुद अपनी बेटी के स्वागत के लिए खड़े हो जाते थे और उन्हें अपनी जगह पर बिठाते थे। पैगंबर-ए-इस्लाम ने 1400 साल पहले ही महिलाओं को जो सम्मान और अधिकार दिए थे, आज पूरी दुनिया उसी रास्ते पर चलने की बात कर रही है।मजलिस के समापन के बाद इमामबाड़ा परिसर में सैकड़ों अकीदतमंदों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान लोगों ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब, मौला अली और इमाम हसन-हुसैन की बारगाह में जनाबे फातिमा का पुरसा (श्रद्धांजलि) पेश कर गम का इजहार किया।

ग्राम अमरोली में लोधी समाज का विशाल सम्मेलन आयोजित, 350 मेधावी छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाएं सम्मानित

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



अलीगंज/एटा। क्षेत्र के ग्राम अमरोली रतनपुर स्थित श्रीराम रामस्वरूप रामबेटी शिक्षण संस्थान में रविवार को लक्ष्य शिक्षा एवं राहत फाउंडेशन के तत्वावधान में लोधी समाज का विशाल सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, युवाओं के भविष्य और समाज के सर्वांगीण विकास पर विशेष मंथन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमरपाल सिंह लोधी उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में इंजीनियर श्रीमती रूबी सिंह, ऋषभ राजपूत सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सहभागिता की।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुआ। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग 350 छात्र-छात्राओं, विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, पुलिसकर्मियों, रेलवे एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों सहित समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में बाहर से आए वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए लोधी समाज को शिक्षा, रोजगार, प्रशासन, चिकित्सा, तकनीकी और सामाजिक क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।मुख्य अतिथि अमरपाल सिंह लोधी ने कहा कि समाज की दिशा और दशा बदलने का सबसे प्रभावी माध्यम शिक्षा है। आवश्यकता इस बात की है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी बेहतर शैक्षिक वातावरण, उचित मार्गदर्शन और आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए जाएं, जिससे वे अपनी प्रतिभा के बल पर जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल कर सकें। आज का विद्यार्थी भविष्य में प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सक, इंजीनियर, शिक्षक, अधिवक्ता और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचकर समाज एवं देश का नाम रोशन कर सकता है।उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि पढ़ाई को केवल नौकरी प्राप्त करने का माध्यम न मानकर समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव के रूप में देखना चाहिए। बच्चों में मेहनत, अनुशासन, संस्कार और लक्ष्य के प्रति समर्पण की भावना विकसित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों, ढोंग-पाखंड और अंधविश्वास से दूर रहकर वैज्ञानिक सोच एवं सकारात्मक विचार अपनाने का संदेश दिया।मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रतिभा किसी जाति, वर्ग अथवा आर्थिक स्थिति की मोहताज नहीं होती। योग्य बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाती है। नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चों को मार्गदर्शन और सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य फाउंडेशन के माध्यम से अब तक उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के लगभग 2200 बच्चों का नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हो चुका है। ऐसे बच्चों को उनकी तैयारी में हरसंभव मदद प्रदान की जाती है।कार्यक्रम के संयोजक एवं संस्थान के संस्थापक कदम सिंह फौजी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल विद्यालय का संचालन करना नहीं, बल्कि ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को तैयार करना है, जो भविष्य में समाज और देश की जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। यदि एक बच्चे को सही शिक्षा और उचित दिशा मिल जाए तो वह न केवल अपने परिवार की तस्वीर बदल सकता है, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है। हमारी कोशिश है कि ग्रामीण परिवेश का बच्चा भी बड़े सपने देखे और उन्हें साकार करने के लिए पूरी लगन एवं मेहनत से प्रयास करे। बच्चों के हाथों में किताब होगी तो उनका भविष्य उज्ज्वल होगा और समाज भी मजबूत बनेगा।सम्मेलन में वक्ताओं ने एकजुट होकर शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का आधार बनाने, युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करने, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आर्थिक एवं शैक्षिक सहयोग देने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक कदम सिंह फौजी एवं ग्रामीणजनों ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

प्राथमिक विद्यालय डंडूरी में 14 नवंबर को बाल दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापक सरोज कुमार के नेतृत्व में किया गया



शीरी जैदी मंडल ब्यूरो चीफ सुनहरा संसार

लखीमपुर खीरी जिले के प्राथमिक विद्यालय डडूरी में प्रधानाध्यापक सरोज कुमार ने बच्चों को बाल दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस मनाया जाता है। बच्चों के प्रति उनके विशेष प्रेम के कारण ही उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहा जाता था। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को शिक्षा, अनुशासन, स्वच्छता और अच्छे संस्कारों का महत्व समझाते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनकी बेहतर शिक्षा और मजबूत संस्कार ही देश को नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने और जीवन में मेहनत के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को मिठाई वितरित की गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। बच्चों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रधानाध्यापक सरोज कुमार के प्रयासों की जमकर सराहना की। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम ने बच्चों को न केवल बाल दिवस का महत्व समझाया, बल्कि शिक्षा, अनुशासन और बेहतर भविष्य के प्रति प्रेरित करने का संदेश भी दिया।

राम वनवास की कथा सुन भावुक हुए ग्रामवासी, राम-केवट संवाद ने किया आनन्दित

सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोटवारा स्थित मां दुर्गा मन्दिर पर हो रही श्रीरामकथा में रविवार पांचवें दिन कथा व्यास पीयूष दीक्षित महाराज ने राम वनवास की करुणामयी कथा सुनायी। राम के राजतिलक की तैयारियों के बीच मंथरा दासी के बहकावे में आकर केकई ने महाराज दशरथ से अपने दो वरदानों में पहला भरत को राजगद्दी और दूसरे वरदान में राम को चौदह वर्ष का वनवास मांगा। राजतिलक की खुशियां पल भर में दुःखों में बदल गई, राम के साथ सीता व लक्ष्मण भी वन को चले गए, राम-राम की रट लगाए महाराज दशरथ ने प्राण त्याग दिये। राम-केवट संवाद ने प्रभु व भक्त के बीच का स्नेह सुन मौजूद श्रोता भावविभोर हो गए। मिथलेश मिश्रा, लव मिश्रा, हिमांशु दीक्षित राहुल मिश्रा, शिव पूजन शर्मा, अर्पित दीक्षित, अनूप, रामप्रकाश सहित सैकड़ों श्रोतागण मौजूद रहे।

पार्थ पथ महोत्सव को लेकर बैठक हुई विधायक ने की तैयारी की समीक्षा

बबली सुनहरा संसार मोहम्मदी संवाददाता

क्षेत्र में एक अक्षांश पर बने पौराणिक शिवलिंगों पर जाने वाले पार्थपथ मार्ग पर कायाकल्प को लेकर तीन दिवसीय पार्थपथ महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया है। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने आयोजन को लेकर विस्तृत जानकारी दी है। भाजपा कार्यालय पर पार्थपथ महोत्सव की तैयारी को लेकर विधायक ने जानकारी देते हुए कहा आयोजन लोक भारती के तत्वाधान में संपन्न हो रहा है। 17 नवंबर से 19 नवंबर तक संपन्न होगा ।जिसमें राष्ट्रीय संगठन के लोगों के मौजूद रहने की बात कही है। महाभारत कालीन गांव वडखर को अपभ्रंश पाल गया जिसे विराटनगर कहा जाता है। इसको राजा विराट द्वारा पालन नाथ के नाम से विकसित किया था। महाभारत कालीन 108 शिवलिंगों में 25 शिवलिंग की पहचान की जा चुकी है। प्राचीन विरासत को सजाने और संवारने को लेकर कार्य योजना बनाई गई है। 84 कोसीय परिक्रमा खाका खींचा गया है। जिसको लेकर आयोजन समिति के विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, लोक भारती जिला संयोजक अतुल रस्तोगी, जिला संघ चालक अमित भसीन, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई और संजय त्रिपाठी द्वारा पार्थ पथ यात्रा को अंतिम रूप दिया गया है।

हाफिजपुर : चिकने पदार्थ से लदा ट्रक हाईवे पर पलटा, चिकना पदार्थ सड़क पर फैलने से यातायात हुआ बाधित



राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता/ महिपाल तोमर

हाफिजपुर / हापुड़ - थाना हाफिजपुर क्षेत्र में रविवार दोपहर को हाईवे पर एक बड़ा हादसा हो गया। चिकने पदार्थ से लदा ट्रक सामने आई गाड़ी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक में लदा चिकना पदार्थ पूरी सड़क पर फैल गया, जिससे हाईवे पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार एक ट्रक चिकने पदार्थ से लदकर हाईवे से होकर जा रहा था। तभी थाना हाफिजपुर क्षेत्र में सामने से,जा रही एक गाड़ी को बचाने के चक्कर में ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। ट्रक पलटते ही उसमें भरा चिकना पदार्थ सड़क पर फैल गया। चिकना पदार्थ फैलने से सड़क पर फिसलन हो गई और कई वाहन फिसलकर गिरते गिरते बचे। हादसे के बाद हाईवे पर पीछे से आ राहे वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गईं। हादसे में ट्रक चालक बाल बाल बच गया। उसे मामूली चोटें आई हैं। आसपास के लोगों ने चालक को ट्रक से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। वहीं ट्रक पलटने से ट्रक का काफी नुकसान हुआ है। सूचना मिलते ही थाना हाफिजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को नियंत्रित करने में जुट गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से पलटे ट्रक को सड़क से हटवाया। सड़क पर फैले चिकने पदार्थ को मिट्टी और पानी डालकर साफ किया गया। करीब आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हाईवे पर यातायात सामान्य हो सका। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। चालक के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अलीगंज में पुलिस-बदमाश मुठभेड़, 50 हजार का इनामी दीपक गिरी गिरफ्तार; पैर में लगी गोली

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा/अलीगंज। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अलीगंज कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस और 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दीपक गिरी पुत्र अवधेश गिरी निवासी भटोली, थाना रानीपुर, जनपद मऊ के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, 14 नवंबर की रात करीब 10:30 बजे कोतवाली अलीगंज पुलिस किला रोड स्थित पुराने पेट्रोल पंप के पास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कुरावली रोड की ओर से बिना नंबर प्लेट की ग्रे रंग की टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रुकने का संकेत दिया, लेकिन वह रुकने के बजाय तेज गति से भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।जसरथपुर तिराहे से अकबरपुर कोट रोड की ओर भागते समय दाऊदगंज मोड़ पर गांव की तरफ मुड़ने के दौरान तेज गति के कारण उसकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। इसके बाद भी आरोपी ने पुलिस टीम पर दोबारा गोली चलाई। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई। पुलिस टीम ने तत्काल उसे गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने 21 अक्टूबर 2026 को उन्नाव जिला अस्पताल से नीले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल चोरी की थी। इसके अगले ही दिन 22 अक्टूबर को अपने साथियों के साथ उसी चोरी की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल कर थाना अलीगंज क्षेत्र में एक सुनार के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना के संबंध में थाना अलीगंज में मुकदमा अपराध संख्या 258/2026, धारा 309(6) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। तभी से दीपक गिरी पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की चोरी की ग्रे रंग की टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल तथा 780 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में बरामद टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल सुनार से लूट की घटना में इस्तेमाल की गई नीले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल से अलग है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार दीपक गिरी का आपराधिक इतिहास भी लंबा है। उसके विरुद्ध मऊ, आजमगढ़ और एटा समेत विभिन्न जनपदों के थानों में कुल 22 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें चोरी, लूट, धोखाधड़ी, आयुध अधिनियम, गैंगस्टर अधिनियम तथा पुलिस टीम पर हमले से संबंधित मामले शामिल हैं। आरोपी के विरुद्ध वर्ष 2016 से 2026 तक विभिन्न आपराधिक अभियोग पंजीकृत हुए हैं।

पीलीभीत की तहसील अमरिया में लेखपाल एवं कानूनगो ब प्राइवेट चेला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खुलेआम आदेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं

सुनहरा संसार क्राइम ब्यूरो चीफ आमिर मलिक की रिपोर्ट पीलीभीत



पीलीभीत की तहसील अमरिया क्षेत्र ग्राम पंचायत जगत मझरा गजरौला फॉर्म, ग्राम पंचायत तुरकुनिया नसीर में तैनात लेखपाल जोगिंदर गंगवार वर्तमान में क्षेत्र में तैनात है लेखपाल जोगिंदर गंगवार गरीब कास्तकारो का वक्त पर कार्य नहीं करता है जोगिंदर गंगवार लेखपाल को आय जाति एवं घरौनियों खेतों के अंश पर पैसे लेकर कार्य करता है वर्तमान तैनात लेखपाल जोगिंदर बाबू अपने प्राइवेट चेला पवन तिवारी जो की पूरनपुर का रहने वाला है लेखपाल अपने सरकारी दस्तावेज का कार्यकाल अपने प्राइवेट चेले पवन तिवारी से करता है एक मामला ग्राम पंचायत जगत के मझरा गजरौला फॉर्म का एक कार्य सामने आया सामने आया जो कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय मुकदमा विचाराधीन चल रहा है इसमें लेखपाल जोगिंदर बाबू बा उसका प्राइवेट चेला पवन तिवारी वर्तमान कानूनगो ने विपक्ष पार्टी से सौदा करके कब्जा दिलाने की बात की थी जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायन निर्णय अवमानना प्रयागराज उच्च न्यायालय में गजरौला फॉर्म भूवन विक्रम सिंह बनाम झिभुवन सिंह आवेदक गण बनाम उच्च न्यायालय में आवेदन सिविल संख्या 7181 वर्ष 2026 उच्च न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें क्षेत्र लेखपाल जोगिंदर गंगवार वर्तमान कानूनगो विपक्ष पार्टी से मोटा पैसा लेकर जमीन पर कब्जा करवाया जा रहा था जिसमें द्वितीय पार्टी ने राजस्वरिया परिषद प्रयागराज का आदेश दिखाया गया तो कार्य रोका गया ग्राम पंचायत जगत मे रेगिस्तान की भूमि काफी टाइम से कुछ दबंगों के कब्जे में थी जिसमें उपजिलाधिकारी अमरिया ने कुछ दबंग लोगों से सरकारी जमीन निकाली गई जिसमें रेगिस्तान की भूमि काफी है अमरिया उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार चौधरी जो की ₹१ के घोटाले में सस्पेंड किए गए व पूर्व तहसीलदार बगैर बैठक प्रस्ताव ग्राम पंचायत जगत में नहीं किया गया जिसमें ग्राम प्रधान जगत प्रधान पति छोटा बख्स ने पूर्व उच्च अधिकारियों से मिलकर फर्जी खतौनी तैयार कराई गई जिसमें सस्पेंड उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार चौधरी पूर्व तहसीलदार को मोटा पैसा देकर 19 पट्टे किस सूची बनवाई गई जिसमें पूर्व तहसीलदार ने एक फर्जी टीम गठित की जिसमें कानूनगो महेंद्र कुमार सिंह लेखपाल जोगिंदर गंगवार ब चकबंदी विभाग लेखपाल क्षेत्रीय लेखपाल जोगिंदर बाबू का प्राइवेट चेला पवन तिवारी टीम में गठित किया गया यह पूरी टीम सरकारी ग्राम समाज की भूमि पर लोगों से मोटा पैसा लेकर पट्टे सवा 3 बीघा पट्टे कटे गए वर्तमान उपजिलाधिकारी मांधाता प्रताप सिंह के संज्ञान में नहीं डाली गई जिसमें पूर्व उपजिलाअधिकारी हेमंत कुमार चौधरी, पूर्व तहसीलदार के आदेश पर पट्टे नापे जा रहे थे यह जानकारी वर्तमान उप जिलाधिकारी मांधाता प्रताप सिंह जी के संज्ञान में आई उन्होंने तत्काल पट्टों की नपत बंद कराई गई उपजिलाधिकारी ने पूछा कि आप किसके आदेश पर नापत कर रहे हो इस नपत को तत्काल बंद कराया गया अमरिया तहसील कानूनगो ब क्षेत्रीय लेखपाल चकबंदी लेखपाल क्षेत्रीय लेखपाल का प्राइवेट चेला बगैर मेंबरों बैठक नहीं कराई सरकारी भूमि का दुरुपयोग कर रहे थे जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश हरियाली पट्टे 5 वर्ष के लिए आदेश किया गया है जिसमें हरियाली पेड़ लगाए जाएं ग्राम पंचायत जगत में लेखपाल जोगिंदर गंगवार, कानूनगो महेंद्र कुमार, चकबंदी लेखपाल, लेखपाल का प्राइवेट चेला 99 साल के पट्टे अपने ही आदेश पर काट रहे हैं तुरंत साथ में गेहूं पट्टों में साथ के साथ गेहूं की बुवाई ट्रैक्टर से कि जा रही है ग्राम प्रधान नजमापति छोटा बक्श से जानकारी ली गई

ठंड और घने कोहरे के बीच 30वां सप्ताह, घाट पर पहुंचकर स्वयंसेवकों ने चलाया सफाई अभियान

करन राठौर पत्रकार सुनहरा संसार ब्लॉक मोहम्मदी



मोहम्मदी गोमती नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के संकल्प के साथ गोमती श्रमदान मूवमेंट का 30वां सप्ताह रविवार सुबह 7 बजे गोमती अमरी घाट पर आयोजित किया गया। सुबह ठंड और घना कोहरा छाया होने के बावजूद आंदोलन से जुड़े सभी साथी अपने संकल्प को निभाने के लिए घाट पर पहुंचे। इस दौरान घाट पर किन्हीं अराजक तत्वों द्वारा तीनों पूजा पात्रों में आग लगा दी गई थी। स्वयंसेवकों ने इस स्थिति को देखते हुए सफाई अभियान चलाया और पूरे परिसर की साफ-सफाई कर कचरे एवं जले हुए अवशेषों को हटाया।लगातार 30 सप्ताह से चल रहा यह श्रमदान अभियान इस बात का प्रतीक है कि मौसम कैसा भी हो, प्रकृति और मां गोमती की सेवा का संकल्प कमजोर नहीं पड़ना चाहिए गोमती श्रमदान मूवमेंट का संदेश: नदी हमारी आस्था है, इसकी स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है अभियान में अश्वनी सिंह राजपूत, शिबू शुक्ला, धर्म सिंह,प्रतुल्ल गुप्ता, राजकरन सिंह, अमित कुशवाहा, रोहित कश्यप, जसवंत सिंह, अनुभव गुप्ता, सरवन गुप्ता, गोपाल तिवारी, विवेक कुमार, ओम बाजपई, सचिन श्रीवास्तव, शेखर राठौर, बलराम रस्तोगी , स्वास्तिक गुप्ता ,मंथन मौजूद रहे

जनजातीय गौरव दिवस पर राजभवन में युवराज दत्त महाविद्यालय की थारू जनजाति की छात्राओं ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी



लखीमपुर खीरी। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आज राजभवन, लखनऊ में आयोजित विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी की थारू जनजाति की छात्राओं ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। छात्राओं ने अपनी पारंपरिक लोक संस्कृति, लोकनृत्य एवं जनजातीय विरासत का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल, डॉ. सुधीर महादेव बोबडे उपस्थिति रहे।उन्होंने युवराज दत्त महाविद्यालय की थारू जनजाति की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की अत्यधिक प्रशंसा की। उन्होंने छात्राओं की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को जन भवन (राजभवन) का भ्रमण भी कराया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने राजभवन की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को जानने और समझने का अवसर प्राप्त किया। यह भ्रमण उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं यादगार अनुभव रहा। इस गौरवपूर्ण अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलसचिव, डॉ भावना मिश्रा,महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) हेमन्त पाल तथा महाविद्यालय जनजाति प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रोफेसर ज्योति पंत उपस्थित रहीं। प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) हेमन्त पाल ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस हमारी जनजातीय परंपराओं, संस्कृति, अस्मिता एवं गौरवशाली विरासत को सम्मान देने का महत्वपूर्ण अवसर है। महाविद्यालय की थारू जनजाति की छात्राओं द्वारा राजभवन जैसे प्रतिष्ठित मंच पर अपनी संस्कृति का

लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर खीरी में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ भव्य वार्षिकोत्सव स्पार्क 2026

शीरी जैदी सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो



लखीमपुर खीरी। लखनऊ पब्लिक स्कूल की लखीमपुर खीरी शाखा में वार्षिकोत्सव स्पार्क 2026 बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विजय सचदेवा ने सभी अतिथियों का स्वागत पौधे (सैपलिंग) भेंट कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ सीनियर विंग के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक माँ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं शानदार मंचीय प्रदर्शन से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अनेक आकर्षक प्रस्तुतियाँ देखने को मिलीं। इनमें महान धावक मिल्खा सिंह के प्रेरणादायक जीवन पर आधारित द फ्लाइंग मिल्खा, नन्हे-मुन्ने बच्चों की कल्पनाओं एवं सपनों को साकार करता वेलकम टू द वर्ल्ड ऑफ ड्रीम्स, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता स्पीड ऑफ जंगल, लय एवं ताल का अद्भुत संगम ह्यड्रिल स्पेक्टेकल्स भारत-रूस की मित्रता एवं सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता ट्रेनेशन विजन, कल्कि अवतार एवं बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता कलयुग, मधुर गीतों से सजी ह्यसिंगिंग स्पेक्ट्रमह्ल, मानवीय भावनाओं एवं विविध रंगों को प्रस्तुत करता ह्यशेड्स ऑफ ह्यूमैनिटीह्ल तथा विभिन्न नृत्य शैलियों का अनूठा संगम ह्यस्विच डाइमेंशनह्ल विशेष आकर्षण रहे। सभी प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। समारोह के दौरान आई.सी.एस.ई. परीक्षा 2026 में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 41 मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं सैपलिंग भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही, उनके अभिभावकों को शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह में विशेष अतिथि के रूप में श्री वी. विक्रमन, डी.आई.जी., सशस्त्र सीमा बल एवं श्री उत्कर्ष वर्मा, सांसद, खीरी उपस्थित रहे। अन्य गणमान्य अतिथियों में श्रीमती कांति सिंह, वर्तमान एम.एल.सी., लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस के फाउंडर चेयरमैन एवं सांसद डॉ. एस.पी. सिंह पटेल; समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष श्री अनुराग पटेल एवं कार्यकर्ता श्री हिमांशु पटेल, जूलियन डे स्कूल की एम.डी. श्रीमती प्रेरणा वर्मा पितारिया, एल.पी.एस.,हरदोई प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता वर्मा, विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राएं क्रमशः आई.ए.एस. अधिकारी श्री सचिन वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी निधि वर्मा तथा ब्रांच मैनेजर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया श्री आदर्श मोहन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने अपनी प्रतिभा एवं उत्कृष्ट मंचीय प्रदर्शन से समारोह को यादगार बनाने वाले सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा सम्मानित मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस के फाउंडर चेयरमैन एवं सांसद डॉ. एस.पी. सिंह पटेल ने विद्यालय संस्था की निरंतर प्रगति, शैक्षिक विस्तार एवं दूरदर्शी सोच की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में आयोजित शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं।

पढ़ुआ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी

लखीमपुर खीरी। जनपद पढ़ुआ थाना में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पढ़ुआ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने दो अलग-अलग मुकदमों में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मोहित पुंडीर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई को पुलिस की सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक खीरी एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी निघासन के निकट पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में: 1\. परवीन पुत्र राजाराम, निवासी ग्राम बैरिया, थाना पढ़ुआ, जनपद खीरी, उम्र करीब 30 वर्ष। इनके विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 607/2026, धारा 74 बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। 2\. विजय कुमार पुत्र स्वर्गीय टेंढे, निवासी ग्राम पचासा, मजरा सुजानपुर, थाना पढ़ुआ, जनपद खीरी, उम्र करीब 22 वर्ष। इनके विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 290/2026, धारा 87/137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने दोनों वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया की। उपनिरीक्षक ब्रह्मानंद यादव कांस्टेबल यशपाल कांस्टेबल चन्द्रमोहन त्यागी थाना प्रभारी मोहित पुंडीर के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से थाना पढ़ुआ पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध अपनी सक्रियता दिखाई है।

श्री धमार्दा समिति गौशाला में हुआ संत सम्मेलन



सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर की श्री धमार्दा समिति गौशाला में संत सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला प्रचारक आकाश ने कहा कि संतों का आशीर्वाद जिस व्यक्ति को प्राप्त हो जाता है, उसके जीवन की कठिनाइयां दूर होने लगती हैं। संतों का मार्गदर्शन और आशीर्वाद व्यक्ति को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार ने कहा कि गौ माता की सेवा करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। गौ सेवा हमारी संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है। सभी को गौ सेवा के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सम्मेलन में पधारे सभी संतों का अंगवस्त्र एवं दक्षिणा भेंट कर सम्मान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, संतों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रवीणदास महाराज, कन्हैया लाल शुक्ला, सुरेश शुक्ला संदेश, शिव महेश सिंह, नितिन रस्तोगी, कमला देवी, दिनेश मिश्रा, महंत आदित्येश्वरानंद, रामसेवक दीक्षित, सनन्त कुमार मिश्रा, संतोष मिश्रा, रानी शर्मा, श्याम किशोर मिश्रा, राम शंकर वर्मा, संतोष पाठक, मुनेंद्र शुक्ला, चंद्र कुमार त्रिपाठी, विश्वंभर दयाल दीक्षित, दंडी स्वामी केशव सहित विभिन्न मंदिरों के पुजारी एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। दिनांक 16 नवम्बर को श्री धमार्दा समिति गौशाला में गौ स्नान 9 बजे होगा

भाजपा नेता विपिन मिश्रा के आवास पर पहुंचे एमएलसी विजय बहादुर पाठक, संगठन को लेकर हुई मंत्रणा



सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र

गोला गोकर्णनाथ खीरी। रविवार को गोला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन मिश्रा के स्थानीय कार्यालय एवं आवास 'अटल भवन' पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजपा के लखीमपुर जिला प्रभारी एवं विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) विजय बहादुर पाठक मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष एवं गोला विधानसभा के संगठन प्रभारी जितेंद्र साहनी, लखीमपुर नगर अध्यक्ष देवदत्त चड्ढा तथा गोला नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार भी विशेष रूप से शामिल हुए। आवास पर पहुंचे सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं अतिथियों का भाजपा नेता विपिन मिश्रा ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण और संगठन की मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें विपिन मिश्रा ने वरिष्ठ नेतृत्व से मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस मौके पर राजेश शुक्ला, पूर्व ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह ,पिंकल मिश्र,नवीन श्रीवास्तव, सुधीर गुप्ता,बलवंत सिंह ,राजेश प्रजापति, सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत 13 एमडी से सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती वीरपाल कौर को चुनाव चिन्ह केतली आवंटित किया



महेन्द्र पाल मेघवाल

ग्राम पंचायत 13 एमडी से सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती वीरपाल कौर को चुनाव चिन्ह केतली आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह मिलते ही उनके समर्थकों और कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है, और पूरे पंचायत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को और तेज कर दिया गया है। घर-घर पहुंच रहा संदेशः चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही श्रीमती वीरपाल कौर और उनकी टीम ने पंचायत के प्रत्येक चक, गांव और ढाणी में मतदाताओं तक 'केतली के निशान का संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है। सर्वसमाज व मातृशक्ति का समर्थनः श्रीमती वीरपाल कौर की मिलनसार छवि, साफ-सुथरे व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें सर्वसमाज के बुजुर्गों, युवाओं और विशेषकर महिलाओं (मातृशक्ति) का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती वीरपाल कौर ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वे चुनावी मैदान में उतरी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में निष्पक्षता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंचायत की देवतुल्य जनता से आगामी मतदान के दिन चुनाव चिन्ह केतली के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है

हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेलते 04 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



सुनहरा संसार क्राइम ब्यूरो बांदा

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिसंडा पुलिस द्वारा हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की जानकारी के अनुसार दिनांक 14/15 नवंबर 2026 की रात्रि को थाना बिसंडा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि तवेदार का पुरवा मजरा ओरन पुलिया के पास कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा दबिश देकर मौके से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से मालफड़ के 15,230 रुपए तथा जामा तलाशी के 5920 रूपए व 52 ताश के पत्ते बरामद हुए है। वहीं रामू पुत्र रामनारायण निवासी बिसण्डी रोड कस्बा ओरन थाना बिसण्डा जनपद बांदा, अशोक पुत्र टिंकू निवासी बिसण्डी रोड कस्बा ओरन थाना बिसण्डा जनपद बांदा, छत्रपाल पुत्र रामबहोरी निवासी बिसण्डी रोड कस्बा ओरन थाना बिसण्डा जनपद बांदा, राजाबाबू उर्फ राजा पुत्र मइयादीन निवासी बिसण्डी रोड कस्बा ओरन थाना बिसण्डा जनपद बांदा को गिरफ्तार किया गया है। संबंधित पर मु0अं0सं0 496/2026 धारा 13 जुआ अधि0 थाना बिसंडा जनपद बांदा में अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष बिसंडा चन्द्रप्रकाश तिवारी, उ0नि0 बुद्धिसागर चौकी प्रभारी ओरन, कां0 सौरभ शास्त्री, कां0 रितिक राय, कां0 आदर्श सिंह, कां0 अरुण गुप्ता मौजूद रहे।

पेट्रोल पम्प से पेट्रोल की चोरी की घटना का किया सफल अनावरण, एक अभियुक्त गिरफ्तार



सुनहरा संसार क्राइम ब्यूरो बांदा

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार दिनांक 15 नवंबर 2026 को थाना बिसंडा पुलिस द्वारा पेट्रोल पंम्प से पेट्रोल की चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के कब्जे से तीन पिपिया (हरा, नीला एवं हल्का हरा रंग) में कुल 70 लीटर चोरी किया गया पेट्रोल व एक सफेद रंग की खाली पिपिया व घटना में प्रयुक्त चारपहिया वाहन बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक कस्बा ओरन के रहने वाले हिमांशु द्वारा दिनांक 14/15.11.2026 की रात्रि को थाना बिसंडा पर सूचना दी की उनके कस्बा ओरन स्थित बिसंडा रोड पर एचपीसीएल (माँ त्रिलोचनी फिलिंग स्टेशन) पेट्रोल पंप से अज्ञात चोर द्वारा दिनांक 24.09.2026 व 06.11.2026 को पेट्रोल पंप की मशीन स्वयं संचालित कर पेट्रोल चोरी कर लिया गया था। सूचना पर तत्काल थाना बिसंडा पर अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के अनावरण एवं अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन अवलोकन एवं विश्लेषण किया गया। इसी क्रम में रविवार दिनांक 15.11.2026 थाना बिसंडा पुलिस गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग में मामूर थी । इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि पेट्रोल चोरी की घटना में संलिप्त व्यक्ति अपनी चारपहिया गाड़ी से सिंहपुर की तरफ से ओरन आ रहा है । सूचना पर अभियुक्त को पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान सिंहपुर रोड विशाल पुरवा मोड़ कस्बा ओरन से गिरफ्तार किया गया । कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह पेट्रोल पंप में लगी मशीन को संचालित करना जानता है तथा उसके द्वारा कस्बा ओरन स्थित पेट्रोल पंप से कुछ दिन पूर्व दो बार पेट्रोल चोरी किया गया था । अभियुक्त के कब्जे 03 अदद प्लास्टिक की पिपियों (हरा, नीला एवं हल्का हरा रंग) में कुल लगभग 70 लीटर पेट्रोल तथा 01 अदद खाली सफेद रंग की प्लास्टिक पिपिया बरामद की गई है । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है । इस दौरान श्यामराज पुत्र शिरोमन निवासी बारामाफी थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार कर लिया गया। संबंधित पर मु0अ0सं0 497/26 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना बिसंडा जनपद बांदा में अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में चन्द्रप्रकाश तिवारी थानाध्यक्ष बिसंडा, उ0नि0 बुद्धिसागर चौकी प्रभारी ओरन, कां0 सौरभ शास्त्री, कां0 आदर्श सिंह।

कॉपोरेट चैलेंजर ट्रॉफी में BHEL और रेलवे-11 का दबदबा, अलग-अलग मुकाबलों में दर्ज की जीत

एएच सिद्दीकी



झांसी। कॉपोरेट चैलेंजर ट्रॉफी सीजन-4 के अंतर्गत खेले गए मुकाबलों में BHEL झांसी और रेलवे-11 की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में BHEL ने झांसी टीचर्स वॉरियर्स को 6 विकेट से पराजित किया, जबकि दूसरे मुकाबले में रेलवे-11 ने BHEL को 49 रनों से शिकस्त दी। पहले मुकाबले में टॉस के बाद बल्लेबाजी करते हुए झांसी टीचर्स वॉरियर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 161 रन बनाए। टीम की ओर से राहुल गुप्ता ने 50 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। रवि कुशवाहा ने 39, डॉ. देवेंद्र यादव ने 27 और प्रभात यादव ने 14 रन बनाए। BHEL की ओर से अनिल पाल ने 2 विकेट, जबकि जितेंद्र कुमार और देवेंद्र निरंजन ने एक-एक विकेट हासिल किया। 162 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी BHEL की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 17.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 165 रन बना लिए। टीम की ओर से जैद अली ने 65 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि विवेक तिवारी ने 46 और विजय गुप्ता ने 24 रन बनाए। झांसी टीचर्स वॉरियर्स की ओर से शीलेंद्र यादव ने 2 तथा राहुल गुप्ता और केतन कुशवाह ने एक-एक विकेट लिया। शानदार बल्लेबाजी के लिए जैद अली को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मुकाबले में रेलवे-11 ने BHEL को 49 रनों से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रेलवे-11 ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 120 रन बनाए। टीम की ओर से सूरज यादव ने 29, निखिल कोटे ने 27 और अविनाश ने 16 रनों का योगदान दिया। BHEL की ओर से अभिषेक गुप्ता ने 3 विकेट झटके, जबकि अनिल पाल और जैद अली ने 2-2 तथा जितेंद्र कुमार और देवेंद्र निरंजन ने एक-एक विकेट हासिल किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी BHEL की टीम रेलवे-11 की सधी हुई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 15 ओवर में 71 रन पर ऑलआउट हो गई। BHEL की ओर से विवेक तिवारी ने 18, विकास नंदवाल ने 14 और अभिषेक गुप्ता ने 13 रन बनाए। रेलवे-11 की ओर से मनोज रायकवार, सचिन और हिम्मत सिंह ने 3-3 विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी, जबकि अकील ने एक विकेट हासिल किया।

एचआईवी पॉजिटिव गर्भवती महिलाओं को घर-घर पहुंचकर दे रही परामर्श, गोपनीयता का रखा जा रहा विशेष ध्यान



सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा

एस.डी.सेवा संस्थान की ओर से एचआईवी पॉजिटिव गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षित मातृत्व को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। संस्थान की सचिव प्रीती साहू द्वारा जरूरतमंद महिलाओं के घर पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से गोपनीय काउंसलिंग की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को सही स्वास्थ्य जानकारी उपलब्ध कराने के साथ मां और होने वाले शिशु को एचआईवी संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक करना है। काउंसलिंग के दौरान महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, चिकित्सकों की सलाह के अनुसार एंटीरेट्रोवाइरल (एआरटी) दवाओं का नियमित सेवन करने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने तथा सुरक्षित प्रसव के महत्व की जानकारी दी जा रही है।साथ ही नवजात शिशु को संक्रमण से बचाने के लिए प्रसव के बाद आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल, जांच और स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करने के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। संस्थान की सचिव प्रीती साहू ने बताया कि एचआईवी संक्रमण को लेकर सामाजिक भ्रांतियों और भेदभाव के कारण कई महिलाएं अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं खुलकर साझा नहीं कर पातीं। ऐसे में घर पहुंचकर व्यक्तिगत काउंसलिंग करने से उन्हें सहज वातावरण में अपनी बात रखने और जरूरी जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलता है।उन्होंने बताया कि महिलाओं की पहचान,स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और व्यक्तिगत परिस्थितियों को पूरी तरह गोपनीय रखा जाता है। संस्थान का उद्देश्य है कि एचआईवी पॉजिटिव गर्भवती महिलाओं को समय पर उपचार और उचित परामर्श मिल सके,ताकि वे स्वस्थ जीवन जी सकें और शिशु को संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए सभी आवश्यक सावधानियां अपना सकें।

भव्य आयोजन के बीच छठ पूजा घाट का उद्घाटन, दंडवत प्रणाम करते हुए घाट पहुंचे चेयरमैन रवि वर्मा

सुनहरा संसार, मसरूर अली



पचपेड़वा (बलरामपुर) लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर पचपेड़वा स्थित छठ पूजा घाट का भव्य उद्घाटन देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नाथ योगी ने विधिवत रूप से किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह (शैलू सिंह) भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।छठ महापर्व को लेकर नगर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। आयोजन का मुख्य आकर्षण नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा की आस्था रही। चेयरमैन रवि वर्मा अपने निवास स्थान से छठ पूजा स्थल तक दंडवत प्रणाम करते हुए पहुंचे। उनके इस श्रद्धापूर्ण भाव को देखकर उपस्थित लोगों ने सराहना की। छठ पूजा स्थल पर हजारों की संख्या में महिलाओं ने अपनी-अपनी आस्था और श्रद्धा के साथ पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती की। इस दौरान महिलाओं ने छठी मैया के समक्ष झोली फैलाकर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की खुशहाली और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मन्नतें मांगीं। पूरा पूजा स्थल भक्तिमय वातावरण और छठी मैया के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा ने कहा कि नगरवासियों की आस्था और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए छठ पूजा घाट का भव्य एवं दिव्य विकास कराया गया है। हमारा प्रयास है कि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के लिए बेहतर सुविधाएं और स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में चेयरमैन बलरामपुर धीरू सिंह, ब्लॉक प्रमुख पचपेड़वा मनोज तिवारी, चेयरमैन गैसड़ी प्रिंस वर्मा, राम कृपाल शुक्ला (गुरु जी) सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

स्वगणना और जनगणना को लेकर तहसील प्रशासन ने कसी कमर, गांव-गांव चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



आगामी 16 नवंबर से शुरू होने वाली स्वगणना और जनगणना को लेकर तहसील पैलानी प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए तहसील प्रशासन की ओर से प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। इसके साथ ही तहसील क्षेत्र के गांवों में होर्डिंग लगवाने और मुनादी के जरिए भी लोगों को स्वगणना की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है।एसडीएम पैलानी भूपेंद्र सिंह ने क्षेत्र के सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे 16 नवंबर से 30 नवंबर तक चलने वाली स्वगणना प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इसके लिए निर्धारित पोर्टल २ूील्ल२४२ॅङ्म५.ल्ल पर जाकर मोबाइल के माध्यम से अपनी और अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वगणना के बाद एक दिसंबर से चार जनवरी तक घर-घर जनगणना का कार्य संचालित किया जाएगा।एसडीएम ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं और भविष्य की नीतियों के निर्धारण का महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता बेहद जरूरी है। ग्रामीण निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्वगणना में भाग लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। वहीं तहसीलदार पैलानी महेंद्र कुमार गुप्त ने बताया कि स्वगणना एवं जनगणना को सफल बनाने के लिए तहसील क्षेत्र में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास ने भक्त प्रहलाद की तपस्या, नरसिंह अवतार गिरिराज पूजन कथा का रसपान कराया

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जनपद के कमासिन में श्री रामलीला प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास अजय अवस्थी ने भक्त पहलाद की भक्ति भगवान के दर्शन सहित पिता हिरण्यकश्यप से भक्त प्रहलाद की रक्षा खम्ब से नरसिंह अवतार के रूप में प्रकट होने की कथा समुद्र मंथन से निकले 14 रत्न माता लक्ष्मी द्वारा लेकर पहुंचने भगवान के 12 अवतारों का सुंदर वर्णन करते हुए गोकुल में भगवान कृष्ण के जन्म होने का भावपूर्ण वर्णन कर श्रोता भक्तों को अमृत रूपी कथा का रसपान कराया। कथा परीक्षित ओमप्रकाश मिश्रा सपरिवार कथा पंडाल में मौजूद सभी श्रोता भक्तों को भगवान के अवतरित होने पर सारी व्यवस्था अनुकूल होने और भगवान राम का जन्म सूर्यवंश में होने द्वापर में भगवान कृष्ण का मध्य रात में अवतार होने नंद बाबा द्वारा भगवान के जन्म पर 2 लाख गौ माता को बड़े भाव से ब्राह्मणों को दान करने बधाई गीतों का भावपूर्ण गायन संगीत मंडली ने कर सभी श्रोता भक्तों में कृष्ण भक्ति की रस गंगा में डुबाया। कंस द्वारा कृष्ण के गोकुल में पैदा होने की खबरयोग माया की आकाश वाणी से पा कर पूतना को गोकुल भगवान कृष्ण को मारने की कथा का भी वर्णन श्रोता भक्तों को कराते हुए गिरिराज पूजन 56 भोग की कथा वृतांत का विस्तार से वर्णन कर सभी श्रोता भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में भागवत भगवान की आरती के साथ प्रसाद वितरण के साथ कथा विश्राम हुई। कथा पंडाल में कस्बा कमासिन के श्रद्धावान पुरुष माताये व नवयुवकों ने बड़े भाव से कथा श्रवण किया।

बाँदा रोटी बैंक सोसायटी ने जरूरतमंदों को किया वस्त्र वितरण और उपयोगी सामग्री

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी ने मानवता और सेवा का अनुपम संदेश देते हुए ग्राम कहला में एक वृहद सेवा अभियान आयोजित किया। इस दौरान लगभग 350 जरूरतमंद ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों को कपड़े, साड़ी, किताबें, खिलौने, पर्स, जूते-चप्पल, बैग सहित दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री वितरित की गई। रोटी बैंक सोसाइटी हर रविवार विगत 08 वर्षों से जरूरतममंदों की मदद करती चली आ रही है। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि सच्ची सेवा केवल रिश्तों तक सीमित नहीं होती, बल्कि जरूरत के समय किसी का हाथ थामना ही सेवा का सबसे सुंदर रूप है। कार्यक्रम का आयोजन बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा एवं सह संरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण में, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता तथा मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। ग्राम प्रधान ग्राम माधोपुर जगदीश पाल के निर्देशन में ग्राम माधोपुर थाना गिरवा ब्लॉक महुआ, तहसील नरैनी जनपद बाँदा में यह सेवा अभियान साफ लाताापूर्वक आयोजित किया गया। बाँदा शहर के जागरूक एवं सामाजिक सरोकार रखने वाले नागरिकों द्वारा दान स्वरूप उपलब्ध कराए गए वस्त्र एवं अन्य उपयोगी सामग्री जरूरतमंद परिवारों तक पहुँचाई गई। वितरण के साथ-साथ संगठन के शाखा प्रमुख खाईपार इरफान खान ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, यातायात नियमों तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया। कार्यक्रम के अंत में सोसाइटी के उप शाखा प्रमुख मर्दन नाका निहाल खान ने सभी दानदाताओं, सहयोगियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा का वास्तविक अर्थ समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों के साथ खड़े होकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाना है। कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री पाकर ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। उन्होंने बाँदा रोटी बैंक की पूरी टीम को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा। इस अवसर पर अध्यक्ष रिजवान अली,उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम,शाखा प्रमुख खाईपार इरफान खान, शाखा प्रमुख खाईपार जगदीश श्रीवास, उप शाखा प्रमुख मर्दन नाका निहाल खान, सदस्य मोहम्मद यूनुस संस्था के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं समाजसेवी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

छठ पूजा पर महिलाओं ने अस्ताचल शुरू भगवान को अर्घ अर्पित किया

बबली सुनहरा संसार मोहम्मदी संवाददाता

महदापुर क्षेत्र के कंधरापुर सैदापुर हजरतपुर जैती फिरोजपुर भीम नगर के गांव में छठ पर्व पर महिलाओं ने पहले दिन का अनुष्ठान पूर्ण करते हुए अस्ताचल सूर्य भगवान को अर्घ देकर छठ माई से आशीर्वाद मांगा है। आयोजन के लेकर प्रशासन की भारी तैयारी के बीच महिलाओं ने छठ माई के पहले दिन के अनुष्ठान को पूर्ण करते हुए सूर्य भगवान को अर्घ देकर मनोकामना पूर्ण करने के लिए छठ माई से वरदान मांगा है। गांव कंधरापुर, सैदापुर, भीम नगर, फिरोजपुर, और जैती गांव में बड़ी संख्या मेंअनुयायियों गोमती गोमती नदी किनारे अमरी घाट समेत कई घाटों पर पूजा अर्चना की है। महिलाओं ने बुंदेलखंड के गीतों को ढोलक की ध्वनि पर गाकर वातावरण भक्तिमय कर दिया है। वहीं तमाम समाजसेवियों द्वारा जलपान को लेकर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं के परिजनों ने प्रसाद ग्रहण किया है।

ग्राम पंचायत 1 जीडी से सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती माहेश्वरी देवी को चुनाव चिन्ह 'स्लेट' (सलेटी) आवंटित किया

महेन्द्र पाल मेघवाल



ग्राम पंचायत 1 जीडी से सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती माहेश्वरी देवी को चुनाव चिन्ह 'स्लेट' (सलेटी) आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह मिलते ही उनके समर्थकों और कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है, और पूरे पंचायत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को और तेज कर दिया गया है। घर-घर पहुंच रहा संदेशः चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही श्रीमती माहेश्वरी देवी और उनकी टीम ने पंचायत के प्रत्येक चक, गांव और ढाणी में मतदाताओं तक 'स्लेट' के निशान का संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है। सर्वसमाज व मातृशक्ति का समर्थनः श्रीमती माहेश्वरी देवी की मिलनसार छवि, साफ-सुथरे व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें सर्वसमाज के बुजुर्गों, युवाओं और विशेषकर महिलाओं (मातृशक्ति) का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती माहेश्वरी देवी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वे चुनावी मैदान में उतरी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में निष्पक्षता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंचायत की देवतुल्य जनता से आगामी मतदान के दिन चुनाव चिन्ह 'स्लेट' (सलेटी) के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है

ग्राम पंचायत 6एच से सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती सरोज कुमारी धर्म पत्नी रोहिताश पंवार को चुनाव चिन्ह जुराब आवंटित किया

महेन्द्र पाल मेघवाल



ग्राम पंचायत 6एच से सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती सरोज कुमारी धर्म पत्नी रोहिताश पंवार को चुनाव चिन्ह जुराब आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह मिलते ही उनके समर्थकों और कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है, और पूरे पंचायत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को और तेज कर दिया गया है। घर-घर पहुंच रहा संदेशः चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही श्रीमती सरोज कुमारी और उनकी टीम ने पंचायत के प्रत्येक चक, गांव और ढाणी में मतदाताओं तक 'जुराब के निशान का संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है। सर्वसमाज व मातृशक्ति का समर्थनः श्रीमती सरोज कुमारी की मिलनसार छवि, साफ-सुथरे व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें सर्वसमाज के बुजुर्गों, युवाओं और विशेषकर महिलाओं (मातृशक्ति) का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। सरपंच पद की प्रत्याशी श्रीमती सरोज कुमारी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वे चुनावी मैदान में उतरी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में निष्पक्षता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पंचायत की देवतुल्य जनता से आगामी मतदान के दिन चुनाव चिन्ह जुराब के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है

लोकनृत्य दिवारी विलुप्त होने की कगार पर, बुंदेलखंड लोकनृत्य दिवारी को सरकारी संरक्षण की आवश्यकता - समाजसेवी सुमित शुक्ला

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा

दीपावली के पावन पर्व के आस पास दिवारी लोकनृत्य का आयोजन बहुतायत में होता है यह एक ऐसा नृत्य है जो बुंदेलियों की वीरता पराक्रम सहनशीलता जैसे गुणों को प्रदर्शित करता है इस दौरान नृत्य के साथ साथ कलाकार अन्य बहुत से करतब दिखाते हैं। दुर्भाग्यवश इस लोकनृत्य को संजोने का प्रयास नहीं किया जा रहा जिसकी वजह से निरन्तर इसकी गति में कमी आ रही है स्थानीय रूप से कलाकारों को सम्मान जरूर मिलता है परन्तु यह पर्याप्त नहीं है जबकि इस लोकनृत्य को शासन स्तर पर संरक्षण प्रदान करते हुए बालक बालिकाओं के शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाया जा सकता है। आवश्यक व्यायाम की पूर्ति के साथ ही महिलाओं को इससे जोड़कर किसी भी विषम परिस्थिति में आत्मरक्षा के लिए तैयार किया जा सकता है। समाजसेवी सुमित शुक्ला ने बताया कि दिवारी बुंदेलखंड का एक सुप्रसिद्ध लोकनृत्य है जो वर्तमान में सरकारी संरक्षण प्राप्त ना होने की वजह से इस क्षेत्र के बाहर नहीं निकल पाया है जबकि अगर इससे मिलने वाले लाभ को देखा जाये तो यह खेल व्यायाम और नृत्य तीनों में शामिल होकर मनोरंजन के साथ ही आत्मरक्षा निरोगी और पहचान दिलाने में सहायक है।

